CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :35°C
न्यूनतम: 24°C

हल्द्वानी, रविवार 28 सितम्बर 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 33 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आश्विन शुक्ल पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 | 5 रबी उल सानी 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



सुप्रीम कोर्ट से हिमालय को आपदाओं से बचाने की अपील पेज 2



भारतीय तीरंदाज शीतल देवी बनीं पैरा विश्व तीरंदाजी चैंपियन खेल टाइम्स



पाकिस्तान पीएम के यूएन में बयान बेतुके: भारत पेज 11




अरशद वारसी की 'भागवत' जल्द होगी रिलीज बॉलीवुड

# तमिलनाडु: एक्टर विजय की रैली में भगदड़, 29 की मौत

## मृतकों में कई बच्चे भी शामिल, 30 से ज्यादा लोग घायल, बढ़ सकती है मृतकों की संख्या

**नमक्कल।** तमिलनाडु के करूर में एक्टर विजय की रैली में भगदड़ मच गई। तमिलनाडु के स्वास्थ्य मंत्री एमए सुब्रमणियन ने बताया कि हादसे में 29 लोगों की मौत हो गई। इनमें कई बच्चे भी शामिल हैं। हादसे में 30 से ज्यादा लोग घायल हैं।

बताया जा रहा है कि मृतकों का आंकड़ा बढ़ सकता है। तमिलगा वेत्री कझगम प्रमुख और एक्टर विजय की रैली में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। भीड़ इतनी ज्यादा बढ़ गई थी कि वहां पर हालात बिगड़ने लगे। अभिनेता से नेता बने विजय लोगों को संबोधित कर रहे थे। इसी दौरान कुछ लोगों के बेहोश हो जाने से वह भाषण बीच में छोड़कर रैली से निकल गए। शनिवार को विजय की रैली में हजारों की भीड़ पहुंची थी। एक्टर विजय बस पर चढ़कर भाषण दे रहे थे, तभी भगदड़ मची। बताया जाता है कि भीड़ इतनी ज्यादा हो गई थी कि लोगों के लिए सांस लेना मुश्किल हो गया। अचानक से वहां मौजूद लोग और कार्यकर्ता बेहोश होने लगे। इसके बाद

**■ एक्टर विजय अपना भाषण बीच में छोड़कर रैली से चले गए**

अभिनेता विजय ने अपना भाषण रोक दिया और लोगों से शांति बनाए रखने की अपील करने लगे। उन्होंने अपने पार्टी कार्यकर्ताओं से अनुरोध किया कि वह जरूरतमंदों की मदद करें और उन्हें एंबुलेंस तक पहुंचाएं। भगदड़ मचते ही एक्टर विजय अपना भाषण बीच –शेष पृष्ठ दो पर



# वांगचुक का पाकिस्तान कनेक्शन: लद्दाख डीजीपी

लेह, वार्ता



**सोनम वांगचुक** पर एनएसए लगाने के बाद पुलिस अब उनके पाकिस्तान और बांग्लादेश से संबंधों की जांच करेगी। लद्दाख के डीजीपी एसडी सिंह जामवाल ने शनिवार को कहा कि हमने कुछ दिन पहले पाकिस्तान इंटेलीजेंस ऑपरेटिव (पीआईओ) के एक सदस्य को पकड़ा था। वह वांगचुक से जुड़ी जानकारी पाकिस्तान भेज रहा था।

यही नहीं वांगचुक पाकिस्तान के न्यूजपेपर डॉन के एक इवेंट कार्यक्रम में शामिल भी हुए थे। इसके अलावा वे बांग्लादेश भी जा चुके हैं। वांगचुक को शुक्रवार दोपहर पुलिस ने उनके गांव उल्याकटोपो से गिरफ्तार किया था। उन्हें एयरलिफ्ट कर राजस्थान की जोधपुर सेंट्रल जेल भेजा गया। वांगचुक पर एनएसए लगाया गया है, जिसके तहत लंबे समय तक बिना जमानत हिरासत में रखा जा सकता है। सरकार ने वांगचुक को लेह में 24 सितम्बर को हुई हिंसा का जिम्मेदार बताया था। इस हिंसा में 4 युवकों की मौत हुई थी और 80

**■ जासूस से संपर्क का दावा, पाक व बांग्लादेश दौरा भी किया, वांगचुक जोधपुर जेल में बंद, एनएसए लगाया**

लोग घायल हुए थे, जिनमें 40 पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। अब तक 60 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। लेह में तीन दिन के कर्फ्यू के बाद शनिवार दोपहर चार घंटे के लिए ढील दी गई। लेह हिंसा में प्रदर्शनकारियों ने बीजेपी ऑफिस फूंक दिया था। सीआरपीएफ की गाड़ी में आग लगा दी थी। सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक को शुक्रवार दोपहर 2:30 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस से पहले ही पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। जब वे लेह नहीं पहुंचे, तो आयोजकों को –शेष पृष्ठ दो पर

### घुसपैठ के लिए LOC पार आतंकी मौजूद: बीएसएफ

**श्रीनगर।** कश्मीर में घुसपैठ करने की फिराक में आतंकवादी नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पार लॉन्चिंग पैड पर मौजूद हैं। बीएसएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। बीएसएफ कश्मीर फ्रंटियर के महानिरीक्षक अशोक यादव ने कहा कि कुपवाड़ा, बांदीपोरा और बारामूला जिलों में उनके जिम्मेदारी वाले क्षेत्र (एओआर) के सामने स्थित लांचिंग पैड पर आतंकवादियों की मौजूदगी का पता चला है। श्री यादव ने श्रीनगर में वुलर मैराथन के लिए आयोजित एक टी-शर्ट अनावरण समारोह के बाद कहा कि आतंकवादी हमारी सीमा में घुसपैठ की फिराक में मौका तलाश रहे हैं, आतंकवादी अक्सर खराब मौसम में सीमा पार करने की कोशिश करते हैं और उनकी ये कोशिशें लगातार जारी रहती हैं।

### सेना अनंत शस्त्र एयर मिसाइल वेपन सिस्टम खरीदेगी

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना का एयर डिफेंस सिस्टम अब और मजबूत होगा। सेना ने भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) को लगभग 30 हजार करोड़ में अनंत शस्त्र सरफेस टू एयर मिसाइल वेपन सिस्टम खरीदने का टेंडर जारी किया है। इसे रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने बनाया है। पहले इसे क्विक रिएक्शन सरफेस टू एयर मिसाइल कहा जाता था। अब इसका नाम बदलकर 'अनंत शस्त्र' रखा गया है। अनंत शस्त्र की 5 से 6 रेजिमेंट खरीदी जाएंगी और इन्हें पाकिस्तान-चीन की सीमाओं पर तैनात किया जाएगा। अनंत शस्त्र की खासियत यह है कि यह चलते-फिरते भी दुश्मन के टारगेट को हिट कर सकता है।

### राहुल गांधी चार देशों की विदेश यात्रा पर हुए रवाना

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी दक्षिण अमेरिका के चार देशों की यात्रा पर रवाना हो गए हैं। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि श्री गांधी इस यात्रा के दौरान दक्षिण अमेरिका के ब्राजील कोलंबिया सहित चार देशों के राजनीतिक नेताओं, विश्वविद्यालय के छात्रों और व्यापारिक समुदाय के सदस्यों से मिलेंगे।

# उप्र में अब न नाकाबंदी और न कर्फ्यू : योगी

## कहा: बरेली में एक मौलाना भूल गया था यूपी में सरकार किसकी है

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** बरेली में शुक्रवार को हुए बवाल के बाद शनिवार को सीएम योगी ने कहा कि बरेली में एक मौलाना भूल गया कि राज्य में सत्ता किसकी है। उसे लगा कि वो जब चाहे व्यवस्था को रोक सकता है, लेकिन हमने साफ कर दिया कि न तो नाकाबंदी होगी और न ही कर्फ्यू, लेकिन हमने जो सबक सिखाया है, उससे आने वाली पीढ़ियां दंगे करने से पहले दो बार सोचेंगी। 2017 से पहले यूपी में यही चलन था, लेकिन 2017 के बाद हमने कर्फ्यू तक नहीं लगने दिया। उत्तर प्रदेश के विकास की कहानी यहीं से शुरू होती है।

सीएम ने कहा कि जो जाति के नाम पर भड़काते हैं, उन्ही के लिए हमने बुलडोजर बनाया था। पहले दंगाइयों को मुख्यमंत्री आवास में बुलाकर सम्मानित किया जाता था। दंगाइयों की आवभगत होती थी और पेशेवर अपराधी और माफियाओं के सामने सत्ता सेल्यूट करती थी। सत्ताधारी लोग उनके कुत्तों के साथ हाथ मिलाया करते थे। आपने बहुत दृश्य देखे होंगे, कैसे सत्ता का मुखिया एक माफिया के कुत्ते से हाथ मिलाकर अपने को गौरवान्वित –शेष पृष्ठ दो पर



जो जाति के नाम पर भड़काते हैं, उन्हीं के लिए हमने बुलडोजर बनाया था

हमने जो सबक सिखाया है, उससे आने वाली पीढ़ियां दंगे करने से पहले दो बार सोचेंगी

## मौलाना तौकीर रजा समेत आठ गिरफ्तार, 3000 अज्ञात पर केस

**बरेली -ब्यूरो।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बरेली में इत्तेहाद-ए-मिल्लत कौंसिल प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खान समेत आठ लोगों को बगैर अनुमति जुलूस निकालने, भड़काऊ नारेबाजी के आरोप में पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। हिंसा मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया है।

जिलाधिकारी अविनाश सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने यहां एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में बताया कि मौलाना तौकीर समेत आठ लोगों के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न

**■ एसआईटी का गठन, इंटरनेट सेवा बंद**

आपराधिक धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। सभी आठ लोगों को अदालत के आदेश पर 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजने की कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि तीन हजार अज्ञात के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है। बगैर अनुमति जुलूस निकालने, हिंसा भड़काने और भड़काऊ नारेबाजी करने के आरोप में कुल दस एफआईआर दर्ज की गई हैं, जिनमें पांच कोतवाली कैंट में, एक किला थाने पर और बारादरी में शामिल है।

## 11 साल के छात्र की सुप्रीम कोर्ट में याचिका

**नई दिल्ली।** 11 साल के जन्मेश सागर ने सीएम श्री स्कूलों में एंट्रेंस एग्जाम के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

स्टूडेंट का कहना है कि सीएम श्री स्कूलों में कक्षा 6, 7 और 8 में एडमिशन के लिए एंट्रेंस एग्जाम आयोजित करने की दिल्ली सरकार की नीति गलत है। अनुच्छेद 32 के तहत दायर इस रिट पिटीशन में कहा गया है कि यह एंट्रेंस टेस्ट संविधान के अनुच्छेद 21-ए (निःशुल्क और

**■ सीएम श्री स्कूलों में एंट्रेंस एग्जाम शिक्षा के अधिकार के खिलाफ**

अनिवार्य शिक्षा का अधिकार) और बच्चों के निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 (आरटीई एक्ट) की धारा 13 का उल्लंघन है। आरटीई अधिनियम की धारा 13 स्पष्ट रूप से स्कूल एडमिशन में किसी भी स्क्रीनिंग प्रोसेसर पर रोक लगाती है।

## एक लाख का इनामी जुबैर उर्फ कालिया ढेर

**रामपुर -ब्यूरो।** गोरखपुर में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र दीपक की हत्या का मुख्य आरोपी जुबैर उर्फ कालिया को उत्तर प्रदेश पुलिस की एसटीएफ ने रामपुर जिले के थानागंज क्षेत्र में एक सशस्त्र मुठभेड़ में मार गिराया।

मारे गए बदमाश की गिरफ्तारी पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित था। इस घटना में एक दरोगा और सिपाही भी घायल हुए हैं। पुलिस को चेकिंग के दौरान थानागंज के क्षेत्र चाकू चौराहे पर एक बाइक पर सवार दो युवक आते दिखाई दिए। पुलिस द्वारा

**■ चेकिंग के दौरान पुलिस की बदमाशों से हुई मुठभेड़, एक फरार**

रोकने की कोशिश करने पर उन्होंने मोटरसाइकिल मोड़कर भागने का प्रयास किया और खुद को घिरा देखकर पुलिस पर कई राउंड फायर कर दिए। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। पुलिस की गोली से एक युवक मौके पर ही गिर पड़ा, जबकि दूसरा अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। घायल को पुलिस जिला अस्पताल लेकर आई। जांच पड़ताल में पता चला कि घायल युवक बदमाश जुबैर उर्फ कालिया पुत्र फिरासत उर्फ नौरंगी है। रामपुर का मूल निवासी जुबैर उर्फ कालिया थाना गंज के क्षेत्र घेर मरदान खान का रहने वाला था और उसे पर करीब 17 मुकदमे आयद हैं। इन मुकदमों में हत्या, हत्या का प्रयास, गोकशी आदि मुकदमे शामिल हैं। पुलिस द्वारा जिला अस्पताल घायल अवस्था में ले जाने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।


# कांग्रेस अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रही: मोदी

भुवनेश्वर, वार्ता

**पीएम मोदी** शनिवार को ओडिशा के झारसुगुड़ा पहुंचे। उन्होंने जनता को करीब 38 मिनट तक संबोधित किया। इस दौरान पीएम ने आत्मनिर्भर भारत, जीएसटी बचत उत्सव, कांग्रेस शासन में भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर बात की।

पीएम ने कहा कि टेलीकॉम सेक्टर की शुरुआत हुई तो भारत पीछे रह गया था। सोशल मीडिया पर चुटकुले चलते थे। जाने क्या-क्या लिखा जाता था। अब भारत स्वदेशी 4-जी टेक्नोलॉजी वाला पांचवां देश बन गया है। मोदी ने कांग्रेस शासित राज्यों में जारी लूटतंत्र का भी जिक्र किया। पीएम ने कहा कि केंद्र सरकार ने टैक्स घटा दिया, लेकिन हिमाचल में कांग्रेस सरकार जनता तक

**कहा- हमने टैक्स घटाया, वो अब भी लूट में लगे, टू-जी का दौर भूल गए, जब चुटकुले बनते थे**



इसका लाभ नहीं पहुंचा रही है। वे अपना टैक्स लगाकर लूट में लगे हैं। अभी भी हरकत से बाज नहीं आ रहे। प्रधानमंत्री का 15 महीनों में छठा ओडिशा दौरा था। उन्होंने 60 हजार करोड़ रुपये के कई बड़े रेल, एजुकेशन और हेल्थ प्रोजेक्ट्स की शुरुआत की। साथ ही बीएसएनएल के स्वदेशी 4जी टेक्नोलॉजी की शुरुआत की। ओडिशा के झारसुगुड़ा में महिलाओं ने पीएम को स्थानीय कलाकृति भेंट की। पीएम मोदी ने झारसुगुड़ा से 60 हजार करोड़ रुपये के कई प्रोजेक्ट्स का इनॉगरेशन और शिलान्यास किया। एनडीए शासित आठ राज्यों के मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री पीएम मोदी के कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल हुए। पीएम मोदी ने वर्चुअली अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। यह ओडिशा को गुजरात से जोड़ेगी। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रही है। उनकी सरकारें आपको लूटने में जुटी हैं। मेरे पास सबूत हैं। हमने देश के लोगों को लाभ देने के लिए टैक्स कम किया, सीमेंट से भी टैक्स घटा। हमारा मकसद था लोगों को घर बनाने में कम पैसा खर्च करना पड़े। 22 सितम्बर के बाद बयानबाजी करने वालों की करतूत देखिए। हिमाचल में कांग्रेस की सरकार है, वहां वे आम जनता को सुख देना नहीं चाहते। उन्होंने अपना एक नया ही टैक्स लगा दिया। भारत सरकार की तरफ से जो फायदा दिया जा रहा था वे दीवार बनकर लूट में लगे हैं।

**Global HR Solutions**
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्ध:
• वेल्डर (3G & 4G ARC) • राज मिस्त्री
• कंस्ट्रक्शन लेबर • सिलाई टेलर
वेतन: 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़:
• रेफरेन • योग्यता प्रमाणपत्र
• सर्विस सर्टिफिकेट • वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

**मिरगी**
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं
मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।
मिरगी के लक्षण
• अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना • जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
• आंखे पथराना • मुट्ठियां कसना
• हाथ-पैर ऐंठ जाना • गर्दन टेढ़ी पड़ना
• मुंह से झाग निकलना • अचानक झटका-सा लगना
• मुंह एक तरफ हो जाना • घे-घे-औं-औं की आवाज आना

अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।
डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)
• आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
• पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
• फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
• पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली
मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826
नोट: जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

## संक्षिप्त समाचार

### पटियाला में आग में जलकर चार लोगों की मौत

**राजपुरा (पटियाला)।** पंजाब के राजपुरा शहर में शुक्रवार की रात भोगल रोड स्थित एक घर में अचानक आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि कुछ ही मिनटों में पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। इस दर्दनाक हादसे में एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में 65 वर्षीय जगदीश कुमार, उनकी पत्नी, 18 वर्षीय साला और 12 वर्षीय नाबालिग बच्चा शामिल है। हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि लोग कुछ समझ पाते, इससे पहले परिवार के चारों सदस्य जलकर मर गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि आग अचानक लगी और कुछ ही मिनटों में घर के अंदर से धुआं और लपटें उठने लगीं। पड़ोसियों ने मदद के लिए शोर मचाया, तुरंत दमकल और पुलिस को घटना की सूचना दी गई।

### लखनऊ की गलियों में हथियार लेकर घूमते दिखे संदिग्ध

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के ठाकुरगंज थाना क्षेत्र में तीन युवकों के हथियारनुमा राइफल के साथ देर रात गलियों में घूमने का वीडियो सामने आया है। बताया जा रहा है कि घटना 23 सितम्बर की रात की है, जिसका फुटेज कॉलोनी के सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गया। वीडियो सामने आते ही स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई और यह सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने लगा। न्यू हैदरगंज वार्ड की रीफा कॉलोनी में तीन युवक एके-47 जैसी दिखने वाली राइफल लेकर टॉर्च की रोशनी से घर-घर झांकते दिखाई दिए। स्थानीय ने फुटेज देखकर इसे संदिग्ध मानते हुए पुलिस को सूचना दी। इसके बाद इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं और अफवाहें फैल गईं।

### बिलों की अधिक गहराई से होगी पड़ताल

# संसद की स्थायी समितियों का बढ़ेगा कार्यकाल

**नई दिल्ली, वार्ता**

संसद की स्थायी समितियों के कार्यकाल बढ़ाने की तैयारी शुरू हो गई है। लंबे समय से मांग की जा रही थी कि समितियों का कार्यकाल को बढ़ाया जाए, ताकि काम में निरंतरता और सुधार लाया जा सके।

सांसदों की मांग के बाद सरकार संसदीय स्थायी समितियों के कार्यकाल को एक साल से बढ़ाकर दो साल करने पर विचार कर रही है। यह बदलाव खास तौर से समितियों के कामकाज में निरंतरता बनाए रखना और विधेयकों, महत्वपूर्ण मामलों को अच्छे से करने की उनकी क्षमता को मजबूत करने के लिए किया जा रहा है।

हाल में में स्थायी समितियों का गठन हर साल किया जाता है और उनका कार्यकाल 26 सितंबर को पूरा हो जाता है। कई सांसदों ने



**समितियों का गठन हर साल होता है, 26 सितम्बर को पूरा हो रहा कार्यकाल**

चिंता जताई है कि एक साल का छोटा कार्यकाल समितियों के लिए चयनित विषयों के लिए काफी नहीं है और गुणवत्तापूर्ण काम करने में रुकावट है। सांसदों का कहना है कि हर साल नए सदस्यों के आने से काम की निरंतरता टूटती है और काम प्रभावित होता है। अब सांसदों के इस अनुरोध पर सरकार विचार कर रही है और जल्द ही फैसला लिया जा सकता है। अगर समितियों के कार्यकाल दो साल कर दिया गया, तो इसके कई फायदे देखने को मिलेंगे। समितियों के पास विधेयकों, बजट और विभिन्न रिपोर्टों को ज्यादा गहराई से समझने और उनकी छानबीन करने के लिए और ज्यादा समय मिल सकेगा। सदस्यों के दो साल तक बने रहने से समितियों के काम में स्थिरता आएगी और लंबे प्रोजेक्ट बेहतर तरीके से पूरे हो सकेंगे। सदस्यों में ज्यादा समय मिलने से विभागों और विषयों की बेहतर समझ विसकसित हो सकेगी। खबरों के मुताबिक के मुताबिक कार्यकाल बढ़ने के बावजूद ज्यादातर समितियों के अध्यक्ष पद वैसे ही बने रह सकते हैं। हालांकि सरकार कुछ सांसदों की मांगों के आधार पर कुछ समितियों के सदस्यों में बदलाव कर सकती है।

### सुप्रीम कोर्ट से हिमालय को आपदाओं से बचाने की अपील की

**नई दिल्ली।** हिमालय पर आ रही प्राकृतिक आपदाओं को लेकर प्रबुद्ध नागरिकों ने उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई को पत्र लिखा है और हिमालय की नाजुक पारिस्थितिकी को तत्काल संज्ञान में लेने की अपील करते हुए आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया है, ताकि आने वाली पीढ़ियों को इसका खामियाजा न भुगतना पड़े। देश के इन प्रबुद्ध नागरिकों ने चार धाम परियोजना के तहत सड़कों के चौड़ीकरण की अनुमति देने वाली अदालत के पूर्व निर्णय की समीक्षा की मांग की है। प्रबुद्ध नागरिकों ने हाल ही में उच्चतम न्यायालय के हिमाचल प्रदेश में 'अस्तित्वगत के संकट' की बात स्वीकार करने का जिक्र करते हुए कहा कि इसी तरह की स्थिति से पूरे पश्चिमी हिमालय, विशेषकर जम्मू-कश्मीर में भी गंभीर संकट पैदा हो गया है। यदि समय रहते सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए, तो पूरे देश को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा उच्चतम न्यायालय को पत्र लिखकर यह अनुरोध पूर्व केंद्रीय मंत्री मुरली मनोहर जोशी, संघ विचारक के एन. गोविंदाचार्य, पूर्व सांसद डा. कर्ण सिंह, प्रसिद्ध लेखक रामचंद्र गुहा, सांसद कुंवर रेवतीरमण सिंह और रंजीता रंजन, इतिहासकार शेखर पाठक, पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा सहित 59 राजनेताओं, पर्यावरणविंदों, भूवैज्ञानिकों, वन क्षेत्र के विशेषज्ञों ने किया है। पत्र में उच्चतम न्यायालय की उस चेतावनी का भी जिक्र है, जिसमें कहा गया है कि हिमाचल में पर्यावरण का जो संकट है यदि उस पर ध्यान नहीं दिया गया, तो हिमाचल देश के नक्शे से गायब हो जाएगा।

# अलीगढ़ में बाइक शोरूम मालिक के बेटे की हत्या

**अलीगढ़।** यूपी के अलीगढ़ में शुक्रवार रात थाना रोरावर क्षेत्र में देर रात बाइक सवार बदमाशों ने बाइक शो रूम के मालिक के बेटे अभिषेक गुप्ता की गोली मारकर हत्या कर दी। अभिषेक की मौके पर मौत हो गई। घटना खैरेश्वर चौराहे पर हुई, उस समय अभिषेक अपने पिता और चचेरे भाई जीतू के साथ सिकंदराराव जाने के लिए बस में सवार हो रहा था।

परिजनों ने हिंदू महासभा की राष्ट्रीय सचिव महामंडलेश्वर अन्नपूर्णा भारती उर्फ डा. पूजा शकुन पांडे और राष्ट्रीय प्रवक्ता अशोक पांडे पर ब्लैकमेलिंग और पैसे के लेन-देन का आरोप लगाते हुए हत्या का आरोप लगाया है, जिस पर पुलिस ने अशोक पांडे को हिरासत में ले लिया हैऔर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार रात को अभिषेक गुप्ता अपने परिवार के साथ सिकंदराराव के लिए बस का इंतजार कर रहा था। तभी वहां दो



**पिता ने लगाया ब्लैकमेलिंग का आरोप**

बाइक सवार बदमाश पहुंचे और अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। गोली अभिषेक के मुंह पर लगी, परिवार के लोगों को भी निशाना बनाया गया, लेकिन वे बाल-बाल बच गए। मौके पर चीखपुकार मच गई। फौरन ही पुलिस को सूचना दी गई। थाना रोरावर की टीम तत्काल मौके पर पहुंची, अभिषेक को अस्पताल ले जाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी फैल गई। एसएसपी नीरज जादौन ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। क्राइम सीन पर फोरेंसिक टीम ने सुबूत जुटाए हैं।

# ग्राम पंचायतें बीएसएनएल से जोड़ीं: योगी

### बीएसएनएल 4-जी नेटवर्क व भारत नेट परियोजना का उद्घाटन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उनकी सरकार ने भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) की सेवाओं को उत्तर प्रदेश के हर ग्राम पंचायत के साथ जोड़ दिया है।

योगी शनिवार को स्वदेशी तकनीक पर आधारित बीएसएनएल 4-जी नेटवर्क और भारत नेट परियोजना के ऑनलाइन उद्घाटन के अवसर पर लखनऊ में कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उड़ीसा में एक विशेष कार्यक्रम के तहत स्वदेशी बीएसएनएल 4-जी नेटवर्क' का उद्घाटन किया, जिसमें देश भर से सभी मुख्यमंत्री और संबंधित विभाग के मंत्री और



अधिकारी ऑनलाइन मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत नेट के स्वदेशी 4-जी इंफ्रास्ट्रक्चर डिजिटल क्रांति को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। उन्होंने पीएम मोदी और बीएसएनएल परिवार को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। योगी ने बताया कि 2017 में मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्होंने हर ग्राम पंचायत को ऑप्टिकल फाइबर और नेटवर्किंग से जोड़ने का संकल्प लिया था, जो भारत नेट ने साकार किया। अब ग्राम सचिवालयों में आय, निवास, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिससे रोजगार सृजन और बैंकिंग सेवाएं ग्रामीण स्तर पर पहुंची हैं। बीसी सखियों के जरिए 100 करोड़ से अधिक का लाभांश ग्रामीणों तक पहुंचा है। बीएसएनएल के 4-जी नेटवर्क को दूर-दराज के क्षेत्रों, खासकर नक्सल प्रभावित चंदौली, सोनभद्र और चित्रकूट में क्रांति लाने वाला है। आने वाले समय में 5जी और 6जी की भी तैयारी है। उन्होंने कहा कि संप्रभु राष्ट्र के लिए स्वदेशी सेना, स्वतंत्र विदेश नीति, स्वदेशी तकनीक और भ्रष्टाचार पर नियंत्रण जरूरी है, जो नए भारत में मौजूद हैं। आज भारत की सेना को विश्व की शक्तिशाली सेनाओं में शामिल है।

# अतीक-अशरफ जैसे मुझे भी गोली मार दो

### बरेली बवाल के बाद बोले मौलाना तौकीर रजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** मौलाना तौकीर रजा ने देर रात एक वीडियो जारी किया। वीडियो में तौकीर रजा कहते दिखाई दे रहे हैं कि अतीक और अशरफ जैसे मुझे भी गोली मार दो, मोहम्मद के नाम पर मरना मुझे कबूल है। मैं नजरबंद हूं और मुझको घर से नहीं निकलने दिया जा रहा है। मौलाना ने इस पूरे घटनाक्रम को साजिश बताया। वीडियो में मौलाना ने पुलिस और प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए।

मौलाना ने कहा कि प्रशासन मुसलमानों को रसूल का नाम लेने से रोक रहा है। यह पूरा मामला एकतरफा है और मुसलमानों पर गलत आरोप लगाए जा रहे हैं। मौलाना ने कहा हमने अमन का रास्ता अपनाया। हम नमाज पढ़ते रहे, लोगों से शांति बनाए रखने की अपील करते रहे, लेकिन हमें झूठे बयानों से बदनाम किया गया। तौकीर रजा ने कहा कि मेरे नाम से फर्जी लेटरपैड पर बयान जारी कर जनता को गुमराह करने की कोशिश की गई। उन्होंने चेतावनी दी कि यह मामला जितना दबाने की कोशिश की जाएगी, उतना ही ज्यादा सामने आएगा। मौलाना ने इसे पूरी तरह से साजिश करार दिया और कहा कि मुसलमानों को बदनाम करने की योजना के तहत यह सब किया जा रहा है। मौलाना ने कहा कि दंगे के लिए मुसलमान जिम्मेदार नहीं हैं, बल्कि पुलिस-प्रशासन ने माहौल खराब किया है। मुसलमानों ने कोई पत्थरबाजी नहीं की, अगर दंगा नहीं हुआ, तो भी पुलिस-प्रशासन ने मुसलमानों पर फसाद का आरोप लगाया। असल में शांति को नुकसान पुलिस ने पहुंचाया है। मौलाना ने साफ कहा कि एकतरफा कार्रवाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि हम मोहम्मद साहब के नाम पर जान देने के लिए भी तैयार हैं, लेकिन प्रशासन का यह रवैया गलत है।

### लखनऊ की सड़कों पर लगी आई लव योगी और आई लव बुलडोजर की होर्डिंग्स

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में इन दिनों 'आई लव मोहम्मद' मामला तूल पकड़ रहा है। कई शहरों से इसको लेकर प्रदर्शन की खबरें सामने आई हैं। इसी बीच भाजपा युवा मोर्चा के नेता द्वारा राजधानी लखनऊ में कई जगह 'आई लव योगी आदित्यनाथ' और 'आई लव बुलडोजर' की होर्डिंग्स लगाई गई हैं। यह होर्डिंग्स भाजपा युवा मोर्चा, लखनऊ के महासचिव अमित त्रिपाठी की तरफ से लगाई गई हैं। इसकी तस्वीरें सामने आई, तो सूबे में राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गई। दरअसल विवाद की शुरुआत 9 सितम्बर को हुई थी, जब कानपुर में बारावफात जुलूस के दौरान सार्वजनिक मार्ग पर 'आई लव मोहम्मद' लिखे बोर्ड लगाए गए।



**सेंसेक्स** 80956.01
**निफ्टी** 24782.70



**सोना रु.** 113080
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 137467
प्रति किलो



# भारत दूसरे देशों के साथ साझा करेगा अपनी स्वदेशी 4-जी नेटवर्क प्रौद्योगिकी: सिंधिया

**नई दिल्ली, वार्ता**

दूरसंचार और पूर्वोत्तर क्षेत्र मामलों के मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने स्वदेशी 4-जी मोबाइल दूरसंचार नेटवर्क प्रौद्योगिकी के विकास को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी और साहसी नेतृत्व का सफल बताते हुए कहा है कि यह केवल तकनीकी सफलता नहीं, बल्कि भारत का 'आत्मनिर्भरता का वैश्विक उद्घोष' है और भारत इसे दूसरे देशों के साथ साझा करेगा।

मोदी ने शनिवार को ओडिशा के एक कार्यक्रम से स्वदेशी 4-जी नेटवर्क प्रौद्योगिकी पर आधारित और देश के दूरदराज के क्षेत्रों में स्थापित 90 हजार से अधिक मोबाइल टावरों का लोकार्पण किया। सिंधिया ने इस प्रौद्योगिकी पर सार्वजनिक तौर पर साझा किए गए एक लेख में लिखा है, यह प्रौद्योगिकी विकसित भारत 2047 की यात्रा में यह उपलब्धि मील का पत्थर साबित होगी। दूरसंचार मंत्री ने कहा है कि



मोदी द्वारा वर्ष 2020 में लिए गए एक साहसिक निर्णय ने देश के तकनीकी भविष्य की दिशा बदल कर रख दी। इसी निर्णय के चलते देश ने स्वदेशी 4-जीस्टैक विकसित करने का निर्णय लिया जो मोबाइल नेटवर्क का 'मस्तिष्क और रीढ़' है, जो सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर के माध्यम से कॉल और इंटरनेट को सुरक्षित, तेज और निर्बाध बनाता है। उन्होंने कहा कि 4-जी स्टैक के लिए भारत विदेशी कंपनियों पर निर्भर था, लेकिन महंगा और रणनीतिक रूप से जोखिम भरा था। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, बीएसएनएल ने पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिपमॉडल अपनाकर सी-डॉट, उद्योग, स्टार्टअप्स और शैक्षणिक संस्थानों के सहयोग से और निजी संस्थान टीसीएस के साथ मिलकर यह स्टैक विकसित किया गया। इसमें सी-डॉट ने कोर नेटवर्क, तेजस नेटवर्क्स ने रेडियो समाधान और टीसीएस ने सिस्टम इंटीग्रेशन संभाला। यह कदम केवल विदेशी निर्भरता कम करने तक सीमित नहीं, बल्कि भविष्य में 5जी और उससे आगे की तकनीक के लिए भी मजबूत आधार तैयार करता है। उन्होंने लिखा है कि चीन, फिनलैंड, स्वीडन और दक्षिण कोरिया के बाद अब भारत स्वदेशी 4-जी एलटीई/आईएमएस स्टैक विकसित करने वाले चुलनदा देशों की इस सूची में शामिल हो गया है। यह केवल तकनीकी प्रगति नहीं, आत्मनिर्भरता, सुरक्षा और डिजिटल संप्रभुता का निर्णायक कदम है।

### सोना और चांदी की कीमतों में बड़ा बदलाव

**नई दिल्ली।** सोना-चांदी की कीमत नवरात्र शुरू होते ही कम हो गई है। दिल्ली, जयपुर, नोएडा, लखनऊ, गाजियाबाद जैसे नॉर्थ इंडिया के शहरों में 10 ग्राम 24 कैरेट गोल्ड का रेट 1,15,040 रुपये के आसपास रहा है। वहीं चांदी का भाव प्रति किलोग्राम 143100 रुपये रहा। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के अनुसार शनिवार और रविवार को बाजार बंद रहता है, इसलिए इन दोनों दिन एक ही कीमत मान्य होगी। यानी आप इसी रेट पर सोना-चांदी खरीद सकेंगे। देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट का भाव 1,15,040 रहा। मुंबई में 1,14,890, अहमदाबाद में 1,14,940, चेन्नई में1,15,100, कोलकाता में1,14,890, लखनऊ में 1,15,040, बेंगलुरु में 1,14,890 तथा जयपुर में 1,15,040 रुपये रहा। चांदी की बात करें तो दिल्ली में 1,43,000 रुपये प्रति किलो, मुंबई में 14,640.36 , कोलकाता में 1,39,000, लखनऊ में 1,44,100 और पटना में 1,44,622 रुपये प्रति किलो रहा। हालांकि शुक्रवार की अपेक्षा शनिवार के दिन सोने के दामों में मामूली अंतर ही देखने को मिला है।

# 4-जी मोबाइल दूरसंचार नेटवर्क प्रौद्योगिकी का अनावरण किया

**मुंबई।** भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ने टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स (सी-डॉट) और तेजस नेटवर्क्स लिमिटेड के साथ मिल कर भारत टेलीकॉम स्टैक नाम से 4-जी मोबाइल दूरसंचार नेटवर्क प्रौद्योगिकी का अनावरण किया, जो पूरी तरह से भारत में डिज़ाइन और विकसित एक आधुनिक, सुरक्षित समाधान है।

टाटा कंसल्टेसी ने यहां एक बयान में कहा कि इस शुभारंभ के साथ, भारत दुनिया का पांचवां देश बन गया है, जो 4-जी और उससे आगे के लिए एक आत्मनिर्भर, स्वदेशी दूरसंचार प्रौद्योगिकी स्टैक विकसित किया है। टीसीएस ने कहा है कि उसने युद्धस्तर पर काम कर के डेटा सेंटर स्थापित किया। कंपनी ने सी-डॉट के ईपीसी कोर एप्लिकेशन, तेजस के बेस स्टेशन और 1,00,000 से अधिक साइटों पर रेडियो इंफ्रास्ट्रक्चर स्थापित और चालू करके और सातों दिन चौबीसो घंटे नेटवर्क प्रबंधन के लिए अपने कॉग्निटिव नेटवर्क परिचालन प्लेटफार्म-टीसीएस सीएनओपीएसटीएम का उपयोग कर इस सफलता में अग्रणी भूमिका निभाई है। कंपनी ने कहा है कि इस



परियोजना का संचालन टीसीएस, बीएसएनएल, दूरसंचार विभाग, सक्रिय मैकिन्से एंड कंपनी, सी-डॉट, तेजस, आई एंड सी पार्टनर्स आदि द्वारा 'मिशन-मोड' में किया जा रहा है। यह काम दो वर्ष के भीतर पूरा हुआ। यह बीएसएनएल के मौजूदा 2जी/3जी नेटवर्क इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ पूर्ण एकीकरण के साथ सबसे तेज़ 4-जी नेटवर्क परिनियोजनों में से एक बन गया है। बीएसएनएल के सीएमडी ए. रॉबर्ट जे रवि ने कहा कि आज हम राष्ट्रीय गौरव की एक ऐतिहासिक उपलब्धि का जश्न मना रहे हैं। टीसीएस, तेजस नेटवर्क्स और सी-डॉट के सहयोग से निर्मित हमारे स्वदेशी 4-जी नेटवर्क का राष्ट्रव्यापी प्रसार, आत्मनिर्भर भारत की एक शानदार घोषणा है। टीम बीएसएनएल के अथक समर्पण से जीवंत यह 'मेड इन भारत' स्टैक हमारे डिजिटल भविष्य को सुरक्षित करता है और यह सुनिश्चित करता है कि कनेक्टिविटी के फल प्रत्येक नागरिक को सशक्त बनाएं।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**तमिलनाडु:...**

में छोड़कर रैली से चले गए। एक्टर विजय की रैली में जुटी भीड़ को कंट्रोल करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया। लाठीचार्ज के बाद भगदड़ मची, जिससे हालात बिगड़ गए। एक्टर विजय ने 2 फरवरी को अपनी पार्टी लॉन्च की थी। इसके बाद 22 अगस्त को उन्होंने पार्टी का फ्लैग और सिम्बल लॉन्च किया था। चुनाव आयोग ने 8 सितम्बर को उनकी पार्टी को राजनीतिक पार्टी के रूप में आधिकारिक मान्यता दी थी। विजय पहले ही ऐलान कर चुके हैं कि राजनीति में आने के बाद वे फूल टाइम सिर्फ लोगों की सेवा करेंगे। 30 अप्रैल 2025 को रिलीज होने वाली थलपति 69 उनकी आखिरी फिल्म होगी। थलपति अपने पेरेंट्स समेत 11 लोगों के खिलाफ अपने नाम का गलत तरीके से इस्तेमाल करने पर शिकायत दर्ज करवा चुके हैं। दरअसल, विजय राजनीति से दूर रहना पसंद करते हैं, हालांकि उनके पिता एस. ए. चंद्रशेखर ने उनके नाम पर राजनीतिक पार्टी आल इंडिया थलपति विजय मक्कल इयक्कम बना ली। इस पार्टी के जनरल सेक्रेटरी भी विजय के पिता ही हैं। जब विजय को पता चला कि उनके नाम का इस्तेमाल कर लोगों को पार्टी से जोड़ा जा रहा है, तो उन्होंने पेरेंट्स समेत 11 अन्य लोगों के खिलाफ केस दर्ज करवा दिया। बता दें कि पार्टी के कार्यालय में विजय का एक विशाल स्टेच्यू भी बनाया गया था। एक्टर विजय थलापति ने 22 अगस्त को अपनी पार्टी का फ्लैग और सिम्बल जारी किया था। विजय थलापति 420 करोड़ रुपये के मालिक हैं साउथ एक्टर विजय फिल्मों और ब्रांड एंडोर्समेंट से सालाना 120 करोड़ रुपये कमाई करते हैं। उनकी कुल नेटवर्थ 420 करोड़ रुपए है। विजय अपने परिवार के साथ चेन्नई स्थित बीच होम में रहते हैं। वहीं उनके कार कलेक्शन में रोल्स रायस घोस्ट भी शामिल है, जिसकी कीमत करीब 2.6 करोड़ रुपए है। ये गाड़ी उन्होंने इंग्लैंड से इम्पोर्ट करवाई है।

**वांगचुक का...**

शक हुआ। बाद में गिरफ्तारी की खबर मिली। इसके बावजूद प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई। आयोजकों ने माना, हिंसा उन युवाओं से हुई जो 'काबू से बाहर' हो गए थे, लेकिन इसमें किसी विदेशी ताकत का हाथ नहीं है। लेह एपेक्स बॉडी (एलएबी) के सह-अध्यक्ष चेरिंग दोरजे ने गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि पुलिस और सीआरपीएफ ने न तो पानी की बौछारों का इस्तेमाल किया और न ही चेतावनी के लिए गोलियां चलाईं, बल्कि सीधे अंधाधुंध फायरिंग की। सोनम वांगचुक को पहले से अंदेशा था कि सरकार उन्हें गिरफ्तार कर सकती है। एक दिन पहले ही उन्होंने कहा था कि इस मुद्दे पर कभी भी गिरफ्तार होना पड़े तो मुझे खुशी होगी, लेकिन अब उनकी गिरफ्तारी से माहौल शांत होने के बजाय और बिगड़ सकता है। माना जा रहा है कि इससे लद्दाख के प्रतिनिधियों और केंद्र सरकार के बीच चल रही बातचीत पर भी असर पड़ सकता है। वांगचुक पिछले पांच साल से लद्दाख के अधिकारों की लड़ाई का बड़ा चेहरा रहे हैं। उनकी गिरफ्तारी से लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। स्थानीय लोग मानते हैं कि वांगचुक हिंसा भड़काने वाले व्यक्ति नहीं हैं, बल्कि शांतिपूर्ण आंदोलन का नेतृत्व कर रहे थे।

**उप्र में...**

महसूस करता था। सीएम योगी ने कहा कि हर जिले के अंदर एक माफिया दे दिया था और हर माफिया को जिले के अंदर समानांतर सरकार चलाने की पूरी छूट दे दी थी। उत्तर प्रदेश न केवल बीमारू राज्य था, बल्कि उत्तर प्रदेश के नागरिकों के सामने पहचान का संकट भी था। हर व्यक्ति अपनी पहचान के लिए मोहताज था, न बेटी सुरक्षित न व्यापारी सुरक्षित। खेतीबाड़ी चौपट किसान आत्महत्या करता था, नौजवान की नौकरी पर सेंध लगती थी। उसकी नीलामी होती थी, चाचा-भतीजा दोनों वसूली के लिए निकल पड़ते थे। वसूली का गैंग चलता था, ट्रांसफर पोस्टिंग में इनके दलाल बोली लगाया करते थे और आप भी देखते होंगे जब हम ट्रांसफर पोस्टिंग करते हैं, तो आज भी उनकी पीड़ा झलक उठती है। हम लोगों ने उनके उस अनैतिक अवैध व्यापार पर कैसे प्रहार किया है? उनके सभी चेले चपाटे किस प्रकार से चिल्लाते हुए दिखाई देते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हम वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट और वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज दे रहे हैं। उन लोगों ने वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया दिया था। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब बेईमान और भ्रष्ट लोग सत्ता में आते हैं, तो वे उस सत्ता का शोषण और दुरुपयोग करेंगे, ठीक वैसे ही जैसे उत्तर प्रदेश के सामने पहचान का संकट पैदा हो गया था। हमने बुलडोजर उन्हीं लोगों के लिए बनाया है, जो जाति के नाम पर लोगों को भड़काते हैं और परिवार के नाम पर उनका शोषण करते हैं। सीएम योगी उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती में एक कार्यक्रम में पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कुछ लोग हैं, जिनको शांति अच्छी नहीं लगती। जब भी कोई हिन्दू पर्व आता है इनको गर्मी लगने लगती है और इनकी गर्मी शांत करने के लिए हमें डेंटिंग पेंटिंग करनी पड़ती है। सबको अपनी आस्था से शांति से त्योहार मनाने का हक है, लेकिन आस्था की आड़ में तोड़ फोड़ करोगे, तो ये सही नहीं है। हमें छेड़ोगे, तो हम छोड़ेंगे नहीं। आई लव मुहम्मद कहकर तोड़ फोड़, आगजनी करते हैं अगर ऐसे आतंक फैलाओगे, तो मां चंडी छोड़ेंगी नहीं, ये मां चंडी का पर्व है। सीएम योगी ने कहा कि अगर किसी ने प्रदर्शन करने का दुस्साहस किया और वो लोग जो कायरों की तरह बच्चों और महिलाओं को आगे किया, तो उन्हें भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। हमने किसी से भेदभाव नहीं किया। सबका साथ सबके विकास के लिए सरकार काम कर रही है, लेकिन कुछ लोगों को विकास अच्छा नहीं लगता। वो लोग तालिबान व्यवस्था पर विश्वास करते हैं, लेकिन ये उनकी मंशा जन्नत में भी पूरी नहीं होने वाली है, उनको पहले जहन्नुम में जाना होगा। देश विकास कर रहा है, लेकिन कुछ लोग विकास नहीं तालिबानी और दारुल इस्लाम की व्यवस्था चाहते हैं, जो चलेगी नहीं, उन्हें जन्नत नहीं जहन्नुम भी नसीब नहीं होगी।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
खून की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर सिरोसिस आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# भू–उपयोग परिवर्तन के मामले निपटाने को चलेगा अभियान

## प्रदेश में लंबे समय से अटके हैं धारा 34 और 143 के कई केस

### कर्मियों को डीएम तत्काल करें कार्यमुक्त



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** राज्य में भू–उपयोग परिवर्तन के कई मामले एक वर्ष से भी ज्यादा समय से लंबित हैं। अब उत्तराखंड राजस्व परिषद के अध्यक्ष एवं मुख्य सचिव आनंद वर्धन ने ऐसे पुराने मामलों के निपटारे के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव एवं अध्यक्ष राजस्व परिषद आनंद वर्धन ने शनिवार को राजस्व परिषद सभागार में जिलाधिकारियों के साथ राजस्व वादों की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने कहा कि धारा 34 एवं 143 से सम्बन्धित एक वर्ष से अधिक समय से लंबित वादों को अगले तीन माह में निपटारा कर लिया जाए।

**गंभीर अनियमितताओं पर हो कार्रवाई:** मुख्य सचिव ने सभी जिलाधिकारियों को धारा - 34 और 143 से सम्बन्धित वादों में गंभीर अनियमितताओं पर तत्काल विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने तहसीलदार विकास नगर को वादों के निस्तारण में धीमी गति पर कारण बताओ नोटिस जारी किए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वादों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की कोताही न की जाए।

मुख्य सचिव ने सभी जनपदों में ऑनलाइन म्यूटेशन प्रक्रिया लागू किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि आरसीएमएस पोर्टल शीघ्र ही पूर्णतः संचालित होने लगेगा। इससे रजिस्ट्री होते ही तत्काल म्यूटेशन की प्रक्रिया पूर्ण हो सकेगी। मुख्य सचिव ने जिलाधिकारियों को तहसील मुख्यालयों एवं एसडीएम कार्यालयों में भी ई–ऑफिस शीघ्र लागू किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहां नेटवर्क एवं हार्डवेयर की अनुपलब्धता है, शीघ्र उपलब्ध कराए जाएं।

मुख्य सचिव ने जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि सेवा का अधिकार के अंतर्गत समस्त प्रमाणपत्रों के निर्गत किए जाने की समय सीमा का उल्लेख सम्बन्धित कार्यालयों के सम्मुख अनिवार्य रूप से चस्पा की जाए, ताकि आवेदकों को, उनके द्वारा आवेदित प्रमाण पत्र कब तक उपलब्ध हो जाएंगे, इसकी जानकारी मिल सके। इस अवसर पर सचिव एवं आयुक्त राजस्व परिषद रंजना राजगुरु सहित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनपदों से जिलाधिकारी एवं आयुक्त कुमाऊं दीपक रावत उपस्थित थे।

मुख्य सचिव ने जनपदों में कार्मिकों के स्थानान्तरण हो जाने के बावजूद जनपदों से कार्यमुक्ति न दिए जाने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि बैठक समाप्ति के तत्काल बाद सभी स्थानान्तरित कार्मिकों को कार्यमुक्त किया जाए एवं जनपदों द्वारा आज शाम तक कार्यमुक्ति से सम्बन्धित प्रमाण पत्र उपलब्ध करा कर अवगत कराया जाए। मुख्य सचिव ने राजस्व वसूलियों से सम्बन्धित समितियों की बैठकें नियमित रूप से आयोजित की जाएं। उन्होंने दोनों मंडलों के आयुक्तों को भी अपनी मासिक बैठकों में राजस्व वादों एवं राजस्व वसूली से सम्बन्धित मामलों की समीक्षा किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने रेवेन्यू रियलाइज.शन कमिटी, वन, वाणिज्य, रजिस्ट्रेशन और आरसीएस से सम्बन्धित बैठकों को भी नियमित रूप से आयोजित किए जाने के निर्देश दिए।

#### एक वर्ष से पूर्व के मामले 3 माह में हो निस्तारित

मुख्य सचिव ने आपदा से क्षतिग्रस्त पटवारी चौकियों एवं तहसील भवनों का आंकलन शीघ्र भेजे जाने की बात कही है। उन्होंने कहा कि प्रमोशन के पदों के लिए पात्र कार्मिकों की प्रमोशन की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण की जाए, ताकि पटवारी, कानूनगो, नायब तहसीलदार आदि के पदों को शीघ्र भरा जा सके और वादों के निस्तारण में तेजी आए।

---

### राज्य के शैक्षणिक संस्थानों मे एवीवीपी का परचम शुभ संकेत: भट्ट

**देहरादून ।** भाजपा ने प्रदेश छात्र संघ चुनाव में एबीवीपी को मिली 90 प्रतिशत से अधिक जीत पर खुशी जताते हुए कहा कि कालेज कैंपस मे युवाओं की यह सफलता पार्टी के लिए शुभ संकेत और विपक्षियों के मंसूबों पर करारी चोट है। छात्रों की जीत को बड़ी उपलब्धि बताते हुए प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि उन्हे जीत के इस सिलसिले को बनाये रखने की जरूरत है। उन्होंने छात्र संघ चुनाव के सभी मतदाताओं को भी अपने लोकतांत्रिक अधिकार के उपयोग पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि जिस तरह राज्य के अधिकांश शिक्षण संस्थानों, विश्वविद्यालय मे एवीवीपी के उम्मीदवारों ने एक तरफ जीत दर्ज की है, वह प्रदेश की युवाओं की राष्ट्रवादी सोच को उजागर करता है।

---

# लापता डिजिटल पत्रकार की उच्च स्तरीय जांच हो : मनोज कोहली

## पालिकाध्यक्ष चिन्यालीसौड़ ने पुलिस महानिदेशक को लिखा खत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** पालिकाध्यक्ष चिन्यालीसौड़ मनोज कोहली 'श्याम' ने पुलिस महानिदेशक, उत्तराखण्ड पत्र लिखकर 18 सितंबर को उत्तरकाशी से रहस्यमयी परिस्थितियों में लापताडिजिटल पत्रकार राजीव प्रताप उच्च स्तरीय जांच की मांग उठाई है।

उन्होंने शनिवार को गृहमंत्री मुख्यमंत्री एवं पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखकर अवगत करवाया है कि उत्तरकाशी के स्वतंत्र पत्रकार राजीव प्रताप 18 सितंबर को रात से रहस्यमयी परिस्थितियों में लापता है ये घर से निकले थे और अगले दिन उनकी कार भागीरथी नदी के किनारे मिली लेकिन आज तक उनका कोई पता नहीं चल पाया है। इस घटना के बाद परिवार और स्थानीय जनता गहन चिंता एवं असमंजस में है,। उन्होंने कहा कि कि राजीव प्रताप निरंतर जनहित से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाते रहे हैं, हाल ही में उन्होने जिला अस्पताल जनपद उत्तरकाशी में व्याप्त अनियमितताओं, दवाओं की कमी और मरीजों की दयनीय स्थिति का एक वीडियो जारी किया था, जो व्यापक रूप में प्रसारित हुआ इसके साथ ही वे विभिन्न विभागों की कार्यप्रणालियों और क्षेत्रीय स्तर पर हो रही गड़बड़ियों को भी उजागर करते रहे हैं, परिवार.जनों द्वारा बताया गया है कि इन सब कारणों से उन्हें धमकियाँ मिल रही थी और साजिश की आंशका व्यक्त की है। दुर्भाग्यवश जनपद उत्तरक.ाशी पुलिस की कार्यवाही अभी तक अपेक्षित स्तर की नहीं रही है जिसके कारण राजीव प्रताप का कोई ठोस सुराग नहीं मिल पाया है, यह स्थिति क्षेत्रीय जनता में आक्रोश पैदा कर रही है साथ ही आन्दोलन के लिए बाध्य हो रही है। यह प्रकरण केवल एक गुमशुदगी नहीं है बल्कि पत्रकारिता की स्वंतत्रता और जनहित के मुद्दों को उजागर करने वालो की सुरक्षा से भी सीचा संबंध रखता है, क्षेत्र के लोग इस घटना के अत्यंत विचलित है और चाहते है कि शीघ्ता से सच्चाई समाने आए तथा परिवार को न्याय मिले। उन्होंने मामले में उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच की मांग की है।

---

# पेपर लीक व अग्निपथ योजना के खिलाफ कांग्रेस ने खोला मोर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड में हाल ही में संपन्न यूके ट्रिपल–एससी परीक्षा में पेपर लीक की गूंज अब तेज होती जा रही है। कांग्रेस ने इस गंभीर मामले की सीबीबाई से जांच हाईकोर्ट के सिटिंग जज की निगरानी में करवाने की मांग को लेकर आंदोलन तेज कर दिया है।

शनिवार को प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने प्रेस वार्ता में ऐलान किया कि 3 अक्टूबर को कांग्रेस कार्यकर्ता मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार इस मामले को गंभीरता से लेने की बजाय रिटायर्ड जज से जांच का ढोंग कर रही है, जो बेरोजगार युवाओं और कांग्रेस दोनों को स्वीकार नहीं है। धस्माना ने स्पष्ट किया कि यह लड़ाई भ्रष्टाचार, नकल माफिया और सरकार की उदासीनता के खिलाफ है। जो लोग आज आजादी के नारे से डरते हैं, वे वही हैं जो 1942 और 1947 में भी आजादी के खिलाफ थे। कहा कि 4 अक्टूबर से अग्निपथ योजना के खिलाफ रथ यात्रा व हस्ताक्षर अभियान शुरू किया जाएगा। कांग्रेस पूर्व सैनिक विभाग के अध्यक्ष कर्नल राम रतन सिंह नेगी के नेतृत्व में 4 अक्टूबर से प्रदेशव्यापी रथ यात्रा शुरू होगी। इस यात्रा का उद्देश्य है अग्निपथ योजना को रद्द कर पुरानी सेना भर्ती प्रक्रिया को बहाल करना। यात्रा तीन चरणों में देहरादून से शुरू होकर गढ़वाल, कुमाऊं और फिर हरिद्वार–उधमसिंह नगर तक पहुंचेगी। इसके अंतर्गत रैलियां, गोष्ठियां, पदयात्राएं और हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा।

---

# दहेज के लिए बहू की निर्मम हत्या: पति को 7 साल, सास को 3 साल की कैद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** दहेज की बलि चढ़ी एक विवाहिता के मामले में अदालत ने कठोर निर्णय सुनाते हुए ससुराल पक्ष के तीन सदस्यों को कारावास की सजा सुनाई है। अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर मारपीट, तीन तलाक और फिर पेट्रोल डालकर जलाने के सनसनीखेज मामले में एडीजे फर्स्ट की कोर्ट ने पति को 7 साल की कठोर कैद की सजा दी है, जबकि सास और देव.रानी को भी सलाखों के पीछे भेजा गया है। यह फैसला दहेज उत्पीड़न और घरेलू हिंसा के खिलाफ एक कड़ा संदेश है।

**जानलेवा हमला और तीन तलाक:** सहायक अधिवक्ता अरविंद कपिल ने बताया कि 22 अगस्त 2019 को स्थिति तब बिगड़ गई जब सीमा के पति अमजद अली, सास रईसा, देवरानी अल्फिया, ननद यासमीन और जेठ आबिद ने मिलकर उसे बुरी तरह पीटा। घटना के दौरान, पति अमजद अली ने पीड़िता को सबके सामने तीन तलाक दिया और कहा कि जो तुझसे व तेरी मोदी सरकार से हो वह कर लेना, कपिल ने कोर्ट में बताया। इसके तुरंत बाद, पति सहित अन्य आरोपियों ने मिलकर सीमा पर मिट्टी का तेल डाला और आग लगा दी। गंभीर रूप से झुलसी सीमा को कोरोनेशन अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### कोर्ट का फैसला



क्लेमनटाउन थाने में दर्ज मुकदमे की सुनवाई एडीजे फर्स्ट की कोर्ट में चली। कोर्ट ने सभी साक्ष्यों पर विचार करते हुए मुख्य आरोपी पति अमजद अली को दोषी पाया और उसे 7 साल की कैद तथा 10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। पीड़िता की सास रईसा को 3 साल की कैद और 10 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया है। वहीं, देवरानी अल्फिया को 2 साल की साधारण कैद और 5 हजार रुपये जुर्माना देना होगा। हालांकि, कोर्ट ने साक्ष्यों के अभाव में अन्य आरोपियोंख्रसबिना, यासमीन और आबिदख्रको बरी कर दिया।यह निर्णय उन परिवारों के लिए एक महत्वपूर्ण न्यायिक हस्तक्षेप है जो आज भी दहेज की क्रूर परंपरा के शिकार हो रहे हैं। सीमा के परिजनों को अब उम्मीद है कि इस फैसले से उन्हें न्याय मिलेगा।

### क्या था मामला?

यह घटना 22 अगस्त 2019 की है, जब सीमा अहमद नामक विवाहिता को उसके ससुराल वालों ने दहेज और गाड़ी की मांग को लेकर प्रताड़ित किया। सीमा का विवाह अमजद अली के साथ फरवरी 2019 में हुआ था। विवाह के एक माह बाद से ही पति, सास रईसा और अन्य परिजन उसे दहेज के लिए ताने मारते और मारपीट करते थे।अभियोजन पक्ष के अनुसार, ससुराल वालों ने पहले सीमा को मारपीट कर घर से निकाल दिया था, लेकिन बाद में रिश्तेदारों की मध्यस्थता से समझौता हुआ और वह वापस लौट आई। हालांकि, समझौते के बाद भी प्रताड़ना बंद नहीं हुई।

---

# थारकोट और कालानाग पर्वतारोहण अभियान का शुभारंभ

## विश्व पर्यटन दिवस पर उत्तराखंड से नई ऊंचाइयों की ओर बढ़े कदम



**देहरादून।** विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर उत्तराखंड ने एक और साहसिक अध्याय जोड़ते हुए युवाओं को हिमालय की गोद में नई चुनौती के लिए रवाना किया। उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद और भारत–तिब्बत सीमा पुलिस बल के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को देहरादून स्थित उत्तरी सीमांत मुख्यालय से माउंट थारकोट (6099 मी.) व माउंट कालानाग (6387 मी.) पर्वतारोहण अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उत्तराखंड के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने अभियान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस पर्वतारोहण दल में उत्तराखंड के 12–12 युवा छात्र–छात्राएं और आईटीबीपी के 8–8 अनुभवी पर्वतारोही शामिल हैं। कुल 40 सदस्यीय दल को दो भागों में विभाजित कर, एक दल को बागेश्वर स्थित माउंट थारकोट, तथा दूसरे को उत्तरकाशी स्थित माउंट कालानाग की चढ़ाई के लिए रवाना किया गया। यह अभियान आगामी 20 से 25 दिनों में पूरा होगा।

**आईटीबीपी का मजबूत सहयोग**

आईटीबीपी के महानिरीक्षक संजय गुंज्याल ने जानकारी दी कि अभियान की सुरक्षा के लिये विशेष चिकित्सा दल तैनात किया गया है, साथ ही 24 घंटे हवाई एम्बुलेंस सुविधा भी मुहैया कराई गई है, ताकि आपात स्थिति में त्वरित सहायता दी जा सके।

## पर्यटन अब रोजगार की राह बना रहा आसान

पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा, कि प्रदेश में साहसिक पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए जल व वायु खेलों के अंतर्गत विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। पहली बार महिलाओं के लिए राफ्टिंग एवं गाइड प्रशिक्षण, गाइडों को फर्स्ट एड प्रशिक्षण और पर्वतारोहण के लिए बेसिक व एडवांस कोर्स के लिये छात्रवृत्तियाँ उपलब्ध कराई जा रही हैं। शीतकालीन चारधाम यात्रा को इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप भव्य रूप से संचालित किया जाएगा। साथ ही, वर्ष 2025 के लिए घोषित ट्रेक ऑफ द इयर में शामिल बनकटिया ग्लेशियर ट्रेक (पिथौरागढ़), गुलाबी कांठा ट्रेक (उत्तरक.ाशी), चेणाप वैली ट्रेक (चमोली) को शीतकालीन सत्र में भी आयोजित किया जाएगा, जिससे पर्यटक हिमालय की अद्भुत बर्फीली खूबसूरती का अनुभव कर सकें।

### ट्रेकिंग के लिए होगा डिजिटल प्लेटफॉर्म: धीरज

पर्यटन सचिव धीरज गर्ब्याल ने जानकारी दी कि, राज्य के सभी ट्रेक रूट्स की मैपिंग की जा रही है और एक विशेष मोबाइल एप विकसित हो रहा है, जिससे पर्यटकों को संपूर्ण जानकारी एक क्लिक में उपलब्ध हो सकेगी। उत्तराखंड की 25वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में हाई–एल्टीट्यूड मैराथन–परिक्रमा रन का आयोजन पिथौरागढ़ स्थित गुंजी में पहली बार किया जाएगा। 2 नवम्बर को होने वाली हाई–एल्टीट्यूड मैराथन के लिए आज व कल (27–28 सितम्बर) रजिस्ट्रेशन निःशुल्क किया गया है।

---

# पेपर लीक प्रकरण: न्यायमूर्ति यूसी ध्यानी की अध्यक्षता में जांच आयोग गठित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** राज्य सरकार ने स्नातक स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा–2025 में कथित नकल के आरोपों की जांच के लिए सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति यू.सी. ध्यानी (उच्च न्यायालय, नैनीताल) की अध्यक्षता में एक एकल सदस्यीय जांच आयोग के गठन की घोषणा की है। यह निर्णय जनहित एवं लोक महत्व को ध्यान में रखते हुए सम्यक् विचारोपरांत लिया गया है।

ज्ञात हो कि 21 सितम्बर 2025 को आयोजित परीक्षा के दौरान नकल की शिकायतें सामने आई थीं। इन आरोपों की गंभीरता को देखते हुए राज्य सरकार ने जांच आयोग अधिनियम, 1952 की धारा 3 के तहत न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं। सरकार ने प्रारंभ में यह जिम्मेदारी न्यायमूर्ति बी. एस. वर्मा (सेवानिवृत्त) को सौंपने का प्रस्ताव दिया था, लेकिन उन्होंने समयाभाव और निजी कारणों से असमर्थता जताई। इसके बाद राज्य सरकार ने न्यायमूर्ति यू.सी. ध्यानी को आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया। जारी आदेश के अनुसार, आयोग को अन्य अधिकारियों व विशेषज्ञों का सहयोग लेने की स्वतंत्रता होगी। आयोग का कार्यक्षेत्र सम्पूर्ण राज्य रहेगा तथा वह विभिन्न स्रोतों से प्राप्त शिकायतों, सूचनाओं और तथ्यों का परीक्षण करेगा। इसके अतिरिक्त आयोग, 24 सितम्बर 2025 को गठित विशेष जांच दल (SIT) की आख्या का संज्ञान लेकर आवश्यकतानुसार उसे विधिसम्मत मार्गदर्शन भी प्रदान करेगा।

---

# चमोली में बच्चों से कार धुलवाने पर सहायक अध्यापक निलंबित

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून/ चमोली।** चमोली जनपद के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय जूनीधार में छात्रों से अपनी कार धुलवाने वाले सहायक अध्यापक घनश्याम तिवाड़ी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। साथ ही इस प्रकरण की जांच उप शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक शिक्षा थराली को सौंप दी है, जो एक सप्ताह के भीतर जिला शिक्षा अधिकारी बेसिक शिक्षा को विस्तृत जांच रिपोर्ट से सौंपेगी।

सूबे के विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे छात्रों से कार धुलवाने वाले वीडियो का तत्काल संज्ञान लेते हुये आरोपी शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये। जिसके क्रम में चमोली जनपद के जिला शिक्षा अधिकारी (बेसिक) ने अनुशासनात्मक कार्रवाई कर राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय जूनीधार के सहायक अध्यापक घनश्याम तिवाड़ी को तात्कालिक प्रभाव से निलंबित कर उनको मुख्यालय उप शिक्षा अधिकारी कार्यालय थराली अटैच कर दिया गया है। साथ ही इस प्रकरण की जांच उप शिक्षा अधिकारी बेसिक शिक्षा थराली को सौंप दी है। जांच अधिकारी प्रकरण की ठोस जांच कर एक सप्ताह के अंदर अपनी रिपोर्ट जिला शिक्षा अधिकारी बेसिक को सौंपेंगे।



सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो जिसमें राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय जूनीधार में छात्रों से गाड़ी धुलवाई जा रही, बड़ा पीड़ादायक है। छात्रों को पढ़ने की जगह निजी कार्य करवाना कर्मचारी आचरण नियमावली का उल्लंघन है। ऐसी हरकतों को कतई भी बर्दाश्त नहीं किया जायेगा... **डॉ धन सिंह रावत, विद्यालयी शिक्षा मंत्री, उत्तराखंड।**

---

# सैन्यधाम राज्य सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट : जोशी

- सैनिक कल्याण मंत्री ने किया निर्माणाधीन सैन्यधाम का निरीक्षण

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने शनिवार को देहरादून स्थित गुनियाल गांव में निर्माणाधीन सैन्यधाम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लोकार्पण से पूर्व सभी अंतिम चरण के कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण किया जाए।

सैनिक कल्याण मंत्री जोशी ने कहा कि सैन्यधाम राज्य सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट है, जो उत्तराखंड की वीरभूमि की भावना और शहीदों के सम्मान को समर्पित है। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही तिथि तय कर यह धाम प्रदेश की जनता को समर्पित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस भव्य धाम में उत्तराखंड के 1734 शहीदों के आंगन की मिट्टी और गंगा, यमुना सहित कई पवित्र नदियों का जल सम्मिलित किया गया है, जिससे यह स्थल आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण बनता है।



उन्होंने विश्वास जताया कि जिस प्रकार श्रद्धालु चारधाम के दर्शन के लिए आते हैं, उसी प्रकार लोग सैन्यधाम में भी आकर शहीदों को नमन करेंगे। इस अवसर पर निदेशक सैनिक कल्याण (से.नि.) ब्रिगेडियर अमृतलाल लाल, उपनिदेशक कर्नल (से.नि.) योगेन्द्र कुमार, उपनिदेशक विंग कमांडर (से.नि.) निधि बधानी, परियोजना निद.ेशक रवींद्र कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

---

### उत्तराखण्ड सैनिक कल्याण विभाग को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित करेगा रक्षा मंत्रालय

**देहरादून ।** सैनिक कल्याण विभाग के निदेशक ने विभागीय मंत्री गणेश जोशी को जानकारी दी गई कि राष्ट्रीय स्तर केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा आगामी नेशनल कॉन्क्लेव 2025 में उत्तराखण्ड सैनिक कल्याण विभाग को सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान उत्तराखण्ड द्वारा पूर्व सैनिकों के कल्याण, पुनर्वास तथा सैनिक–केंद्रित कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन में प्रस्तुत किए गए अनुकरणीय उदाहरण के लिए प्रदान किया जाएगा। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान केवल उत्तराखण्ड सरकार का नहीं, बल्कि हमारे वीर सैनिकों और उनके परिजनों की अदम्य भावना का सम्मान है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सदैव पूर्व सैनिकों एवं शहीद परिवारों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध रही है और आगे भी इस दिशा में नये आयाम स्थापित करती रहेगी।



# अल्मोड़ा-बागेश्वर में एनएसयूआई का परचम

## अल्मोड़ा में लोकेश सुप्याल व बागेश्वर में सागर जोशी चुने गए छात्रसंघ अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** सोबन सिंह जीना परिसर अल्मोड़ा में छात्रसंघ चुनावों में एनएसयूआई के लोकेश सुप्याल ने जीत दर्ज कर अध्यक्ष पर का ताज हासिल किया। कड़े मुकाबले में उन्होंने अपने एकमात्र प्रतिद्वंद्वी एबीवीपी के दीपक लोहनी को 245 मतों से पराजित किया। एसएसजे में इस बार छात्रसंघ चुनाव में अध्यक्ष पद पर एबीवीपी और एनएसयूआई में सीधी टक्कर थी। एबीवीपी ने दीपक लोहनी तो एनएसयूआई ने लोकेश सुप्याल को चुनावी मैदान में उतारा था।

शनिवार को हुए मतदान प्रक्रिया के बाद मतगणना की प्रक्रिया संपन्न कराई गई। जिसमें अध्यक्ष पद पर एनएसयूआई के लोकेश सुप्याल ने शानदार जीत दर्ज की। लोकेश को 883 और एबीवीपी के दीपक लोहनी को 542 मत प्राप्त हुए। वहीं, छात्रा उपाध्यक्षा में निर्दलीय निकिता रौतेला ने जीत हासिल की। उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी एबीवीपी प्रत्याशी रश्मि सत्यवली का पराजित किया। निकिता को 769 और रश्मि सत्वली को 598 वोट मिले। सचिव पद पर विशाल सिंह बिष्ट ने अपने विपक्षी प्रदीप सिंह को 143 मतों से पराजित किया। जबकि कोषाध्यक्ष पद पर विनय कनवाल ने विपक्षी कृष्णा कनवाल को 709 मतों से शिकस्त दी। विश्व. विद्यालय प्रतिनिधि पद पर एबीवीपी के निखिल कपकोटी ने अपने विपक्षी एनएसयूआई प्रत्याशी सुरेंद्र सिंह धामी को 189 मतो से हराकर जीत हासिल की। देर शाम एसएसजे परिसर प्रागंण में नवनिर्वाचित पदा. धिकारियों को अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. शेखर जोशी ने पद और गोपनीयिता की शपथ दिलाई। विजयी प्रत्याशियों ने अपने समर्थकों के साथ जीत के बाद जमकर जश्न मनाया।



### एसएसपी ने तैनात पुलिस बल को दिए आवश्यक निर्देश

**अल्मोड़ा।** छात्र संघ चुनाव को सकुशल संपन्न करने को लेकर शनिवार को एसएसपी देवेंद्र पींचा द्वारा एसएसजे विवि पहुंच सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और मतदान स्थलों का भ्रमण कर अधीनस्थ अधिकारियों व तैनात पुलिस जवानों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सभी जवानों को दृढ़ता और कर्तव्यनिष्ठा के साथ ड्यूटी करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान सीओ गोपाल दत्त जोशी, कोतवाल योगेश उपाध्याय, निरीक्षक एलआईयू मनोज भारद्वाज रहे।

### 60.58 फीसदी हुआ मतदान

सोबन सिंह जीना परिसर अल्मोड़ा में छात्रसंघ चुनाव के तहत शनिवार को एसएसजे परिसर में भारी सुरक्षा के बीच सुबह 10 बजे से मतदान प्रक्रिया शुरू हुई। अपराह्न ढाई बजे बाद मतगणना शुरू हुई। जिसमें कुल 1454 विद्यार्थियों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कुल 60.58 फीसदी मतदान हुआ।

### उपाध्यक्ष और सांस्कृतिक सचिव निर्विरोध निर्वाचित

एसएसजे में पांच पदों पर एक ही नामांकन होने से प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हुए। उपाध्यक्ष में भूपेश सिंह गैड़ा, सांस्कृतिक सचिव में दर्शन कुमार, संकाय प्रतिनिधि कला में अभिषेक कुमार, संकाय प्रतिनिधि दृश्य कला में गौरव पांडे, संकाय प्रतिनिधि वाणिज्य में गोविंद प्रसाद निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं।

### पीजी कॉलेज रानीखेत के हर्षित रौतेला बने अध्यक्ष

**रानीखेत।** स्व. जय दत्त वैला राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रानीखेत के छात्रसंघ के लिए शनिवार को मतदान शान्तिपूर्वक संपन्न हो गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पुष्पेश पांडे ने मतगणना के उपरान्त परिणामों की घोषणा की। छात्रसंघ अध्यक्ष पद पर हर्षित रौतेला विजयी रहे और उन्होंने कुल 759 मत प्राप्त कर अपने निकटतम प्रतिद्वन्द्वी गीतिका बिष्ट को 636 मतों के अंतर से पराजित किया। गीतिका बिष्ट ने कुल 123 मत प्राप्त किये। उपाध्यक्ष (छात्रा) पद पर हुए मुकाबले में संध्या रावत ने 460 मत प्राप्त कर विजय प्राप्त की और उन्होंने निकटतम प्रतिद्वन्द्वी गीतांजली जोशी को 62 मतों से पराजित किया। गीतान्जली जोशी को कुल 398 मत प्राप्त हुए। सचिव पद पर गौरव तिवारी ने 599 मत प्राप्त कर विजय प्राप्त की। उन्होंने प्रतिद्वन्द्वी उदिता किरौला को 318 मतों से पराजित किया। उदिता किरौला को कुल 281 मत प्राप्त हुए। उपाध्यक्ष पद पर पारस खत्री, संयुक्त सचिव पद पर प्रियांशु चन्द्र, सांस्कृतिक सचिव पद पर कमल कुमार एवं विश्वविद्यालय प्रतिनिधि पद पर हीना आर्या निर्विरोध निर्वाचित हुए। कोषाध्यक्ष का पद नामांकन निरस्त होने के कारण रिक्त रहा।



## बागेश्वर में एनएसयूआई के सागर अध्यक्ष, हर्षवर्धन उपाध्यक्ष



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** बद्रीदत्त पांडे कैंपस बागेश्वर में शनिवार को छात्र संघ चुनाव शांति पूर्वक संपन्न हुए। कैंपस में अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद के लिए हुए मतदान हुआ। अध्यक्ष पद पर एनएसयूआईए के प्रत्याशी सागर जोशी को कुल 423 मत, एबीवीपी के प्रत्याशी हरेंद्र दानू को 317 मत, जबकि एबीवीपी से नाराज होकर निर्दलीय चुनाव लड़ रहे पंकज कुमार को 343 मत मिले। वहीं अध्यक्ष पद में 7 मत नोटा तथा 15 मत अमान्य हुए। सागर 80 मतों से विजय घोषित हुए।

इसी प्रकार उपाध्यक्ष पद में हर्षवर्धन पांडे को 647 मत, संस्कार भारती को 283 मत मिले। जबकि नोटा में 15 व अमान्य 150 मत हुए। वहीं उपाध्यक्ष पद पर हर्षवर्धन 364 मतों से विजय हुए। बता दें कैंपस में मतदान शनिवार सुबह से 9 बजे से शुरू हुआ। कैम्पस में कुल छात्र छात्रा मतदाता की संख्या 2102 थी। जिसमें से 1105 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसी क्रम में अन्य पद उपाध्यक्षा छात्रा दिव्या दानू, सचिव ललित कुमार, संयुक्त सचिव पीयूष तिवाड़ी, कोषाध्यक्ष मनीष चौबे, सांस्कृतिक सचिव दिव्या खेतवाल, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि दिव्यांशु आर्या निर्विरोध घोषित हुए। एनएसयूआई छात्र नेता सागर जोशी ने चुनाव के दौरान वादा किया था कि जब तक विज्ञान भवन नहीं खोला जाएगा वे जीतने के बाद शपथ नहीं लेंगे। उन्होंने अपना वादा पूरा करते हुए जीत के बाद शपथ नहीं ली।

### छात्रसंघ चुनाव के लिए शांतिपूर्ण मतदान

**काशीपुर।** बाजपुर रोड स्थित राधे हरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय छात्रसंघ चुनाव हेतु आज सुबह 10 बजे से कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान शुरू हुआ, जो दोपहर 2 बजे तक चला। इसके बाद दोपहर तीन बजे से मतपत्रों की गिनती शुरू हुई। बताते चलें कि इस वर्ष कालेज में कुल 6585 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। महाविद्यालय में बनाए गए 13 बूथों पर मतदान के लिए लंबी लम्बी लाइनें लगी दिखाई दीं। मतदान करने के उत्सुक विद्यार्थी मतदान शुरू होने से पहले ही लाइन पर खड़े हो गए थे। महाविद्यालय परिसर में प्रत्याशी मतदाताओं के पैर छूकर पक्ष में मतदान करने की अपील करते दिखे। महाविद्यालय गेट पर खड़े लोगों को पुलिस ने खदेड़कर दूर कर दिया और रहने की हिदायत दी। कालेज के सामने प्रत्याशियों के समर्थक लोगों से जीत के लिए मतदान करने की अपील करते नजर आये। दोपहर 2 बजे मतदान प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद तीन बजे से 13 टेबल पर मतगणना शुरू की गयी, जो समाचार लिखे जाने तक जारी थी। रिजल्ट घोषित होने के बाद निर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई जायेगी। कई प्रत्याशी कॉलेज में एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए आपस में भिड़ते नजर आए। छात्र संघ चुनाव की वजह से आज कॉलेज गेट के सामने जाम की समस्या भी बनी रही। उधर प्रशासन ने कॉलेज के बाहर एवं अंदर भारी पुलिसबल के साथ खुपिया विभाग को तैनात किया था। आईटीआई थाना अध्यक्ष कुंदन रौतेला भी भारीफोर्स के साथ कॉलेज में मौजूद रहे।

## एक नजर

### नशे की रोकथाम को जागरूकता अभियान

**बागेश्वर।** नशीली दवाओं के खतरे का उन्मूलन व नशीली दवाओं के दुरुपयोग को रोक थाम के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनीता कुमारी ने बताया कि पूरे जनपद भर में पराविधिक कर्मियों एवं लोगों की मदद से विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में नशा मुक्त विषय पर निबन्ध लेखन एवं नारा लेखन प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जायेंगी। इसके साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बागेश्वर के तत्वाधान में 4 अक्टूबर को विद्यालयी छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर नुमाईसखेत मैदान से सूरजकुण्ड इण्डोर स्टेडियम, बागेश्वर तक एक वृहद जन-जागरूकता रैली भी निकाली जायेगी।

### ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत

**काशीपुर।** भाजपा ओबीसी मोर्चा उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर नेत्रपाल मौर्य का प्रथम बार काशीपुर आगमन पर ओबीसी मोर्चे के कार्यकर्ता एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंडी गेस्ट हाउस में भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान भाजपा ओबीसी मोर्चा उत्तराखंड अध्यक्ष नेत्रपाल मौर्य के नेतृत्व में और अच्छा काम करें ऐसा सबने अपने विचारों में व्यक्त किया। स्वागत करने वालों में भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष एडवोकेट राजेंद्र सैनी, भाजपा के प्रदेश संयोजक दुर्गेश गुप्ता, भाजपा के नगर उपाध्यक्ष कुंदन सैनी, भाजपा ओबीसी मोर्चा के नगर अध्यक्ष अशोक कुमार सैनी, पूर्व जिला अध्यक्ष बृजेश सैनी, घनश्याम सैनी, जिले के महामंत्री महेश प्रजापति, पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मंजू यादव, राजेंद्र कश्यप, विजय वासवानी, सुल्तान पट्टी से पधारे राजेश सैनी, राधे श्याम प्रजापति, अजय सैनी एडवोकेट, पवन सैनी एडवोकेट आदि अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मिठाई की दुकानों का निरीक्षण

**बागेश्वर।** आगामी त्योहारों के सूजन को देखते हुए सचिव स्वास्थ्य एवं आयुक्त खाद्य संरक्षा डा. आर राजेश ने शनिवार को जिले के मिठाई की दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सभी प्रतिष्ठान स्वामियों से प्रतिष्ठान में साफ सफाई, गुणवत्तायुक्त खाद्य एवं पेयजल पदार्थ रखने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कुट्टू के आटे का सेवन नवरात्र सीजन को देखते हुए उससे बने वाले खाद्य सामग्री के विक्रय, संग्रह, व वितरण के लिए सावधानी बरतने की हिदायत दी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कुट्टू का आटा, राजगीर का आटा, दूध, दुग्ध पदार्थ के 7 नमूने जांच के लिए रुद्रपुर प्रयोगशाला भेजे। सचिव डा. राजेश व उनकी टीम ने जिले के 38 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया।

### सड़क निर्माण में अनियमितता की शिकायत

**बागेश्वर।** विकास खंड बागेश्वर के भयेडी क्वौराली में मेरा गांव मेरी सड़क में हुई अनियमितता व अन्य मांगों को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता मदन मोहन ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने शीघ्र उक्त सड़क की जांच करवाने की मांग की। सामाजिक कार्यकर्ता मदन मोहन जोशी ने बताया कि ग्राम सभा में बनी मेरा गांव मेरी सड़क योजना के तहत बनी सड़क में भारी अनियमितता हुई है। सड़क आज पूरी तरह से खंडकर हो चुकी है। जबकि ग्रामीणों द्वारा सड़क के लिए अपनी पैतृक जमीन तक दी गई थी। इसकी क्रम में उन्होंने ग्राम भयेडी में बने पंचायत भवन निर्माण की जांच, राजकीय प्राथमिक विद्यालय भयेडी में निर्माण कार्य में हुई अनियमितता को जांच कीमांग की है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द समस्याओं में जांच नहीं की गई तो वे अन्य ग्रामीणों के साथ मिलकर धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे।

### किसानों को मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण

**पंतनगर।** कृषि संचार विभाग, पंतनगर द्वारा संचालित 'फार्मर फर्स्ट परियोजना के तहत भीमताल ब्लॉक के सूर्यजला गांव में महिला किसानों को वैज्ञानिक तरीके से मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में 60 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण में मशरूम उत्पादन की तकनीकों जैसे केसिंग, नमी व तापमान नियंत्रण, सफाई, पानी देना और तुड़ाई आदि की जानकारी दी गई। इसके साथ ही पीआरए तकनीक के माध्यम से गांव की मौसमी फसलों का मानचित्रण कर समस्याओं की पहचान की गई। इस अवसर पर मशरूम विशेषज्ञ शुभम बडोला व डा. किरन राना भी मौजूद रहे। महिला किसानों के 11 समूहों को 210 मशरूम बैग व आवश्यक उपकरण वितरित किए गए।

### उदयराज हिंदू इंटर कालेज को उत्कृष्टता पुरस्कार

**काशीपुर।** देहरादून में एससीईआरटी सभागार में सरकार द्वारा आयोजित पं दीनदयाल उपाध्याय शैक्षिक उत्कृष्टता पुरस्कार समारोह कार्यक्रम में उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद रामनगर द्वारा आयोजित वर्ष 2025 की इंटरमीडिएट परीक्षा में उदयराज हिंदू इंटर कालेज का परीक्षाफल उत्कृष्ट एवं सराहनीय होने पर इस संस्था को पं दीनदयाल उपाध्याय शैक्षिक उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार समारोह कार्यक्रम में पहुंचे विद्यालय के प्रधानाचार्य बृजेश कुमार गुप्ता को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, शिक्षामंत्री डा. धन सिंह रावत, शिक्षा सचिव रविनाथ रामन, माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. मुकुल कुमार सती समेत शासन प्रशासन के उच्च अधिकारियों की मौजूदगी में दिया गया। विद्यालय की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष पूर्व सांसद केसी सिंह बाबा, प्रबंधक शिवनंदन प्रसाद अग्रवाल, उपाध्यक्ष हिमांशु गर्ग, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल सर्राफ, संजय अग्रवाल, मनोज कुमार अग्रवाल, अभिषेक गोयल थे।

## स्ट्रीट वेंडरों को प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष में चल रहे स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के तहत आज यहां नगर निगम सभागार में काशीपुर, जसपुर, बाजपुर, गदरपुर, महुआखेड़ागंज और महुआडाबरा के स्ट्रीट वेंडरों को आत्मनिर्भर बनने हेतु खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण पर आधारित प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम में करीब 240 स्ट्रीट वेंडरों ने भाग लिया और इस कार्यक्रम का आयोजन नगर निगम काशीपुर ने किया और प्रायोजक शहरी विकास विभाग रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर आयुक्त रविंद्र सिंह बिष्ट द्वारा किया गया। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के सहायक आयुक्त डॉ. प्रकाश चंद्र फुलारा वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी काशीपुर अपर्णा शाह रुद्रपुर की खाद्य सुरक्षा अधिकारी आशा आर्य सहायक नगर आयुक्त कमल मेहता ने सभी स्ट्रीट वेंडरों को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में सभी फूड वेंडरों को भारत सरकार के खाद्य सुरक्षा एक्ट के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्हें ग्राहकों के साथ कैसा व्यवहार करना चाहिए और किस तरह खाद्य सामग्री को शुफ्र रूप से बनाकर सुरक्षित रूप से ग्राहकों को बेचा जाए ताकि ग्राहक भी बाहर का भोजन करने से बीमार होने की बजाय स्वस्थ रहे। कार्यक्रम में नगर निगम की ओर से सिटी मिशन मैनेजर मोहम्मद जफर, वसीम अहमद, गीता चंद्रा, रजनी देवी, कहकसा तनवीर आलम, महासंघ ठेला फड़ एसोसिएशन के अध्यक्ष भारत पराशर उपाध्यक्ष पंडित मनोज कुमार सचिव दिनेश कुमार संगठन मंत्री विपिन कुमार उप मंत्री आकाश तोमर महामंत्री मोहम्मद दानिश तथा कोषाध्यक्ष दुष्यंत कुमार आदि का विशेष सहयोग रहा। संचालन मनोज बिष्ट ने किया।

### सड़क दुर्घटना में बुजुर्ग की हुई मौत

**अल्मोड़ा।** ताड़ीखेत क्षेत्र में शनिवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। रानीखेत बाजार से ताड़ीखेत जा रही कार हाईडिल के पास अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में 87 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार कार चालक लाखन सिंह बिष्ट गनियाद्योली से रानीखेत बाजार आया था। वापसी के दौरान कार में करन राजोरिया, कुशल सिंह रौतेला, अनुराधा बिष्ट बैठ गए। जिसके बाद कार ताड़ीखेत के लिए निकली। इसी बीच हाईडिल क्षेत्र के पास चालक कार पर से अपना नियंत्रण खो बैठा और कार सीधे खाई में जा गिरी। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ताड़ीखेत लाया गया। जहां चिकित्सकों ने कुशल सिंह रौतेला को मृत घोषित कर दिया।

## चन्द्रावती कॉलेज में निर्विरोध चुनाव



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** चन्द्रावती तिवारी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सत्र 2025-2026 का छात्र संघ चुनाव आज विधिवत रूप से सम्पन्न हुआ। चुनाव अधिकारी डॉ. दीपिका गुड़िया आत्रेय ने बताया कि 22 सितंबर को चुनाव अधिसूचना जारी हुई, 24 सितंबर को नामांकन हुआ। समस्त पदों हेतु केवल एक-एक प्रत्याशियों ने नामांकन किया। समस्त पदों पर सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित हुए।

निर्वाचित पदाधिकारियों में कु. रिया एमए तृतीय सेमेस्टर अर्थशास्त्र अध्यक्ष, रीना कौर बीए पंचम सेमेस्टर उपाध्यक्ष, आकांक्षा चतुर्वेदी बीए पंचम सेमेस्टर सचिव, कृतिका बाली बीए प्रथम सेमेस्टर संयुक्त सचिव, महिमा रानी बीए प्रथम सेमेस्टर कोषाध्यक्ष, उन्नति जादौन बीकॉम. पंचम सेमेस्टर वाणिज्य संकाय प्रतिनिधि, साक्षी तिवारी एमए प्रथम सेमेस्टर चित्रकला विश्वविद्यालय प्रतिनिधि बनीं। निर्विरोध निर्वाचित छात्र संघ को महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. कीर्ति पन्त ने अभिनन्दन कर शपथ ग्रहण कराई। चयनित छात्र संघ को गोविन्द बल्लभ पंत शिक्षा समिति की अध्यक्ष विमला गुड़िया, प्रबन्धक डॉ. एसके शर्मा सहित समस्त प्रबन्ध समिति ने बधाई दी। उक्त चुनाव प्रक्रिया निर्वाचन अधिकारी डॉ. दीपिका गुड़िया आत्रेय के निर्देशन एवं डॉ. रमा अरोरा, डॉ. वन्दना सिंह, डॉ. दीपा चनियाल, डॉ. अंजलि गोस्वामी, डॉ. पुष्पा धामा, डॉ. गीता मेहरा, डॉ. ज्योति गोयल, प्राची धौलाखण्डी, डॉ. रंजना, डॉ. ज्योति रावत, डॉ. मंगला, कृति टण्डन, विजेन्द्र कुमार, कु. सृष्टि सिंह आदि के सहयोग से सम्पन्न कराया गया।

## डीएम ने किया कोषागार का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** शनिवार को डीएम ने कोषागार का अर्धवार्षिक भौतिक सत्यापन किया। जिलाधिकारी ने कोषागार के दो तालक में रखी बहुमूल्य सामग्रियों, वस्तुओं से संबंधित अभिलेखों का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने इन वस्तुओं से संबंधित विभिन्न रजिस्टरों, जैसे पैडलॉक पंजिका और स्टाम्प पंजिका सहित अन्य महत्वपूर्ण अभिलेखों की वर्तमान स्थिति की विस्तृत समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने वरिष्ठ कोषाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि कोषागार में रखी गई सामग्रियों से संबंधित अभिलेखों और रिकार्डो को व्यवस्थित तरीके से रखा जाए। इस दौरान जिलाधिकारी ने कोषागार के विभिन्न अनुभागों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कोषागार कर्मियों को वित्तीय अनुशासन बनाए रखने और भविष्य में किसी भी वित्तीय अनियमितता को रोकने के लिए आवश्यक सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। कार्यालय में वाटरकूलर की खराब स्थिति होने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जाहिर करते हुए कोषाधिकारी को तत्काल कार्यवाही कर पेयजल की व्यवस्था सही कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्वच्छता पर भी जोर देते हुए कहा कार्यालय में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखा जाए। साथ ही जिन निष्प्रयोज्य पत्रवालियों को अधिक समय हो गया है उनकी नियमानुसार विनिष्टिकरण की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ कोषाधिक. ारी कन्हैया राम सारकी, कोषाधिकारी आकाश रघुवंशी, सहायक कोषाधिकारी श्याम नाथ, विजय देउपा आदि मौजूद थे।

### विश्व पर्यटन दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर शनिवार को अल्मोड़ा नगर में पर्यटन विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सुबह पर्यटन कार्यालय से साइकिल रैली का शुभारंभ मेयर अजय वर्मा द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। मल्ला महल में आयोजित मुख्य कार्यक्रम की अध्यक्षता मेयर अजय वर्मा ने की। इस अवसर पर भरतनाट्यम, कत्थक सहित विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान पर्यटन विभाग द्वारा जनपद में संचालित होमस्टे के बीच आयोजित प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त होमस्टे संच. ालकों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया।

## कांग्रेसियों ने बदहाल सड़कों पर चलाया हल

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** जागेश्वर विधानसभा के विभिन्न सड़क मार्गो में पिछले लंबे समय से डामरीकरण नहीं होने से ग्रामीणों में रोष बना हुआ है। शनिवार को पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल के नेतृत्व में अल्मोड़ा विधायक मनोज तिवारी और ग्रामीणों ने मिलकर मार्ग पर हल चलाकर विरोध प्रदर्शन किया। पूर्व विस अध्यक्ष कुंजवाल ने कहा कि भाजपा के शासनकाल में विकास कार्य ठप पड़ गए है। कांग्रेस के शासनकाल में हुए कार्यो को रोकने काम किया जा रहा है। कहा कि भाजपा सरकार विकास कार्यो में पूरी तरह फेल साबित हुई है। मांगों को लेकर कई बार लोनिवि के अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन समस्या



जस की तस बनी हुई है। अल्मोड़ा विधायक मनोज तिवारी ने कहा कि लंबे समय से क्षेत्र के विभिन्न मोटर मार्गो के सुधारीकरण और डामरीकरण की मांग कर रहे है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही। कहा कि जल्द समस्याओं का समाधान नहीं होने पर आंदोलन को बाध्य होना पड़ेगा। कांग्रेस जिला महामंत्री एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य दीवान सतवाल ने कहा कि सत्यौं रैलाकोट मोटर मार्ग का निर्माण होते समय किसानों की जमीन कटी थी जिसका मुआवजा दस वर्षों बाद भी उन्हें नहीं मिला है। इसके अलावा सत्यों रैलाकोट, मेरधुरा सत्यों, सत्यों कपलेश्वर मोटर मार्ग बदहाल स्थिति में हैं। लगातार इनके सुधारीकरण की मांग की जा रही है, लेकिन कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं हो रही है। यहां ब्लॉक अध्यक्ष मनोज रावत, गोपाल सिंह चौहान, हेम कुमार आर्या, पूरन चंद्र पांडेय, पूरन सतवाल, संजय कुमार, नंदन सिंह त्याल, दीवान सिंह सतवाल, दीवान सिंह, तारा देवी, दया किशन खोलिया, दलीप सिंह सिजवाली, भवान राम, आनंद राम, जसवंत सिंह सतवाल, गोविंद सिंह सतवाल, नवीन सिंह सतवाल, सुनीता देवी, पार्वती देवी, अनीता कनवाल, कलावती देवी, मनोज कुमार, गंगा देवी, बसंती देवी, देवीदत्त खोलिया, अनिल सतवाल, नीरज सतवाल, बबलू राणा, संजय सतवाल, पंकज कुमार, महेंद्र कुमार व मोहन सिंह सतवाल समेत अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## ज्ञानार्थी में डांडिया नाइट

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** ज्ञानार्थी कॉलेज में शुक्रवार रात भव्य गरबा एवं डांडिया नाइट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहीं मिस वर्ल्ड 2017 मानुषी छिल्लर। उनकी उपस्थिति ने पूरे आयोजन को यादगार बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक त्रिलोक चीमा एवं महापौर



दीपक बाली ने की उपस्थिति में हुआ। इसी क्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता राम मेहरोत्रा, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता संदीप सहगल, विमल गुड़िया, खिलेंद्र चौधरी, गुरविंदर सिंह चंदोक, पूजा सिंह, प्रो. बसंत बल्लभ भट्ट, केएस दसीला, एनसी सिंह, रानी कामाक्षी सिंह, प्रदीप छपरा, रिश्ता अग्रवाल सक्सेना, मधुमिता बनर्जी, रेखा सिंह, योगराज सिंह, मनीष शर्मा, अर्पिता शर्मा तथा सृष्टि बंसल आहूजा सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का स्वागत कॉलेज के अध्यक्ष संतोष मेहरोत्रा एवं शिवानी मेहरोत्रा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। मानुषी छिल्लर ने विद्यार्थियों को मेहनत, अनुशासन और लगन के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। गरबा और डांडिया की मधुर धुनों पर उपस्थित सभी लोगों ने देर रात तक उत्साहपूर्वक नृत्य किया। आयोजन स्थल पर लगाए गए फूड स्टॉल भी आकर्षण का केंद्र बने रहे। उपस्थित अतिथियों एवं दर्शकों ने इसे अविस्मरणीय आयोजन बताया।

### कलश यात्रा एवं प्रतियोगिता सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** सूर्या फाउंडेशन आदर्श गांव योजना के अंतर्गत और सूर्या रोशनी लिमिटेड काशीपुर के सहयोग से ग्राम बसई में भव्य कलश यात्रा एवं विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। गांव की महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा धारण कर मंगल गीत गाए और कलश यात्रा में शामिल हुईं। प्रतियोगिता में इनमें सूई-धागा प्रतियोगिता, मटका दौड़, कलश सज्जा प्रतियोगिता तथा अन्य खेलक. ूद कार्यक्रम प्रमुख आकर्षण रहे। कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ समा. जसेवी योगराज सैनी, जिला विधि प्राधिकरण से रणधीर सैनी, सेवाभावी कार्यकर्ता मनोज सैनी एवं उत्तराखंड क्षेत्र प्रमुख हिमांशु ने कार्यक्रम के सफल आयोजन पर ग्रामवासियों को बधाई दी। इस अवसर पर सुनील कुमार, कविता सैनी, जानवी, सरवन कुमार सहित अनेक ग्रामवासी मौजूद रहे।

## अल्मोड़ा अर्बन बैंक की बैठक

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** अल्मोड़ा अर्बन को आपरेटिव बैंक लिमिटेड की शनिवार को 34 वीं वार्षिक सामान्य निकाय की बैठक आयोजित हुई। जिसमें बैंक द्वारा 2024-25 में बैंक की ओर से किये गये कार्यों की जानकारी दी गई। इस दौरान





बैंक का सकल लाभ 68.13 करोड़ रुपये रहा। बैंक का व्यवसाय कार्य 5147.43 था, जो वर्तमान में बढ़कर 5736.58 करोड़ हो गया है। 2028 तक बैंक का कार्य व्यवसाय आठ हजार करोड़ पहुंचाने के लक्ष्य के साथ ही नई शाखाएं खोलने का लक्ष्य रखा गया है। शनिवार को नगर के शिखर होटल सभागार में आयोजित वार्षिक निकाय की बैठक में बैंक के सचिव व महाप्रबंधक पीसी तिवारी ने बताया कि बैंक निक्षेपों में पिछले वर्ष की तुलना में 261.65 करोड़ की वृद्धि हुइ हैं, जो कि वित्तीय वर्ष में 3672.89 करोड़ हो गई है। ऋण वितरित करने के बावजूद अच्छी वसूली हुई है। जिसमें 327.39 करोड़ की वृद्धि हुई। बैंक की निजी पूंजी अब 697.34 करोड़ हो गई है। बैंक का नेट एनपीए शून्य है। उन्होंने कहा कि बैंक उपभोक्ताओं को आधुनिक बैंकिंग सुविधाएं दे रहा है। ग्राहकों को आधुनिक सुविधाएं प्रदान करने के लिए बैंक कृत संकल्प है। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में बैंक ने 13.10 करोड़ अग्रिम आयकर भी जमा किया है। बैंक ने अपने अंश धारकों को 10 फीसदी की दर से लाभांश देने का भी निर्णय लिया है। बैठक में अध्यक्ष सीए महेश चंद्र जोशी, उपाध्यक्षा डा. वसुधा पंत, सुरेंद्र प्रसाद, सुजाता गुलाटी, विनय कुमार टंडन, दिनेश चंद्र, गगनदीप सिंह सहदेव, हरीश चंद्र पाठक, चंद्रशेखर कांडपाल, डा. दीपक गोड़, जीतेंद्र सिंह, गिरीश धवन, प्रकाश पांडे, सदी राम आर्या, प्रभा साह, आनंद सिंह बगड़वाल, किशन चंद्र गुरुरानी, गोविंद लाल वर्मा, सुनील अग्रवाल, लक्ष्मण सिंह ऐठानी, विनीत दुर्गापाल, मुमताज हुसैन शाह, दीवान सिंह बिष्ट समेत अन्य मौजूद रहे।

## अल्मोड़ा की दुर्दशा पर पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष का प्रशासन पर हमला

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** व्यापार मंडल के पूर्व जिला अध्यक्ष हरेंद्र वर्मा ने एक प्रेस बयान जारी करते हुए नगर की बदहाल व्यवस्था, प्रशासनिक सुस्ती और जनसमस्याओं की अनदेखी पर कड़ी नाराज़गी जताई है। उन्होंने नगर निगम, पुलिस और प्रशासन को जनता के प्रति गैरजिम्मेदार बताते हुए कई गंभीर मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। वर्मा ने कहा कि कैंची से क्वारब



तक वैकल्पिक व्यवस्था न होने से जनता लगातार तकलीफ झेल रही है। सवा साल से अधिक समय गुजर गया, लेकिन न तो वैकल्पिक सड़क बनी और न कोई ठोस इंतज़ाम। यह मोदी सरकार और नितिन गडकरी जी के दावों का खंडन करता है। सड़क एवं परिवहन राज्य मंत्री सिर्फ धनरा. शि गिनाते हैं, जबकि जनता को स्थायी समाधान चाहिए। उन्हें स्पष्ट बताना चाहिए कि वैकल्पिक मार्ग पर यातायात कब शुरू होगा। वर्मा ने हाल में हुए नंदादेवी मेले के दौरान पुलिस और प्रशासन की निष्क्रियता पर भी सवाल उठाए। बाहरी व्यापारी दुकान लगा गए लेकिन जिला प्रशासन और तीनों विभाग ऐसे रहे जैसे उन्हें जानकारी तक न हो। रामलीला के दौरान भी बाजार में पुलिस मौजूद नहीं रही। वर्मा ने तंज कसते हुए कहा कि ट्रिपल इंजन की सरकार अब साइकिल बनकर रह गई है। नाले लीक हो रहे हैं, मेयर, पार्षद और अधिकारी सब देखकर चले जाते हैं लेकिन कार्रवाई शून्य है। इच्छा शक्ति की कमी ने शहर के विकास को रोक रखा है।

# पत्थरबाजी, अराजकता, बवाल के बीच हुए कॉलेज में चुनाव

## कुमाऊं के सबसे बड़े महाविद्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के अभिषेक ने बनाए रखी बढ़त

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** कुमाऊं के सबसे बड़े महाविद्यालय एमबीपीजी कालेज छात्रसंघ चुनाव मतदान के बाद दोपहर तीन बजे से शुरू हुई मतगणना में शुरूआती दौर में एनएसयूआई प्रत्याशी कमल बोरा तीन राउंड तक बढ़त बनाए हुए थे। लेकिन चौथे राउंड के बाद एबीवीपी प्रत्याशी अभिषेक गोस्वामी ने बढ़त बनानी शुरू कर दी और 12 राउंड तक एबीवीपी के अभिषेक गोस्वामी 122 मतों से आगे चल रहे। जबकि निर्दलीय प्रत्याशी मोहम्मद अरशद को 83 मत ही मिले है। छात्रसंघ अध्यक्ष पद में कांटे की टक्कर में एबीवीपी के अभिषेक गोस्वामी एनएसयूआई के कमल बोरा से 91 मतों से आगे चल रहे है। वहीं खबरे लिखे जाने तक वोटों की गिनती जारी रहे। इस छात्रसंघ चुनाव में एबीवीपी का जीतना तय माना जा रहा है। वहीं उपाध्यक्ष पद पर मनीष चन्द्र ने अपने प्रतिद्वंदी वंश देव से 1305 मतों से आगे चल रहे है। उपाध्यक्ष पद के लिए मनीष चन्द्र का जीतना तय है। जबकि कोषाध्यक्ष पद में यशवर्धन चिलवाल अपने प्रतिद्वंदी प्रिय दानु से 129 मतों से आगे चल रहे, विश्व. विद्यालय प्रतिनिधि में रक्षित बिष्ट अपने प्रतिद्वंदी मंयक मेहता से 591 मतों से आगे चल रहे है। जबकि सचिव में गौरव तिवारी, छात्रा उपाध्यक्ष में ज्योति दानु और संयुक्त सचिव में मनोज सिंह बिष्ट, सांस्कृतिक सचिव में जतीन तिवारी पहले ही र्निविरोध चुने गए है। शनिवार को एमबीपीजी कालेज में छात्रसंघ चुनाव में अध्यक्ष समेत छह पदों के लिए सुबह नौ से दोपहर दो बजे तक मतदान हुआ। मतदान के लिए कालेज में 16 बूथ बनाये गये थे जिनमें आठ-आठ बूथ छात्र-छात्राओं के थे। कॉलेज में होने वाले मतदान के छात्र-छात्रों ने कोई खास रुचि नहीं दिखाई।

शरुआती घंटों में मतदान की गति काफी धीमी रही। मतदान समाप्ति तक केवल 25.75 प्रतिशत छात्र-छात्राओं ने ही अपने मताधिकार का प्रयोग किया। 13,978 मतदाताओं में से 3599 ने ही अपने मताधिकार का प्रयोग किया। दोपहर साढ़े तीन बजे से दस टेबिलों में मतगणना प्रारंभ हुई और देर रात्रि तक मतगणना जारी रही। देर रात्रि हुई मतगणना के 12 राउंड तक एबीवीपी के अभिषेक गोस्वामी 122 मतों से आगे चल रहे। जबकि आठवें राउंड की गिनती तक उपाध्यक्ष पद पर मनीष चन्द्र को 1549 मत मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंदी वंश देव 244 मत ही मिले। मनीष चन्द्र, वंश देव से 1305 मतों से आगे चल रहे है। कोषाध्यक्ष पद में यशवर्धन चिलवाल 730 मत मिले, प्रिया दानू को को 601 मत ही मिले, यशवर्धन चिलवाल अपने प्रतिद्वंदी प्रिया दानु से 129 मतों से आगे चल रहे, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि में रक्षित बिष्ट को 1012 मत मिले व मयंक मेहता 42। मत ही मिले। रक्षित बिष्ट अपने प्रतिद्वंदी मंयक मेहता से 591 मतों से आगे चल रहे है। वहीं देर रात कोषाध्यक्ष पद में यशवर्धन पांडे विजय रहे, विज्ञान संकाय में उज्जवल तिवारी जीते। खबर लिखे जाने तक मतगणना जारी है। रविवार को सभी नवर्निवाचित छात्रसंघ पदाधिकारियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई जायेगी।

### 25.75 प्रतिशत मतदान

**हल्द्वानी।** छात्र संख्या के लिहाज से कुमाऊं के सबसे बड़े कॉलेज में होने वाले छात्रसंघ चुनाव के लिए मतदाताओं की कोई ख़ास दिलचस्पी नहीं थी। 13,978 वोटरों में से सिर्फ 25.75 प्रतिशत छात्र-छात्राएं ही वोट देने आये। इनमें सबसे अधिक 8089 छात्राओं के मत थे, जिनमे से केवल 1826 छात्राएं हो वोट देने आयी। महज 22.57 छात्राओं ने ही मतदान में हिस्सा लिया। वही, छात्रों के 5889 मत थे, जिनमे से केवल छात्रों ने 1773, वोट डाले, और महज 30.11 प्रतिशत वोट डाले।









### अराजकता की हद: निवर्तमान उपसचिव का सिर फोड़ा

शाह टाइम्स ब्यूरो



**हल्द्वानी।** कुमाऊं के सबसे बड़े महाविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव हों, और शांतिपूर्ण सम्पन्न हो जाएं, ऐसा सम्भव ही नहीं। इस बार भी ऐसा ही हुआ। जमकर अराजकता और मारपीट हुई। सुबह से डिग्री कॉलेज में शांतिपूर्ण मतदान शुरू हुआ लेकिन दोपहर होते-होते हंगामा शुरू हो गया। भाजपा के छात्र संघठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और कांग्रेस के एनएसयूआई के गुट आमने-सामने आ गए। मतदान के दौरान छात्रसंघ चुनाव में निर्वतमान उपसचिव मनोज सिंह बिष्ट को कुछ छात्रों ने कालेज परिसर में घेर लिया और हाथापाई कर दी। इस हाथापाई में मनोज बिष्ट कर सिर फोड़ दिया गया और लहुलुहान मनोज ने सबका ध्यान इस बवाल की ओर और भी बढ़ा दिया। मनोज ने आरोप लगाया कि वह वोट डालकर आ रहे थे तभी संजय जोशी व उसके लड़कों ने मारपीट की। संजय जोशी के खिलाफ अगर कार्रवाई नहीं हुई तो वह कालेज परिसर से छलांग लगाकर अपनी जान भी दे सकते हैं।

### पुलिस का डायवर्जन नहीं आया काम

**हल्द्वानी।** छात्रसंघ चुनाव के दौरान पुलिस की सारी तैयारियां नाकाम साबित हुईं। चुनाव से आम राहगीरों को होने वाली परेशानी से बचाने के लिए पुलिस ने डायवर्जन प्लान बनाया था, लेकिन वह कारगर नहीं साबित हुआ। जब कॉलेज में मतदान चल रहा था, तब बाहर कड़ी धूप में राहगीर लंबा जाम झेलते रहे। पुलिस ने कॉलेज के सामने की सड़क को जीरो जोन घोषित कर दिया था और नैनीताल से आने-जाने वाले यातायात को दूसरी सड़क पर डायवर्ट किया गया था। अगर पुलिस यहां बेहतर व्यवस्था कर पाती तो यातायात सामान्य रहता। लेकिन कॉलेज के सामने नैनीताल से आने वाली सड़क पर हंगामे कर रहे युवकों की भारी भीड़ जमा थी, जो बार-बार सड़क पार करते रहे।

### कॉलेज परिसर में अतिरिक्त पुलिस बल रहा तैनात

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** एमबीपीजी कॉलेज में चल रहे छात्रसंघ चुनाव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने खुद एसएसपी पीएन मीणा मौके पर पहुंचे। उन्होंने कॉलेज प्रशासन व पुलिस अधिकारियों से बातचीत कर चुनाव प्रक्रिया को



शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए। एसएसपी ने स्पष्ट कहा कि किसी भी स्थिति में कानून व्यवस्था प्रभावित नहीं होनी चाहिए और यदि कोई अराजकता फैलाने की कोशिश करता है तो उस पर तुरंत सख्त कार्रवाई की जाए। कॉलेज परिसर और आस-पास के क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। साथ ही संवेदनशील स्थानों पर पुलिस की विशेष निगरानी रखी जा रही है। यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए रूट डायवर्जन प्लान भी लागू किया गया है, जिससे आमजन को कोई असुविधा न हो। इस अवसर पर एसपी क्राइम डा. जगदीश चंद्रा, सीओ हल्द्वानी नितिन लोहनी सहित अन्य अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे।

### शहीद श्री खेमचंद डौर्बी राजकीय महाविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव परिणाम घोषित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी/बेतालघाट।** शहीद श्री खेमचंद डौर्बी राजकीय महाविद्यालय, बेतालघाट में छात्रसंघ चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गया। अध्यक्ष पद पर सुनील कुमार, जबकि सचिव पद पर नीरज कुमार ने विजय प्राप्त की। सुमन




छात्रा उपाध्यक्ष, हिमानी बिष्ट कोषाध्यक्ष, तथा आरती विश्वविद्यालय प्रति. निधि के रूप में निर्वाचित हुईं। चुनाव परिणामों की औपचारिक घोषणा छात्रसंघ प्रभारी डा. तरुण कुमार आर्य ने की। इसके उपरांत प्राचार्य प्रो. विनय कुमार विद्यालंकार ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई एवं प्रमाण पत्र वितरित किए। प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि छात्रसंघ का दायित्व केवल नेतृत्व तक सीमित नहीं है, बल्कि शिक्षा, अनुशासन और रचनात्मक गतिविधियों में सहयोग देकर महाविद्यालय को बेहतर बनाना भी उनका कर्तव्य है। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि महाविद्यालय प्रशासन सदैव छात्र-छात्राओं की प्रगति के लिए तत्पर है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डा. जयति दीक्षित, डा. ईप्सिता सिंह, डा. दीपक, डा. निर्मला सहित सभी कार्मिक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## महिला कॉलेज से कांग्रेस को राहत

### एनएसयूआई समर्थित भावना ने एबीवीपी को दी शिकस्त

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** महिला महाविद्यालय छात्रसंघ चुनाव में अध्यक्ष पद में निर्दलीय प्रत्याशी भावना थापा ने अपना परचम लहराते हुए एबीवीपी प्रत्याशी मीनाक्षी पंत को 160 मतों से करारी मात दे दी। जबकि छात्रा उपाध्यक्ष पद पर एक ही नामांकन होने पर दीक्षा मेहरा को निर्विरोध निर्वाचित किया गया। छात्रसंघ अध्यक्ष पद में निर्दलीय प्रत्याशी भावना थापा को 329 मत मिले, और एबीवीपी की प्रत्याशी मीनाक्षी पंत को केवल 169 मत ही प्राप्त हुए। वहीं उपाध्यक्ष दीक्षा मेहरा, और संयुक्त सचिव यामिनी नदगली, सांस्कृति सचिव ऋषिका, विज्ञान संकाय प्रतिनिधि रिया सिंह बोरा, कला संकाय भावना आर्या व वाणिज्य संकाय में पूजा रंगवाला पहले ही निर्विरोध चुन ली गई थी। सचिव पद में प्रियंका डालाकोटी को 240 मत मिले और सिम्पी जोशी को 225 मत ही मिले। प्रियंका ने अपने प्रतिद्वंदी सिम्पी को 15 मतो से परा. जित किया। कोषाध्यक्ष पद के लिए ज्योति मेवाड़ी 350 मत मिले। जबकि खुशी बोरा को 143 ही मत प्राप्त हुए, और ज्योति ने 207 मत प्राप्त कर जीत हासिल की। विश्व. विद्यालय प्रतिनिधि में रश्मि ने अपनी प्रतिद्वंदी निष्ठा आर्या को 138 मतों से पाराजित किया। रश्मि को 314 मत मिले जबकि निष्ठा आर्य को 176 मत। परिणामों की घोषणा के बाद सभी नव निर्वाचित छात्रसंघ पदाधिकारियों को प्राचार्य डा. आभा शर्मा एवं मुख्य चुनाव अधिकारी डा. तनुजा बिष्ट ने पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई।

अध्यक्ष- भावना थापा (निर्दलीय)
उपाध्यक्ष-दीक्षा मेहरा
सचिव- प्रिंयका डालाकोटी
संयुक्त सचिव- यामिनी नदगली
कोषाध्यक्ष-ज्योति मेवाड़ी
सांस्कृति सचिव-ऋषिका
वि0वि प्रतिनिधि-रश्मि
कला संकाय- भावना आर्या
वाणिज्य संकाय- पूजा रंगवाल
विज्ञान संकाय- रिया सिंह बोहरा





## छात्र गुटों में पत्थरबाजी, खाई लाठियां

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** एमबीपीजी कॉलेज में छात्रसंघ चुनाव के दौरान फर्जी एडमिट कार्ड को लेकर तनाव इस कदर बढ़ा कि एबीवीपी और एनएसयूआई कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए। स्थिति तब और बिगड़ गई जब दोनों गुटों के बीच गाली-गलौज और मारपीट शुरू हो गई, जो देखते ही देखते पथराव और लाठीचार्ज में बदल गई। मौके पर तैनात पुलिस स्थिति को भांप भी नहीं सकी कि छात्रों ने एक-दूसरे पर पत्थरबाजी शुरू कर दिए। शहर के हालात बेकाबू होने से पहले ही पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा, जिससे सैकड़ों छात्र तितर-बितर हो गए।

कई छात्रों ने इस दौरान पुलिस पर भी हमला करने की कोशिश की, जिसके चलते पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लिया है। चुनाव के दौरान एक युवक फर्जी वोटर के रूप में पकड़ा गया, जिससे बवाल खड़ा हो गया। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि यह साजिश एबीवीपी की है। इसके बाद भारी संख्या में कार्यकर्ता फर्जी एडमिट कार्ड बनाने वाले ठिकाने की तलाश में निकल पड़े और दुर्गा सिटी सेंटर स्थित एक साइबर कैफे पर पहुंच गए, जहां कथित तौर पर कई लोग एडमिट कार्ड निकालते हुए पाए गए। आरोप है कि यहीं से फर्जी एडमिट कार्ड बनाए जा रहे थे। जब एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने सेंटर बंद कराने की मांग की, तो एबीवीपी समर्थक भी मौके पर आ पहुंचे और दोनों पक्षों में जमकर नोकझोंक, गाली-गलौज और हाथापाई हुई। स्थिति फिर से बिगड़ने लगी और कुछ अराजक तत्वों ने पत्थरबाजी शुरू कर दी, जिसके बाद पुलिस ने फिर से बल प्रयोग करते हुए लाठीचार्ज किया। कॉलेज परिसर के बाहर रैली निकाल रहे समर्थकों को रोकने के प्रयास में भी पुलिस और छात्रों के बीच झड़प हो गई। जब पुलिस ने बल प्रयोग कर भीड़ को रोका तो कुछ लोगों ने पुलिसकर्मियों पर हाथ छोड़ने से भी गुरेज नहीं किया। यहां से भी कई युवाओं को हिरासत में लिया गया। कोतवाल अमर चंद्र शर्मा का कहना है कि मामले में अभी किसी पक्ष से औपचारिक तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। वहीं एसपी क्राइम डा. जगदीश चंद्र ने साफ कहा है कि, अराजकता किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की जिम्मेदारी है और इसका उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### फर्जी आईडी पर वोट डालने आया छात्र पकड़ा गया

**हल्द्वानी।** एमबीपीजी कॉलेज में चल रहे छात्रसंघ चुनाव के दौरान एक फर्जी वोटर पकड़ा गया। यह खुलासा तब हुआ जब एनएसयूआई अध्यक्ष पद के प्रत्याशी कमल बोरा ने कॉलेज प्रशासन से फर्जी वोटिंग की लिखित शिकायत की। शिकायत मिलने के बाद कॉलेज प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए संदिग्ध छात्र की जांच की। जांच में पाया गया कि उसके पास जो कॉलेज का आई कार्ड था, वह फर्जी था। आई कार्ड फर्जी पाए जाने पर कॉलेज प्रशासन ने संबंधित छात्र को पुलिस के हवाले कर दिया, साथ ही अन्य फर्जी वोटरों की पहचान के लिए आई कार्ड स्कैनिंग और सत्यापन का काम तेज़ी से शुरू कर दिया है। कॉलेज प्रशासन ने स्पष्ट किया कि चुनाव की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए सख्त कदम उठाए जा रहे हैं, एनएसयूआई प्रत्याशी कमल बोरा ने प्रशासन के त्वरित एक्शन की तारीफ की।

## सीता लखन संग राम चले वनवास

शाह टाइम्स ब्यूरो



**हल्द्वानी।** नगर निगम इंटर कालेज काठगोदाम के प्रांगण में चल रही रामलीला मंचन के चौथें दिन दशरथ दरबार, मंथरा-कैकेई संवाद, दशरथ-कैकेयी संवाद व राम वनवास का मंचन किया गया। सबसे पहले रामलीला कमेटी के पदा. धिारियों के साथ मुख्य अतिथि व्यवसाई रोबिन जैन, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य अर्जुन बिष्ट, पूर्व पार्षद नवीन पांडे, दिवेश तिवारी ने द्वारा भगवान श्री राम का पूजन व आरती कर दीप प्रज्जवलित किया गया। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष संदीप राणा ने बताया कि आज की लीला मंचन में सबसे पहले दशरथ दरबार में श्री राम का राज्य अभिषेक की चर्चा सुनकर कैकेई की दासी मंथरा परेशान हो जाती है। वह रानी कैकेई के पास जाकर उसे कहती है कि राजा दशरथ से किसी तरह दो वर मांग, जिसमें राम को 14 वर्ष का वनवास व भरत को राज अभिषेक पर राजी किया जाए। मंचन में कैकेई-मंथरा के संवाद ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद कैकेइ कोप भवन में जाकर दशरथ से दो वर मांगती हैं। भरत को राजतिलक और राम को 14 वर्ष का वनवास। पिता राजा दशरथ की आज्ञा पाकर राम, लक्ष्मण सीता वनवास को चलते जाते हैं। इस दौरान राजा दशरथ के विलाप को देखकर दर्शक भी अपनी आंखों से आंसू रोक नहीं पाए। जिसके बाद रामलीला मंचन संपन्न हुई। इस मौके पर संदीप राणा, संतोष राणा, प्रमोद जोशी, मोहन बिष्ट, महेश राणा, बहादुर सिंह बिष्ट, विवे. के बिष्ट आदि मौजूद रहे।

## नवाबी रोड में युवती के अपहरण से हड़कंप!

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** शनिवार की सुबह कोतवाली क्षेत्र के नवाबी रोड से सुबह के समय एक युवती के अपहरण होने की सूचना से हड़कंप मच गया। सुबह सैर को निकले लोगों ने जब एक कार में युवती को ले जाते देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने क्षेत्र के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिए। फिलहाल इस मामले में अभी तक पुलिस को कोई तहरीर नहीं आई है। जानकारी के अनुसार आज शनिवार की सुबह कुछ लोग सैर को निकले थे तभी नवाबी रोड के पास एक कार में इन्ही लोगों ने एक युवती को ले जाते देखा। कार में युवती की अपहरण की सूचना मिलते ही पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले। फुटेज में कुछ कॉलेज के छात्र सड़क पर राजनीतिक पोस्टर फाड़ते दिखे। हालांकि, इस मामले में कोई भी लिखित शिकायत या तहरीर पुलिस को नहीं मिली है। कोतवाली प्रभारी अमर चंद्र शर्मा ने बताया कि अपहरण की सूचना मिलने पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और सीसीटीवी फुटेज की समीक्षा कर रही है। फिलहाल कोई शिकायत दर्ज नहीं हुई है, लेकिन पुलिस पूरे मामले की पड़ताल कर रही है।

## डा. गोविंद सिंह तीतियाल ने सम्भाला मेडिकल कॉलेज का चार्ज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** राजकीय मेडिकल कॉलेज में शनिवार को डा. गोविंद सिंह तीतियाल ने प्राचार्य का पदभार ग्रहण किया। औपचारिक कार्यवाही पूर्ण करने के बाद उन्होंने कॉलेज के प्राचार्य के रूप में कार्यभार संभाला। उत्तराखंड शासन ने उन्हें रुद्रपुर मेडिकल कॉलेज के साथ-साथ हल्द्वानी मेडिकल कॉलेज का प्राचार्य दायित्व सौंपा है। पदभार ग्रहण के अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सकों, फैकल्टी सदस्यों एवं स्टाफ ने उनका स्वागत किया। इस दौरान डा. तीतियाल ने कहा कि मेडिकल कॉलेजों की चिकित्सकीय, शैक्षणिक और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के प्रयास किए



जाएंगे। उन्होंने छात्र-छात्राओं के लिए बेहतर शैक्षणिक वातावरण और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा उपलब्ध कराने को अपनी प्राथमिकता बताया। इसी क्रम में उत्तराखंड शासन के आदेशानुसार डा. अरुण जोशी, पूर्व प्राचार्य राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी ने जनरल मेडिसिन विभाग में प्रोफेसर के रूप में पदभार ग्रहण किया। आज ही मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डा. गोविंद सिंह तीतियाल ने डा. अरुण जोशी संकाय सदस्य मेडिसिन विभाग को चिकित्साअधीक्षक डा. सुशीला तिवारी राज्यकीय चिकित्सालय का अतिरिक्त दायित्व दिया गया है। संकाय सदस्यों ने उनका स्वागत करते हुए कहा कि डा. जोशी के मार्गदर्शन और लंबे चिकित्सकीय अनुभव से कॉलेज और रोगियों दोनों को लाभ मिलेगा।

## 9 लाख का अवैध स्टॉक जब्त

### मंगलपड़ाव में एक फार्म पर राज्य कर विभाग का छापा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** आयुक्त राज्य कर और अपर आयुक्त राज्य कर कुमाऊं जोन रुद्रपुर राकेश वर्मा एवं संयुक्त आयुक्त विशेष अनुसंधान शाखा एसएसटी हल्द्वानी के निर्देशन में विशेष अनुसंधान इकाई (राज्य कर) ने लेन संख्या 1 मंगलपड़ाव स्थित फर्म की जांच एवं संदर्भित कार्रवाई की। फर्म की जांच के दौरान फर्म का विश्लेषण करने पर विगत वर्षो के विवरणों की जांच की गयी, जहां यह पाया गया कि फर्म लंबे समय से सही तरीके से जीएसटी का भुगतान नहीं कर रही थी। साथ ही छोटे एवं मिनी वाहनों से सिन गुड्स (जैसे बोरी, तम्बाकू, इत्यादि सामान) अन्य व्यापारियों तक पहुंचाया जा रहा था। इस पर संदेह होने पर जीएसटी



विभाग ने अनेक टेस्ट परचेज कर सत्यापन किया और जीएसटी पोर्टल पर दी गई सूचना की पुष्टि की। पता चला कि फर्म ने बिना बिल और बिना जीएसटी के सिन गुड्स जैसे तम्बाकू, बीडी, सिगरेट इत्यादि की मात्रा में मोटी-बिक्री की थी। जांच के दौरान राज्य कर विभाग की टीम ने 9 लाख से अधिक राशि का सिन गुड्स स्टॉक प्राप्त हुआ। इसी क्रम में जीएसटी की टीम ने 7 लाख की कर धाराशायी कैश के रूप में जमा कराए गए। उक्त व्यापारी स्थल से प्राप्त स्टॉक और प्रपत्र के अनुसार जीएसटी विभाग की जांच गतिमान है। साथ ही व्यापारी को भविष्य में जीएसटी एक्ट के अनुपालन एवं नियमित व्यापार करने के लिए जानकारी भी दी गई। उपायुक्त हेमलता शुक्ला ने बताया कि उक्त फर्म जो कर अपवंचन में लिप्त है, उसके विरुद्ध छानबीन जारी रहेगी और अन्य सिन गुड्स व्यापारियों की सूचना एकत्रित करते हुए भी जांच की जा रही है। जांच टीम में उपायुक्त हेमलता शुक्ला, सहायक आयुक्त दीपक कुमार, सहायक आयुक्त सूरज सिंह, राज्य कर अधिकारी राम टम्टा, आशीष अग्रवाल शामिल रहे।

## पंचांगों के अनुसार दीपावली 21 अक्टूबर को

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच द्वारा आयोजित एक विशेष बैठक में विद्वान पंडित जनों से परामर्श कर यह निर्णय लिया गया कि दीपावली का पर्व इस वर्ष 21 अक्टूबर 2025 (मंगलवार) को मनाया जाएगा। मंच द्वारा पंचांगों की विधिवत जाँच के बाद यह घोषणा की गई है। इस अवसर पर मंच ने क्षेत्र के सुप्रसिद्ध पंचांग पं. रामदत्त जोशी का श्री गणेश मार्कण्ड पंचांग तथा पं. रमेश जोशी का श्रीतारा प्रसाद दिव्य पंचांग का अवलोकन किया। बैठक में प्रमुख रूप से विद्वान पंडित डा. कैलाश भट्ट, पं. उमेश पाण्डेय और पं. ललित कांडपाल ने अपने ज्योतिषीय विश्लेषण के आधार पर बताया कि धनतेरस, नरक चतुर्दशी, दीपावली, गोवर्धन पूजन और भैया दूज सभी तिथियाँ 21 अक्टूबर से 25 अक्टूबर 2025 तक क्रमशः पड़ रही हैं, जिसमें मुख्य दीपावली 21 अक्टूबर को मनाई जाएगी। मंच संरक्षक हुकम सिंह कुंवर और अध्यक्ष खड़क सिंह बगड़वाल ने पर्वतीय समाज से अपील की कि हम सभी को एकजुट होकर पंचांगों का सम्मान करते हुए दीपावली पर्व 21 अक्टूबर को ही मनाना चाहिए, ताकि समाज में एकरूपता बनी रहे। इस बैठक में सचिव देवेंद्र तोलिया, त्रिलोक बनौली, संदीप भैंसोड़ा, धरम सिंह बिष्ट, ऋतिक आर्या, कमल किशोर समेत कई लोग मौजूद रहे।

### खिलाड़ियों को फुटबॉल शूज़ वितरित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** आयुक्त दीपक रावत की उपस्थिति में शनिवार को स्पोर्ट्स छात्रावास हल्द्वानी में फुटबॉल खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मंगला ट्यूब कम्पनी के सहयोग से खिलाड़ियों को फुटबॉल शूज़ वितरित किए गए। इस अवसर पर आयुक्त रावत ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार खिलाड़ियों को समाज और संस्थाओं से निरंतर प्रोत्साहन मिलना चाहिए। खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिलने से उनके प्रदर्शन में सुधार होता है और उनका आत्मविश्वास भी बढ़ता है। प्रोत्साहन, प्रेरणा और समर्थन ऐसे शक्तिशाली स्रोत है, जो खिलाड़ियों को अपनी पूरी क्षमता तक पहुँचने और नई ऊँचाइयों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम में मंगला ट्यूब कम्पनी के ऑनर कैप्टन सेनि. सचिन मंगला सहित खेल विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# कड़ी सुरक्षा में हुआ छात्रसंघ के लिए मतदान

■ कालेज गेट पर छात्र-छात्राओं की हुई सघन चेकिंग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** शनिवार को सरदार भगत सिंह राजकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय में छात्र संघ के चुनाव के लिए भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान हुआ। इस दौरान कालेज गेट पर सभी छात्र-छात्राओं की सघन चेकिंग की गई। मतदान प्रात: 9 बजे से प्रारम्भ होकर दोपहर दो बजे तक चला। जिसमें हजारों विद्यार्थियों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

महाविद्यालय के बाहर सभी पदों के प्रत्याशियों के समर्थक चुनाव प्रचार करते दिखाई दिए तो,महाविद्यालय परिसर में सभी प्रत्याशी मतदान करने आए छात्र-छात्राओं के हाथ जोड़कर व पैर छूकर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील करते दिखाई दिए। इस दौरान एक छात्र को पुलिस ने कालेज गेट पर चेकिंग करते फर्जी मतदान करने जाते पकड़ लिया, लेकिन वह पुलिस की चंगुल से बचकर भागने में कामयाब हो गया। मतदान के दौरान पुलिस अधिकारी महाविद्यालय में सुरक्षा व्यवस्थाओं की निगरानी करते रहे। मतदान के बाद आज मतगणना कर देर सायं चुनाव परिणाम की घोषणा कर दी जाएगी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रो. सर्वजीत सिंह व सहायक चुनाव अधिकारी डा. आशा राणा तथा डा. प्रदीप कुमार ने बताया कि अध्यक्ष पद पर नागेन्द्र गंगवार व रजत सिंह बिष्ट के मध्य, उपाध्यक्ष छात्र पद पर चेतन भट्ट व मो. नाजिश के मध्य, उपाध्यक्ष छात्रा पद पर गायत्री टम्टा व सोनिया मण्डल के मध्य, सचिव पद पर जसवंत सिंह व नक्श देव सिंह के मध्य, संयुक्त सचिव पद पर आदित्य शर्मा, कृष्णा मिस्त्री, मोहन कोली व राघवेन्द्र प्रताप सिंह के मध्य, कोषाध्यक्ष पद पर अभिषेक राय, आवेश पाल व प्रदीप कुमार के मध्य, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि पद पर मो. अरबाज व मोहित चन्द्र भट्ट के मध्य, सांस्कृतिक सचिव पद पर आकांक्षा चौधरी व जीवन चन्द्र भट्ट के मध्य, कला संकाय प्रति. निधि पद पर अंशु कुमारी, पूजा कुड़ाई व सुनील के मध्य, विज्ञान संकाय प्रतिनिधि पद पर कोमल दांगी व धीरज जोशी के मध्य तथा वाणिज्य संकाय प्रतिनिधि पद पर दक्ष कालरा व अंश सागर के मध्य चुनाव कराया गया।

उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में कुल 8551 विद्यार्थी पंजीकृत हैं। जिनमें अधिकांश को परिचय पत्र वितरित कर दिए गए हैं। आज भी कालेज गेट पर परिचय पत्र बनाए गए। कालेज में मतदान के दौरान एसपी क्राईम निहारिका तोमर, सीओ प्रशांत कुमार, कोतवाल मनोज रतूड़ी सहित तमाम पुलिस अधिकारी सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेकर ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को आवश्यक दियाा निर्देश देते रहे।

अब सभी प्रत्याशियों की नजरें सायंकाल घोषित होने वाले चुनाव परिणाम की ओर लगी हुई हैं।

## फर्जी वोट डालने आया छात्र भागा

**रुद्रपुर।** सरदार भगत सिंह राजकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय में आज हुए छात्र संघ के चुनाव के दौरान गेट पर चेकिंग कर रहे पुलिस कर्मियों ने फर्जी वोट डालने आए एक छात्र को पकड़ लिया, परंतु वह पुलिसकर्मियों को चकमा देकर भागने में कामयाब हो गया।

बताया जा रहा है कि मतदान के दौरान कालेज गेट पर चेकिंग के दौरान एक छात्र किसी और छात्र की पर्ची लेकर पहुंचा। वहां तैनात कांस्टेबल उमेश मिश्रा ने जब उसकी पर्ची को लेकर उसकी जांच करनी शुरू की तो वह छात्र घबरा गया और पलक झपकते ही वह मौके से भाग खड़ा हुआ। इस दौरान इंस्पेक्टर विजेंद्र शाह, थानाध्यक्ष पंतनगर नंदन सिंह रावत, प्रभारी निरीक्षक मोहन चंद्र पांडे ट्रांजिट कैंप, एसआई अशोक कुमार सहित कई पुलिस अधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

एक नजर

## ड्यूटी के दौरान फैक्ट्री में श्रमिक की तबियत बिगड़ी, मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

पुलिस ने जानकारी लेने के बाद शव पोस्टमार्टम को भेजा

**रुद्रपुर।** सिडकुल की एक कंपनी में ड्यूटी के दौरान एक श्रमिक की संदिग्ध परिस्थितियों में तबियत बिगड़ गई। उसे उपचार को अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जानकारी लेने के बाद शव पोस्टमार्टम को भेजा है। परिवार के लोग भी पहुंच गए।

जानकारी के मुताबिक जौहरी लाल पुत्र राम भरोसे लाल निवासी थाना मिलक गुलड़िया रामपुर यूपी यहां ट्रांजिट कैंप में किराए पर रह सिडकुल की कंपनी में काम करता था। वह रोजाना की तरह शुक्रवार रात को ड्यूटी के लिए गया। यहां पर उसकी तबियत बिगड़ गई। बताया जा रहा है कि उसकी तबियत बिगड़ने पर कंपनी के अधिकारी पहुंचे और उसे उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर सिडकुल पुलिस मौके पर पहुंची।

सिडकुल पुलिस चौकी प्रभारी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक के परिजनों को सूचना दी गई है। मृतक का साला सत्यवीर और पुत्र अमित समेत अन्य परिजन पहुंच गए। पोस्टमार्टम के बाद ही मृत्यु का सही कारण पता चलेगा। उधर मृतक के साला सत्यवीर ने बताया कि जौहरी लाल की अक्सर नाईट में ही ड्यूटी रहती थी। बताया कि तबियत तो कभी खराब नहीं रही। मृतक के चार बच्चे हैं। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## देवभूमि निकाय संयुक्त कर्मचारी महासंघ का हुआ गठन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सुल्तानपुर पट्टी।** नगर पंचायत कार्यालय में शुक्रवार को देवभूमि निकाय संयुक्त कर्मचारी महासंघ की जिला और नगर कार्यकारिणी का ऐलान किया गया।



कार्यक्रम में प्रदेशाध्यक्ष अजय बन्नू और नगर पंचायत चेयरमैन राजीव कुमार सैनी का बाल्मीकि समाज की ओर से भव्य स्वागत किया गया। इसी दौरान उद्यम सिंह नगर जिले और नगर कार्यकारिणी का गठन हुआ। जिला स्तर पर अशोक बाल्मीकि को जिलाध्यक्ष और पियूष अग्रवाल को जिला महासचिव की जिम्मेदारी दी गई। वहीं नगर कार्यकारिणी में शानू को अध्यक्ष, मोहित को उपाध्यक्ष, अरुण बाल्मीकि को महामंत्री, मनोज बाल्मीकि को उपसचिव, सुनील बाल्मीकि को संगठन मंत्री और हिमांशु को कोषाध्यक्ष बनाया गया है ।

# भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव की कथा सुनकर भावविभोर हुए भक्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** महाकाल सेवा समिति की ओर से किच्छा रोड रामनगर स्थित श्री दुर्गा मंदिर में आयोजित सार्वजनिक संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने पहुंचकर कथा श्रवण किया और आयोजन को सामाजिक व आध्यात्मिक चेतना का उत्तम माध्यम बताया।

पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने व्यास गद्दी पर विराजमान वृंदावन से पधारी देवी सिया दासी से आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजन समिति की ओर से उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कथा में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का भावपूर्ण वर्णन किया गया, जिसे सुनकर उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो गए। कथावाचक देवी सिया दासी ने श्रीकृष्ण के जीवन, उनके बाल्यकाल की लीलाओं और गीता उपदेश के माध्यम से भक्तों को धर्म, भक्ति और कर्म की महत्ता समझाई।

इस अवसर पर पूर्व विधायक राज. कुमार ठुकराल ने कहा श्रीमद् भागवत कथा मात्र एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि यह हमारी सनातन संस्कृति, सामाजिक समरस. ता और आत्मिक शुद्धि का जीवंत उदाहरण है। आज जब समाज में भागदौड़ और तनाव का माहौल है, ऐसे आयोजनों के माध्यम से शांति, श्रद्धा और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वे भागवत कथा जैसे धार्मिक आयोजनों में सम्मिलित होकर अपने जीवन को सकारात्मक दिशा दें।

इस अवसर पर पंकज पाण्डेय, रामकुमार, जितेंद्र तिवारी, ब्रजेश पाण्डेय, मयंक तिवारी, रामु चतुर्बेदी, धुरु देव, अनिल यादव, रामबिलास, सुभेन्दु परासर, सतपाल, राजेश मिश्रा, ब्रामदेव तिवारी, किरन तिवारी, ममता पाण्डेय, संगीता, रेनू परासर, संदीप कुशवाहा, राकेश सिंह, शंभू नाथ, प्रताप सिंह, आभा सिंह आदि मौजूद थे।

# विधायक ने किया निधि से योजनाओं का उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** क्षेत्रीय कांग्रेसी विधायक आदेश चौहान द्वारा अपनी विधायक निधि से जसपुर क्षेत्र के कई गांव/ मोहल्ले में लगभग 35 लाख रुपये लागत की योजनाओं का शिलान्यास/ उद्घाटन किया गया।

प्राप्त जानकारी अनुसार शनिवार को विधायक ने साथियों के साथ ग्राम बैतबाला में टाइल्स रोड, सरबरखेड़ा में खड़ंजा,गुल्लरगोजी में खड़ंजा,धर्मपुर में टाइल्स रोड एवं जसपुर शहर में वार्ड नं. 17 व 20 में पुलिया व खड़ंजे (योजना की लागत लगभग 35 लाख) का उद्घाटन किया गया ।

इस अवसर पर कांग्रेस नेता गजेंद्र सिंह, नगर अध्यक्ष कांग्रेस इख्तियार अहमद बबलू, जिला पंचायत सदस्य नईम अहमद, सर्वेश चौहान, शैलेन्द्र गहलौत, ग्राम प्रधान बैंतबाला सुरेन्द्र सिंह,भूरे,पूर्व प्रधान अमरजीत सिंह, वार्ड मेम्बर मो. यासीन एवं मोइनुद्दीन आदि मौजूद रहे।

## रामनगर के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन, कई पदक जीते




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा नैनीताल में आयोजित जिला स्तरीय टूर्नामेंट में रामनगर के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कई पदक अपने नाम किए।

रामनगर ताइक्वांडो अकादमी एवं नितेश शर्मा के मार्गदर्शन में अभ्यासरत खिलाड़ियों ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की।अंडर-14 वर्ग में नेहा ने कांस्य पदक एवं हिमानी ने रजत पदक जीता।अंडर-17 वर्ग में सलोनी और अंजली सती ने स्वर्ण पदक जबकि जान्हवी ने रजत पदक हासिल किया।अंडर-19 वर्ग में मेहक कोली ने स्वर्ण पदक प्राप्त कर क्षेत्र का मान बढ़ाया।इन विजेता खिलाड़ियों का चयन आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए हुआ है, जिनका आयोजन अंडर-14 एवं अंडर-17 वर्ग के लिए बागेश्वर में तथा अंडर-19 वर्ग के लिए ऊधम सिंह नगर में किया जाएगा।

# आपदा प्रभावित परिवारों के लिए दी मदद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** मिस्बाहुल उलूम एजुकेशन वेलफेयर ट्रस्ट रामनगर ने आपदा प्रभावित परिवारों की मदद के लिए जन सहयोग के माध्यम से 22 किलोग्राम खाद्य सामग्री की 50 किट लखनपुर स्पोर्ट्स क्लब से जुड़े लोगों को सौंपी है।

प्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों हिमाचल, पंजाब ,जम्मू कश्मीर में आई भीषण आपदा में भारी संख्या में जन धन की हानि हुई है। सैकडों की संख्या में लोग बेघर एवं प्रभावित हुए हैं। प्रदेश के प्रभावित परिवारों की मदद के लिए लखनपुर स्पोर्ट्स क्लब, गिरिजा देवी मंदिर समिति, राज्य सेनानी मंच, मिस्बाहुल उलूम एजुकेशन वेलफेयर ट्रस्ट रामनगर के संयुक्त अभियान के तहत जनता से सहयोग लेकर राहत सामग्री एकत्र की जा रही है। इसी दौरान मिस्बाहुल उलूम एजुकेशन वेलफेयर ट्रस्ट रामनगर से जुड़े लोगों द्वारा प्रभावित परिवारों की मदद के लिए 22 किलो की खाद्य सामग्री की 50 किट और 5000 की नगद राशि शनिवार को लखनपुर स्पोर्ट्स क्लब से जुड़े प्रभात ध्यानी, जितेन्द्र सिंह बिष्ट आदि को सौंपी है। इस अवसर पर शहर काजी मुफ्ती गुलाम मुस्तफा नईमी, हाजी मुमताज अंसारी, यूसुफ कसार, गौहर अली, आफताब आलम, मेहताब आलम, मोहम्मद हनीफ, दिलशाद, नादिर, नूर इस्लाम, मेहताब अली, अखलाक, मोहम्मद आरिफ, प्रभात ध्यानी, टीके खान, इन्द्र सिंह मनराल, मोहन तिवारी, जितेन्द्र सिंह बिष्ट, गुलाम मुस्तफा आदि मौजूद रहे।

# ऑक्सफोर्ड ने कोच जोशी एवं छात्र योगेन्द्र को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** ऑक्सफोर्ड अकादमी, रुद्रपुर के परिसर में विद्यालय की प्रबन्ध समिति एवं प्रधानाचार्य केएस नेगी द्वारा बाक्सिंग कोच सीके जोशीव कक्षा दस के छात्र योगेन्द्र यादव एवं उनके पिता वीरेन्द्र यादव को सम्मानित किया गया।

विद्यालय के छात्र योगेन्द्र यादव ने गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी ऑल इंडिया सीबीएसई नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप, जो हरियाणा के कोक. ोना में आयोजित की गई थी में भाग लेकर लगातार पिछले वर्ष 2024 व इस वर्ष 2025 में स्वर्ण पदक हासिल किया है। योगेन्द्र के उत्कृष्ट प्रदर्शन के फलस्वरूप उसे 5100 रुपये की नकद धनराशि एवं निशुल्क शिक्षा की सुविधा से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर योगेन्द्र के मुख्य कोच सीके जोशी ने अपने भाषण में बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी निपुणता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया तथा ये बताया कि किस प्रकार हमारे राज्य में खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य के लिए विभिन्न प्रकार के स्वर्णिम अवसर हैं। योगेन्द्र की इस उपलब्धि ने विद्यालय ही नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र एवं राज्य का नाम रोशन किया है। समस्त विद्यालय के शिक्षक व छात्र-छात्राओं को योगेन्द्र यादव के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर गर्व की अनुभूति है। प्रबंध समिति के प्रबन्धक, निद. ेशक व सदस्यों द्वारा योगेन्द्र यादव के स्वर्णिम भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की गईं।

## स्वच्छता कार्यक्रम चला लोगों को किया जागरुक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** एमपी इण्टर कॉलेज रामनगर में नगरपालिका के कर्मचारियों, छात्रों एवं अध्यापकों द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत स्वच्छता कार्यक्रम किया गया। यह अभियान महात्मा गांधी की जयंती दो अक्टूबर तक नियमित रूप से जारी रहेगा।



विद्यालय के मीडिया प्रभारी हेम चन्द्र पाण्डे ने जानकारी देते हुए बताया कि सर्वप्रथम एनसीसी प्रभारी चंद्रशेखर मिश्र ने प्रार्थना स्थल से सभी विद्यार्थियों और अध्यापकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। उसके बाद कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव शर्मा, एनसीसी प्रभारी जफर अली, एनएसएस प्रभारी रजनीश आर्या एवं रेडक्रोस प्रभारी लाल चंद मांझी ने संयुक्त रूप से किया। उन्होंने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन का मुख्य उद्देश्य पूरे भारत को खुले में शौच से मुक्त करना, सड़कों, गलियों और बुनियादी ढांचे को साफ-सुथरा बनाना और ठोस व तरल कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन को सुनिश्चित करना है। स्वच्छता अभियान के दौरान एनसीसी के कैडेट्स के साथ अध्यापक केके फुलेरा, मेवालाल, प्रभाकर पाण्डे, चेतन स्वरूप, गौरव शर्मा, चारु तिवारी आदि मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य शिविर में दर्जनों लोगों की हुई जांच



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सुल्तानपुर पट्टी।** शनिवार को अति प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्वच्छता ही सेवा अभियान कार्यक्रम के अन्तर्गत नगर पंचायत कार्यालय में कार्यरत समस्त सफाई मित्रों को मिलाकर कुल एक सौ गयारह लाभार्थी शामिल रहे। जिसमे चालीस लाभार्थियों की शुगर व बीपी की जांच की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि, नगर पंचायत अध्यक्ष राजीव कुमार सैनी, ईओ गीता चौधरी उपस्थित हुए। स्वास्थ्य विभाग से प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. खालिद यूनुस लॉन चिकित्सा अधीकारी डा. एसपी सिंह व डा. राधेश्याम प्रजापति व स्टाफ शामिल थे।

# विद्यार्थियों ने चारों युगों की महान माताओं का जीवन चित्रण किया प्रस्तुत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** आरएएन पब्लिस्कूल, भूररानी में कक्षा तृतीय के विद्यार्थियों द्वारा "मात्रिदेवोभव" विषय पर एक विशेष प्रस्तुति का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि व्योमा जैन (पीसीएस, जिला प्रोबेशन अधिकारी-महिला एवं बाल विकास विभाग) तथा विशिष्ट अतिथिगण विंग कमांडर एचके राय (अध्यक्ष, आरएएन पब्लिक स्कूल एजुकेशन सोसाइटी), मधु (मेंटोर एवं मार्ग दर्शक), डा. रत्नेश सिंह (अध्यक्ष, चाइल्ड वेलफेयर कमेटी, रुद्रपुर), ज्योति राणा , नीलम राय, डा. प्रीति अरोड़ा , स्वाति सिदाना रेखा कर्नाटक उपस्थित रहीं।

विद्यार्थियों ने चारों युगों की महान माताओं का जीवन चित्रण प्रस्तुत किया। सत्ययुग में माता दुर्गा के साहस का प्रतीक स्वरूप और माता गंगा के पृथ्वी पर आगमन को दिखाया गया। द्वापर युग में माता यशोदा के वात्सल्य को प्रस्तुत किया गया और अंत में आधुनिक युग की माताओं के समर्पण और प्रेरणा को दर्शाया गया। त्रेता युग में रानी लक्ष्मीबाई के अदम्य साहस एवं त्याग तथा पन्नाधाय के बलिदान को मंचित किया कक्षा तृतीय के प्रत्येक विद्यार्थी ने इसमें सहभागिता की, जिससे मंच उत्साह और उमंग से भर गया।

विद्यालय की प्राचार्या भावना भनोट ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि "मात्रिदेवोभव'' हमें यह स्मरण कराता है कि सत्ययुग से कलियुग तक मां हमेशा प्रेम, त्याग, साहस और ज्ञान की प्रतीक रही हैं। हमारे विद्यार्थी अपने प्रदर्शन से यह दर्शा रहे हैं कि हर युग की माताओं ने परिवार, समाज और राष्ट्र को प्रेरित किया है।

कार्यक्रम को देखकर अभिभावक भी बच्चों के उत्साह और आत्मविश्वास से अभिभूत हो उठे। मुख्य अतिथि व्योमा जैन ने शिक्षकों के परिश्रम की सराहना करते हुए कहा किए से कार्यक्रमों से बच्चों को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर और महान विभूतियों के त्याग व योगदान का ज्ञान मिलता है। यह प्रस्तुति बच्चों के सर्वांगीण विकास, सांस्कृतिक समझ और भारतीय परंपरा से जुड़ाव का उत्कृष्ट उदाहरण रही।

## मानव वन्यजीव संघर्ष के निदान को ग्रामीणों से किया संवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर कार्बेट टाइगर रिजर्व रामनगर के अन्तर्गत कालागढ़ टाइगर रिजर्व की मंदाल रेंज के ग्राम जमरिया तहसील सल्ट के ग्राम विकास उत्थान के लिए कार्बेट प्रशासन की ओर से डा. साकेत बडोला निदेशक कार्बेट टाइगर रिजर्व रामनगर द्वारा ग्रामीणों के साथ भ्रमण कर गांव के विकास, स्वरोजगार को बढ़ावा देने, रोजगार के अवसर तलाशने व मानव वन्यजीव संघर्ष के निदान के लिए ग्रामीणों से संवाद कर उनके विचार सुनें। गांव के जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न वक्ताओं द्वारा अपने-अपने विचार रखें।

इस अवसर पर कार्बेट डायरेक्टर डा. साकेत बडोला द्वारा गांव में ईको टूरिज्म को बढावा देने, मेडिसियन खेती, शहद पालन करने एवं स्थानीय पकवान आदि तैयार कर पर्यटकों के लिए सप्ताह में एक खास दिन नियत कर फार्मर मार्केटिंग को बढ़ावा देने पर जोर दिया। कार्यक्रम में कालागढ़ टाइगर रिजर्व प्रभाग के उप वन संरक्षक तरूण एस द्वारा क्षेत्र में पर्यटन की सम्भावनाओं के दृष्टिगत ग्रामीणों को लोकल पर्यटन के लिए स्वरोजगार करने की ओर प्रेरित किया। प्रकृति प्रेमी राकेश भट्ट द्वारा भी ग्रामीणों को जागरूक कर वन विभाग के साथ समन्वय बनाये रखने का अनुरोध किया गया। इस दौरान सुमन बडोला,एसडीओ शिप्रा वर्मा, रेंजर अजय सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

# बैगलेस डे के तहत विभिन्न कार्यक्रम किए गए आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** महीने भर शैक्षिक एवं अन्य गति. विधियों में व्यस्त छात्र-छात्राओं को माह के अंतिम शनिवार के दिन मानसिक तनाव समेत अन्य दिक्कतों को दूर करने के लिए बैगलेस डे मनाया गया । इस दौरान छात्रों को शैक्षिक गतिविधियों के अलावा व्यक्तिगत कौशलों के ज्ञान को तरासने की विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। साथ ही प्रतिभागी विज. ेताओं को पुरस्कृत भी किया गया।

पीएम श्री नेहरू राजकीय इंटर कॉलेज महुआ डाबरा के प्रधानाचार्य बृजमोहन लाल ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत विभाग द्वारा उक्त कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य छात्र-छात्राओं में खेल, कला, कृषि और विभिन्न कौशलों की गतिविधियों के माध्यम से व्यावहारिक और तनाव मुक्त शिक्षा प्रदान की जा सके। इसी के तहत आज शनिवार के रोज विद्यालय में बैगलेस डे मनाया। जिसके अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। बालिका वर्ग की मेंढक दौड़ में सुमानी सरिया, आलिया व निदा हयात ने क्रमश: पहला, दूसरा व तीसरा स्थान हासिल किया। बालकों में बिट्टू अव्वल रहे ।आर्म रैसलिंग की विभिन्न आयु वर्ग की प्रतियोगिताओं में आलिया, विवेक कुमार, सुमानी सारिया,रक्षित, सोफिया परवीन, हिमांशु, कुमारी शालिनी ने प्रथम स्थान पर रहे। खो-खो की प्रतियोगिता में शालिनी की टीम विजेता रही।

मकड़ी दौड़ में सोफिया परवीन व विवेक की टीम अब्बल रही । चित्रकला प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में कुमारी कंचन, कुमारी श्रेया, अंकिता ने क्रमश: पहला, दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में जियानूर प्रथम रही। स्लोगन प्रतियोगिता में कुमारी उपासना, अल शिफा, व आयशा परवीन ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में कुमारी उपासना



प्रथम, प्रियांशी द्वितीय व रूपल और राघव ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया ।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य बृजमोहन लाल, शारीरिक शिक्षक राजेश चौधरी, योगेश पंत, महेंद्र सिंह, हरीश शर्मा, सरीस आलम, उपेंद्र सिंह, डॉक्टर तजम्मुल हसन, राधा कृष्ण तिवारी, अरुण कुमार वर्मा, नाजिम कमर , राजवीर सिंह, सतेंद्र कुमार, नीतू सैनी, मो. निका, नूतन रानी, अजय कुमार, कालिका प्रसाद सुमन, चेतन चौहान, नफीस अहमद, जयवीर सिंह, राम सजीवन, राजीव कुमार, अरुण कुमार, मनोज पाल, सोमपाल, नसीम जहां, राम कीर्ति, सुनीता समेत सैकड़ों विद्यार्थी मौजूद थे।

## विश्व पर्यटन दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** विश्व पर्यटन दिवस पर रिसोर्स कॉलेज में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जो स्वच्छ पर्यटन और पर्यावरण संरक्षण पर केंद्रित रहे।

कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना के साथ हुई। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया जिसमें निबंध लेखन, पोस्टर मेकिंग, क्विज प्रतियोगिता और पतंग प्रतियोगिता शामिल रही। कॉलेज के प्रबंध निदेशक ने युवाओं से अपील की वे अपने आस-पास के पर्यटन स्थलों को जाने और उन्हे विश्व पटल पर पहचान दिलाएं। इस अवसर पर कॉलेज के शेफ आशीष सेमवाल ने विभिन्न पारंपरिक व्यंजन बनाए।

# मछली शिकार को गए रामगंगा नदी में डूबे व्यक्ति का शव मिला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** क्षेत्र के रायपुर गांव निवासी चार लोग शुक्रवार को मछली के शिकार के लिए जयनगर सूरज नगर, ठाकुरद्वारा स्थित रामग. ंगा नदी में गए थे। जहां पर रायपुर ग्राम निवासी एक युवक मौ. फिरोज (46) नदी पार करते समय पानी के तेज बहाव में बह गया था। आज शनिवार को स्थानीय गोताखोर व पुलिस की मदद से उक्त व्यक्ति की लाश पुलिस को मिल गई है, जिसको परिवार की सहमति व उत्तराखंड के कई प्रधानों की मांग पर पंचनामा भरकर उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा घर भेज दिया गया है।



विदित हो कि जसपुर क्षेत्र के रायपुर गांव निवासी चार लोग मछली का शिकार करने हेतु जयनगर बेरखेड़ा सुरज नगर , मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) के पास रामगंगा नदी में गए थे, जहां पर मछली मारते समय पानी के बहाव में 46 वर्षीय फिरोज आलम पुत्र निसार अहमद तेज बहाव गहरी नदी में बह गया। साथ गए तीनों लोगों ने काफी शोर मचाया, लेकिन पानी का बहाव तेज होने व नदी गहरी होने के कारण उसका कुछ समय बाद पता नहीं चला। साथियों द्वारा सम्बंधित पुलिस चौकी को इस बारे में सूचित किया गया। घटना की सूचना मिलते ही त्वरित ठाकुरद्वारा एसडीएम प्रीति सिंह व प्रभारी कोतवाल संजय पांचाल मय पुलिस टीम मौके पर पहुंचे। पुलिस द्वारा पुलिस व लोकल गोताखोरों द्वारा लगभग दो किलोमीटर तक डूबे व्यक्ति की तलाश की गई थी, लेकिन फिरोज आलम का पता नहीं चल पाया था। अत्यधिक रात व जंगल होने पर सर्च ऑपरेशन रोक दिया गया था।

शनिवार सुबह पुन: उत्तर प्रदेश पुलिस की टीम, एनडीआरएफ जवान, स्थानीय गोताखोरों की मदद लेकर सर्च आपरेशन चलाया गया। घटना स्थल से लगभग 500 मीटर की दूरी पर फिरोज का मृतक शरीर मिला, जिसे गोताखोर किनारे पर लाए। डॉक्टर की टीम द्वारा मौके पर जांच कर उसे मृत घोषित कर दिया गया। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों और जसपुर क्षेत्र के प्रधानों व परिवार के सदस्यों के आग्रह पर पुलिस द्वारा शव का पंचनामा भर शव को परिजनों को सौंप दिया। शनिवार शाम लगभग 5:00 बजे मृतक का अंतिम संस्कार मुस्लिम रीति-रिवाज से कर दिया गया।

अंतिम संस्कार में जसपुर के क्षेत्रीय विधायक आदेश चौहान, पूर्व विधायक शैलेंद्र मोहन सिंघल, भाजपा नेता खड़क सिंह चौहान, नगर अध्यक्ष इफ्तार बबलू, जिला पंचायत सदस्य नईम प्रधान, राजपुर प्रधान शमीम दूधिया, पूर्व प्रधान कमरुद्दीन, शेर अली,ब्रह्मानंद लाहौरी, प्रधान रायपुर दिलशाद शाह समेत सैकड़ों की संख्या में जनप्रतिनिधि व ग्रामीण शामिल रहे।

# सीडीओ डा. सैनी ने 16 अंतर्राष्ट्रीय दर्रों की चढ़ाई पार कर बनाया कीर्तिमान

**■ अक्टूबर में त्रिकोणीय सीमा ( भारत,तिब्बत, नेपाल ) पर स्थित अंतर्राष्ट्रीय दर्रे पार करने की मंशा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** मुख्य विकास अधिकारी डा. दीपक सैनी ने प्रोजेक्ट-21 के दूसरे चरण के तहत अब तक सीमांत जनपद पिथौरागढ़ और तिब्बत (चीन) की सीमा से जुड़े छह अंतरराष्ट्रीय दर्रों की साहसिक यात्रा सफलतापूर्वक पूरी कर एक नया कीर्तिमान रच दिया है। अब तक दो चरणों में वे कुल 16 अंतरराष्ट्रीय दर्रों एवं पांच आंतरिक दर्रों की चढ़ाई कर चुके हैं ।

डा. सैनी ने बताया कि उत्तराखंड सरकार एवं पर्यटन विभाग के सहयोग से चल रहा प्रोजेक्ट-21 सीमांत क्षेत्रों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य उत्तराखंड के वाइब्रेंट ग्रामों में साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देना, सीमावर्ती क्षेत्रों में नए पर्यटन स्थलों की पहचान करना ,स्थानीय ग्रामीणों की अर्थव्यवस्था व आजी. विका को सशक्त करना ,सीमांत गांवों की समस्याओं को करीब से समझना तथा सेना एवं अर्धसैनिक बलों और प्रशासन के मध्य समन्वय को मजबूत करना है ।

डा. सैनी ने बताया कि प्रथम चरण (2023) के तहत उन्होंने गढ़वाल क्षेत्र के 10 अंतरराष्ट्रीय दर्रे और 3 अंतरिक दर्रो की चढ़ाई की थी और द्वितीय चरण (24 अगस्त-18 सितम्बर 2025) के तहत जौहार घाटी (24 अगस्त-1 सितम्बर) में उंटा धूरा, जयंती धुरा, किंगरी बिगरी दर्रों की चढ़ाई के साथ साथ लास्पा, रिलकोट, बुर्फू, मार्तोली, बिलज्यू, मिलम आदि गांवों का भ्रमण करते हुए ग्रामीणों से संवाद किया और स्थानीय समस्याओं को जाना। इस दौरान नंदाष्टमी मेले में भी सहभागिता की। व्यास घाटी (4 सितम्बर से) में लिपुलेख, ओल्ड लिपुलेख, गूंजी होते हुए ज्योलिंगकोंग और विल्शा अंतिम पोस्ट तक यात्रा करते हुए लंपिया धुरा, मंगशा धुरा कि चढ़ाई की। तत्पश्चात आदि कैलाश पर स्थित सिन्ला पास चढ़ कर दारमा घाटी स्थित विदांग पोस्ट में प्रवेश किया तथा वहां से दावे अंतिम पोस्ट पहुंच कर नुवे धुरा व लुवे धुरा की चढ़ाई की।

इस दौरान कुल मिलाकर उन्होंने लगभग 250 किलोमीटर पदयात्रा की और औसतन 5500-5700 मीटर की ऊंचाई पर स्थित दर्रों को पार किया। आगे बताया कि इस चरण के दौरान एक दिन में उन्होंने अधिकतक 26 किलोमीटर की पदयात्रा की । डा. सैनी ने बताया कि इस साहसिक यात्रा में उन्हें 3 से 6 डिग्री सेल्सियस तापमान, बर्फीले तूफानों, अत्यंत संकरे रास्ते एवं चढ़ाई करते समय पत्थर गिरने जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन भारतीय सेना और आईटीबीपी के सहयोग से यह यात्रा सफल रही। प्रोजेक्ट 21 के दौरान भारतीय सेना और आईटीबीपी में तैनात सैनिकों के साथ डॉ सैनी तथा जिला प्रशासन ने अद्भुत समन्वय स्थापित किया गया तथा सभी बॉर्डर पोस्ट्स पर सैनिकों के साथ रहकर उनकी समस्याओं को करीब से जाना । उन्होंने आगे बताया कि भविष्य की योजनाएं हेतु परी ताल (ऊंटा धुरा, 5200 मी.) को नया पर्यटन स्थल बनाने की योजना है, जिसे छोटे-छोटे बैचों में पर्यटकों के लिए खोला जाए और स्थानीय लोगों की आर्थिकी मजबूत हो और पर्यावरण संरक्षण हेतु भी प्रशासन की जिम्मेदारी तय रहे। डा. सैनी ने कहा कि 1905 में लांग स्टाफ द्वारा बनाए गए 11 दर्रों के रिकॉर्ड को उनके द्वारा तोड़ा जा चुका है। वे अब तक 16 दर्रों की चढ़ाई कर चुके हैं और अक्टूबर 2025 में त्रिकोणीय सीमा (भारत,तिब्बत, नेपाल) पर स्थित अंतरराष्ट्रीय दर्रे को पार करेंगे। तीसरे चरण में वे उत्तरकाशी जिले के चार अंतरराष्ट्रीय दर्रे की पार कर प्रोजेक्ट पूर्ण करेंगे ।




उन्होंने उत्तराखंड सरकार, पर्यटन विभाग, कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत, जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी, भारतीय सेना की 119 ब्रिगेड के कमांडर गौतम पठानिया, आईटीबीपी के आईजी संजय गुंजियाल एवं आईटीबीपी की 14वीं वाहिनी के सेनानायक आरबीएस खुशवाहा, 36वीं वाहिनी के सेनानायक संजय कुमार और 7वीं वाहिनी द्वारा किए गए सहयोग के लिए आभार जताया है।

## एक नजर

# क्षेत्र पंचायत समिति की बैठकों का रोस्टर जारी


**शाह टाइम्स संवाददाता**



**पिथौरागढ़।** जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने बताया है कि क्षेत्र पंचायत समिति की बैठकों का वर्ष 2025-26 का रोस्टर निर्धारित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि निर्धारित रोस्टर के अनुसार विकासखण्ड पिथौरागढ़ विण की क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक 08 अक्टूबर 2025, 07 जनवरी 2026, विकासखंड मुनाकोट की बैठक 15 अक्टूबर 2025, 16 जनवरी 2026, विकासखंड बेरीनाग की 10 दिसंबर 2025, विकासखंड गंगोलीहाट की बैठक 27 नवंबर 2025, विकासखंड कनालीछीना की बैठक 06 नवंबर 2025, 05 फरवरी 2026, विकासखंड डीडीहाट की बैठक 14 नवंबर 2025, 13 फरवरी 2026, विकासखंड धारचूला की बैठक 31 अक्टूबर 2025, 22 जनवरी 2026 व विकासखंड मुनस्यारी की बैठक 26 दिसंबर 2025 एवम 27 फरबरी 2026 को आयोजित की जाएंगी।

# नकल विरोधी कानून से युवाओं का उज्ज्वल भविष्य सुनिशिचत: कठायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**टनकपुर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवराज सिंह कठायत, पूर्व दर्जा मंत्री उत्तराखंड सरकार एवं पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा चम्पावत ने नकल विरोधी कानून के संबंध में जनपद सहित पूरे प्रदेश के युवाओं को अवगत कराते हुए आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुटने की अपील की है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य में सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया गया है, जिसके परिणामस्वरूप आज उत्तराखंड के युवाओं को निष्पक्ष एवं पारदर्शी परीक्षा प्रणाली का लाभ मिल रहा है। इस कानून के लागू होने के बाद प्रदेश सरकार ने अब तक लगभग 25,000 से अधिक युवाओं को सरकारी सेवाओं में रोजगार प्रदान किया है। श्री कठायत ने कहा कि मुख्यमंत्री का यह कदम मेहनती, गरीब एवं जरूरतमंद युवाओं के लिए आशा की नई किरण लेकर आया है। अब राज्य में प्रतियोगी परीक्षाओं में केवल वही युवा सफल होंगे, जिन्होंने परिश्रम एवं लगन से तैयारी की है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे किसी भी प्रकार की शॉर्टकट सोच से दूर रहते हुए पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपनी पढ़ाई एवं तैयारी में मन लगाएं। प्रदेश सरकार हर योग्य छात्र-छात्रा को अवसर देने के लिए संकल्पित है।

अंत में श्री कठायत ने युवाओं को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और विश्वास जताया कि "नकल विरोधी कानून" के कारण उत्तराखंड का भविष्य और भी सशक्त व उज्ज्वल बनेगा।

# बहुउद्देश्य शिविर का आयोजन किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** सेवा पर्व पखवाड़े के अंतर्गत बहुउद्देश्य शिविर का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गदरपुर में किया गया, जिसका उद्घाटन क्षेत्रीय विधायकअरविंद पांडे तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर केके अग्रवाल एवं अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर हरेंद्र मलिक द्वारा किया गया।



शिविर में सभी विभाग के ब्लॉक स्तरीय एवं जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा अपने कार्यक्रम से संबंधित स्टालों को लगाया गया तथा जनता को अपनी योजनाओं से लाभान्वित किया गया शिविर मे 1123 लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया। शिविर में 16 लोगों को विकलांग सर्टिफिकेट भी उपलब्ध कराए गए तथा 88 गर्भवती महिलाओं की निशुल्क जांच एवं 178 लाभार्थियों का टीवी परीक्षण किया गया तथा 135 लोगों की आंखों की जांच भी वरिष्ठ अधिकारी द्वारा की गई। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम जिला मुख्यालय रुद्रपुर से भेजी गई थी।

# सीएम हैल्पलाईन पर प्राप्त शिकायतों को गम्भीरत से लें अधिकारी: डीएम

**■ लापरवाही बरतने वालों पर होगी प्रतिकूल प्रविष्ठि व वेतन रोकने की कार्यवाही**

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**रुद्रपुर।** सीएम हैल्पलाईन पर प्राप्त शिकायतों को अधिकारी गम्भीरत से लेते हुए समयबद्ध निस्तारण करना सुनिश्चित करें। यह निर्देश जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने कैम्प कार्यालय में सीएम हैल्पलाईन पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि सीएम हैल्पलाईन पोर्टल को अधिकारी प्रतिदिन देखें व प्राप्त शिकायतों को समय से निस्तारित करें, ताकि वह एल-2 पर न जाएं। उन्होंने कहा कि शिकायत के निस्तारण के उपरान्त अधिकारी स्वयं शिकायतकर्ता से दूरभाष पर वार्ता भी करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ प्रतिकूल प्रविष्ठि व वेतन रोकने की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड व उरेडा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि 28 सितम्बर रविवार अवकाश के दिन भी कार्यालय खोलकर सीएम हेल्पलाईन पर प्राप्त शिकायतों का निस्तरण करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने पंचायतीराज, कृषि, पुलिस, विद्युत, पेयजल, जल संस्थान, जल निगम, लोनिवि, स्वास्थ्य, ग्राम्य विकास, श्रम, चकबन्दी, खाद्य आपूर्ति आदि विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाईन की अपने स्तर पर साप्ताहिक विभागीय समीक्षा करते हुए बैठक का कार्यवृत्त जिला कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि जिन विभागों की सीएम हेल्पलाईन पर अधिक शिकायते लम्बित हैं वे सभी विभाग 29 सितम्बर से पूर्व शिकायतों के निस्तरण में प्रगति लाना सुनिश्चित करें।

बैठक में अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, कौस्तुभ मिश्र, अपर पुलिस अधीक्षक डा. उत्तम सिंह नगी, ओसी गौरव पाण्डेय, अपर मुख्य अधिकारी जीके भट्ट, उप श्रमायुक्त केके गुप्ता, अधिशासी अभियंता लोनिवि विवेक सक्सेना, पेयजल निगम सुनील जोशी, सिंचाई आनंद सिंह नगी, जिला पंचायतराज अधिकारी विद्या सिंह सोमनाल, जिला पूर्ति अधिकारी विनोद चन्द्र तिवारी आदि मौजूद थे व सभी उप जिलाधिकरी, तहसीलदार, नगर निकाय व सम्बन्धित अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े थे।

# चाणक्य लॉ कॉलेज में हुआ युवा संसद का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर ।** चाणक्य लॉ कॉलेज रुद्रपुर में समान नागरिक संहिता विषय पर एक युवा ससद का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कॉलेज के चेयरमैन एसपी सिंह द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया, विधि बहस और संवैधानिक मुद्दों की जानकारी देना था। युवा संसद में कुल 28 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया जिसमें 11 छात्र छात्राएं सत्ता पक्ष में और 11 विपक्ष की भूमिका में थे। अन्य मार्शल, स्पीकर तथा सचिव की भूमिका में थे।



सत्ता पक्ष ने कहा कि भारत जैसे विविधता वाले देश में एक समान कानून लाना आज की आवश्यकता है समान नागरिक संहिता से सभी धर्म और समुदायों को एक समान अधिकार मिलेंगे जिससे देश में समानता और एकता को बल मिलेगा। यह भी तर्क दिया गया की विवाह, तलाक, सपत्ति और दत्तक ग्रहण जैसे विषयों पर अलग-अलग धर्म के लिए अलग कानून होना 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना की विरुद्ध है। उनका कहना था कि समान नागरिक संहिता देश को धर्मनिरपेक्षता और न्याय की दिशा में आगे ले जाएगा। इसके विपरीत विपक्ष का कहना था कि समान नागरिक संहिता लागू करना धार्मिक स्वतंत्रता पर हस्तक्षेप होगा। भारतीय संविधान सभी नागरिकों को अपनी संस्कृति और धर्म के अनुसार जीवन जीने का अधिकार देता है। विपक्ष के द्वारा यह भी सवाल उठाया गया कि क्या सरकार सभी समुदायों की राय लेकर यह कानून बनाने जा रही है? या यह मात्र एक पक्षीय प्रयास है। कार्यक्रम का संचालन मनीष आर्य द्वारा किया गया।

आयोजन समिति के प्रमुख उपा. सना तिवारी और प्रतिभा सिंह थे। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या डॉक्टर दीपाक्षी जोशी द्वारा धन्यवाद प्रेषित किया गया और सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार से सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर प्राध्यापक सलीम अहमद, अनिल कुमार, डा. आयशा अमीन, डा. रुबीना, मनप्रीत कौर, डा. हरकमल कौर, आकांशा रघुवंशी, सिद्धि अग्रवाल, हिमानी फुलारा, वर्णिका वर्मा एवं प्रतिभागीगण अर्जुन प्रत्ताप सिंह, आस्था मिश्रा, भूमिका कोरंगा, गुरगुन कौर, गुरमन कौर, हर्शल जोटी, इंद्रेश अरोडा, खुशी नारंग, प्रवीण सिंह बिष्ट, प्रियाशु भट्ट, प्रो. मिला जोशी, रजत गुप्ता, रितिक सागर, साक्षी शर्मा, रीतिका बोरा, साक्षी मौनी, शाम्भवी सिंह, शगुन राणा, श्रुति सिंह, शुभम सागर, सुरभि प्रज्ञा, उमरा अहमद, विभूति जौहरी, विनोद चंद्र भट्ट, दर्श शमा, हरिओम गुप्ता, शाहीना परवीन, वश विश्वास आदि छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# उत्तरांचल रामलीला समिति ज्ञानखेड़ा ने रचा इतिहास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** उत्तरांचल रामलीला समिति, ज्ञानखेड़ा द्वारा आयोजित रामलीला मंचन इस बार बडा ही ऐतिहासिक बन गया। जानते हैं क्यों आइए आगे खबर के माध्यम से हम आपको बताते हैं।



इस मंचन में एक अनोखा दृश्य तब सामने आया जब राजा दशरथ एवं महारानी कैकेई के पात्रों का अभिनय वास्तविक जीवन में पति-पत्नी के द्वारा निभाया गया। यह अभिनय आमबाग निवासी भारतीय स्टेट बैंक के सेवानिवृत्त सहायक मैनेजर नारायण चिलकोटी तथाजया चिलकोटी ने किया। समिति के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ कि दशरथ और कैकेई के रूप में वास्तविक दंपत्ति ने मंच साझा किया। दर्शकों ने इस अद्भुत संयोग को अत्यंत सराहा और जोरदार तालियों के साथ स्वागत किया।

**राजा दशरथ एवं महारानी कैकेई के पात्रों का अभिनय निभाकर वास्तविक जीवन में पति-पत्नी ने मिसाल पेश की**

समिति पदाधिकारियों का कहना है कि रामलीला केवल धार्मिक आस्था का मंच ही नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक समरसता का भी जीवंत उदाहरण है। इस ऐतिहासिक मंचन ने परंपरा और आधुनिकता के सुंदर संगम की मिसाल पेश की।

# पुलिस की मौजूदगी में जिला पंचायत ने घर व दुकानों के मलबे की हुई नीलामी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** नगर के मेन बाजार में जिला पंचायत विभाग उधमसिंहनगर के कर्मचारियों ने न्यायालय में विवादित चल रही भूमि पर तोड़े गए घर व दुकानों के अतिक्रमण के मलबे को बिना न्यायालय की अनुमति के नीलाम कर दिया।यहां कर्मचारियों ने पुलिस की मौजूदगी में बोली की प्रकिया को शुरू किया, वही मौके पर खडे टीन शैड को भी क्षतिग्रस्त कर मलबा बना दिया ।

**■ न्यायालय में विचाराधीन मामले का संज्ञान होने के बाद भी नहीं चूका विभाग**

पीड़ित बलवीर सिंह व उसके परिवार ने जब नीलामी करने की अनुमति देने वाले अधिकारी द्वारा जारी किए गए आदेश की प्रति मांगी तो दिखाने से इंकार कर दिया। जिला पंचायत के कर्मचारियों ने प्रशासनिक बल का प्रयोग करते हुए पीड़ित के लाखों रुपये के मलवे तथा सामान को मामूली रकम में बोली लगाकर बेच दिया।

पीड़ित बलवीर सिंह ने बताया कि उपरोक्त भूमि के संबंध में उसका एक वाद 69/2023 सिविल जज सीनियर डिवीजन खटीमा में बलवीर सिंह बनाम जिला पंचायत के नाम से विच. ाराधीन चल रहा है, जिसमें अग्रिम तिथि 13 अक्टूबर 2025 है।

न्यायालय में चल रहे वाद की प्रति दिखाने के बाद भी जिला पंचायत के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा न्यायालय में विचाराधीन वाद की धज्जियां उड़ाई गई, जबकि जिला पंचायत के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सामने पीड़ित परिवार रहम की गुहार लगाता रहा। यहां विभाग के कर निरीक्षक मगतराम कम्बोज, हरी मोहन, कमल कुमार, रोहित भट्ट सहित कर्मचारी आदी मौजूद रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय मान्यता प्राप्त पत्रकार स्थायी समिति की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** जिला स्तरीय पत्रकार स्थाई समिति की बैठक शनिवार को जिलाधिकारी मनीष कुमार की अध्यक्षता में जिलाधिकारी कार्यालय कक्ष में आयोजित हुई। बैठक में समिति के सदस्यों एवं अधिकारियों ने जनपद में पत्रकारों से जुड़े मुद्दों तथा शासन-प्रशासन की उपलब्धियों को प्रभावी ढंग से प्रचारित एवं प्रसारित करने के विषय पर विस्तार से चर्चा की।



बैठक की शुरुआत में जिला सूचना अधिकारी एवं समिति के सदस्य सचिव धीरज कार्की ने जिलाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक एवं उपस्थित पत्रकार बंधुओं का स्वागत किया। उन्होंने समिति के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पत्रकार उत्पीड़न संबंधी मामलों पर विचार कर उनका निस्तारण करना, प्रशासन एवं प्रेस के बीच संबंधों को सुदृढ़ करना तथा शासन की योजनाओं एवं उपलब्धियों को अधिक प्रभावी ढंग से जनता तक पहुँचाना समिति का मुख्य उद्देश्य है। बैठक में पत्रकार सदस्यों ने विभिन्न सुझाव रखे। इनमें वीआईपी/वीवीआईपी भ्रमण के दौरान कार्यक्रम स्थल पर बनाए जाने वाले मीडिया सेंटर में केवल अधिकृत पत्रकारों को ही प्रवेश की अनुमति देने, पत्रकारों की मान्यता से जुड़े मुद्दों तथा जनपद मुख्यालय में प्रेस क्लब की स्थापना की आवश्यकता जैसे विषय प्रमुख रहे। जिलाधिकारी ने आश्वस्त किया कि पत्रकारों से जुड़े सभी मामलों को प्राथमिकता के साथ निस्तारित किया जाएगा। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जिला सूचना कार्यालय में प्रेस प्रतिनिधियों के लिए पुलिस विभाग द्वारा एक कार्यशाला आयोजित की जाएगी, जिसमें उन्हें कानून सम्बन्धी विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी। पत्रकार सदस्यों ने यह भी सुझाव दिया कि विभागीय अधिकारियों एवं प्रेस प्रतिनिधियों की संयुक्त बैठक समय-समय पर आयोजित की जाए, जिससे एक ही मंच पर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रभावी ढंग से मीडिया तक पहुंच सके। इस पर जिलाधिकारी ने सकारात्मक सहमति व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में ऐसी बैठकें नियमित रूप से आयोजित की जाएंगी। बैठक में पुलिस उपाधीक्षक शिवराज सिंह राणा, समिति के पत्रकार सदस्य चंद्र बल्लभ ओली, जया पुनेठा, हरीश चंद्र पांडे, जीवन बिष्ट सहित पत्रकार उपस्थित रहे।

# प्रतियोगिता के विजेता बच्चों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** राजकीय पॉलिटेक्निक टनकपुर में भारतीय मानक ब्यूरो देहरादून के क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से मानक क्लब के छात्राओं के लिए एक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें संस्थान के 25 विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। साथ ही विशेष स्थान लाने वाले छात्र-छात्रोंओ को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

शनिवार को भारतीय मानक विरोध देहरादून ब्रांच की रिसोर्स पर्सन दीपक कुमार पांडे ने भारत मानक ब्यूरो की कार्यप्रणाली के विषय में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि भारतीय मानक ब्यूरो की राष्ट्रीय मानक संख्या है। पै मार्क गुणवत्ता की गारंटी है। इसलिए हमें मार्क प्रोडक्ट ही खरीदने चाहिए। इस मौके पर क्विज प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार की विजेता छात्रा मुस्कान, द्वितीय स्थान पर चेतन तथा तृतीय स्थान अनूप पूजा एवं अनूप कुमार रहे। चतुर्थ पुरस्कार के विजेता हर्षवर्धन, संजय, एवं सचिन रहे। इन सभी




प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य के के श्रीवास्तव, मानक क्लब मैंटर विजय सिंह नेगी, प्रवक्ता जितेंद्र प्रसाद, अंकित कुमार, सुमित शर्मा, गुंजन जोशी, अजय जोशी सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

# रामलीला मंचन के चौथे दिन हुआ राम वनवास का चित्रण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** नवयुवक रामलीला कमेटी टनकपुर द्वारा रामलीला मैदान में आयोजित रामलीला मंचन के चौथे दिन भगवान श्रीराम के जीवन का अत्यंत मार्मिक प्रसंग राम वनवास का मंचन किया गया।



मंचन की शुरुआत महाराज दशरथ द्वारा श्रीराम के राज्याभिषेक की तैयारियों से हुई। पूरा अयोध्या नगर उत्साह और उमंग में डूबा दिखाई गया। किंतु इसी बीच महारानी कैकेयी ने अपनी दो वरदानों की मांग कर ली। एक वरदान भरत को राज्य और दूसरा राम को 14 वर्षों के लिए वनवास का। रामलीला के इस दृश्य में दर्शाया गया कि किस प्रकार महाराज दशरथ पुत्र मोह और वचनबद्धता के बीच असमंजस में पड़कर व्याकुल हो उठते हैं। राम, पिताजी की आज्ञा को परम धर्म मानकर वनवास स्वीकार कर लेते हैं। उनके साथ लक्ष्मण भी वनगमन का संकल्प लेते हैं और सीता जी भी पति धर्म का निर्वाह करते हुए वन जाने पर अडिग रहती हैं।

चौथे दिन के मंचन में राम-सीता-लक्ष्मण के वनगमन के दृश्य ने दर्शकों को भावुक कर दिया। दशरथ और अयोध्यावासियों के करुण विलाप ने वातावरण गमगीन बना दिया। रामलीला मंचन देखने के लिए नगर व आसपास के क्षेत्रों से भारी संख्या में लोग उपस्थित हुए।

# डीएसबी में निर्दलीय करन सती विजयी

## एनएसयूआई के आयुष निर्विरोध सचिव, तनिषा व दिनेश उपाध्यक्ष, जयवर्धन उपसचिव



शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल के छात्र संघ चुनाव शनिवार को शांतिपूर्ण निपट गए। चुनाव शांतिपूर्ण निपटने के बाद परिसर प्रशासन व पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली। छात्र संघ के प्रतिष्ठित अध्यक्ष पद पर निर्दलीय करन सती ने जीत हासिल की। उन्होंने अभाविप के तनिष्क मेहरा को हराया जबकि सचिव पद पर एनएसयूआई के आयुष आर्य ने निर्विरोध जीत दर्ज की।

विजयी प्रत्याशियों ने चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद विजय जुलूस निकाला। चुनाव में कुल 5321 मतदाताओं में से 2704 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। बता दें अध्यक्ष पद पर करन सती को 1466 मत मिले जबकि तनिष्क मेहरा को 1217 मत मिले। इस प्रकार करन ने 249 मतों से जीत दर्ज की। इस पद पर 14 मत अवैध घोषित किए गए। उपाध्यक्ष छात्रा पद पर तनिषा जोशी को 1748 मत मिले जबकि प्राची नेगी को 717 मत पाकर संतोष करना पड़ा। इस प्रकार तनिषा जोशी ने यह सीट 1031 मतों के अंतर से जीत ली। इस पद पर 53 मत अवैध घोषित किए गए। उपाध्यक्ष छात्र पद पर दिनेश चंद्र ने 2061 मत हासिल किए जबकि शंशाक सिंह भंडारी को मात्र 415 मत ही मिले। इस प्रकार दिनेश ने यह सीट 1646 मतों से जीत ली। इस पद पर 54 मत अवैध पाए गए। महासचिव पद पर एनएसयूआई के आयुष आर्य निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। इसी तरह से उप सचिव पद पर जय वर्धन को 1290 मत मिले जबकि नितांत को 1149 मत मिले। इस प्रकार जय वर्धन ने यह पद मात्र 141 मतों से अपने पक्ष में कर लिया। इस पद पर 68 मत अवैध मिले। सांस्कृतिक सचिव पद पर भावेश विश्वकर्मा को 1522 मत मिले वहीं सत्यम सिंह को 1009 मत मिले। इस प्रकार भावेश ने 513 मतों से यह पद हासिल कर लिया। कला संकाय प्रतिनिधि पद पर करन कुमार को 1301 मत मिले जबकि दीपांशु अधिकारी को 1134 मत मिले। इस प्रकार करन कुमार ने यह सीट 167 मतों के अंतर से जीत ली। छात्र संघ चुनाव में कोषाध्यक्ष पद पर शिवेश कुमार, विवि प्रतिनिधि पद पर आशीष कबडवाल, विज्ञान संकाय प्रतिनिधि पद पर वेदांत पांडे, विधि संकाय पद पर याशिका करगेती व जैव विज्ञान संकाय प्रतिनिधि पद पर अतुल रावत ने निर्विरोध जीत दर्ज की। परिसर के छात्र संघ के चुनाव अधिकारी प्रो. अमित जोशी व पर्यवेक्षक प्रो. डीएस बिष्ट के मुताबिक मतदान पूरी तरह से शांतिपूर्ण रहा। चुनाव के आयोजन में विभिन्न संकायों के संकायाध्यक्षों, विभागाध्यक्षों, अधिष्ठाता छात्र कल्याण व उनके सदस्यों, कुलानुशासक व उनके सदस्यों, सभी गुरुजनों व कर्मियों के साथ ही पुलिस प्रशासन व जिला प्रशासन ने शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने में पूरा सहयोग दिया।

### नोटा का रहा काफी बोलबाला

**नैनीताल।** छात्र संघ के चुनाव में नोटा का भी काफी बोलबाला देखने को मिला। अध्यक्ष पद पर 7, उपाध्यक्ष छात्रा पद पर 186, छात्र उपाध्यक्ष पद पर 174, उप सचिव पद पर 197, सांस्कृतिक सचिव पद पर 121 जबकि कला संकाय प्रति. निधि पद पर 207 छात्र-छात्राओं ने नोटा का प्रयोग किया।

### सुरक्षा को लेकर कड़े रहे इंतजाम

**नैनीताल।** छात्र संघ चुनाव के दौरान किसी प्रकार की गड़बड़ी और अनियमितता न हो इसके लिए पुलिस अलर्ट मोड में देखी पर पुलिस तैनात रही। बिना प्रवेश पत्र के किसी भी छात्र को कॉलेज में प्रवेश नहीं करने दिया गया कुल मिलाकर डीएसबी परिसर में चुनाव शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हो गया। इस दौरान एसपी सिटी जगदीश चंद्र, कोतवाल हेमचंद्र पंत, एसएसआई दीपक बिष्ट, तल्लीताल एसओ मनोज नयाल, सुनील सिंह, एसआई अंजुला जौन समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### डीएसबी परिसर में 29 व 30 को अवकाश घोषित

**नैनीताल।** कुमाऊँ विश्वविद्यालय डीएसबी परिसर नैनीताल में छात्र संघ चुनाव 2025-26 की मतदान एवं मतगणना प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न होने पर परंपरा के अनुसार निदेशक एवं नव निर्वाचित अध्यक्ष करन सती द्वारा 29 तथा 30 सितंबर को परिसर में अवकाश घोषित किया गया है। दूसरी ओर छात्र संघ चुनाव के सफलतापूर्वक संपन्न होने पर निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. संजय पंत तथा चुनाव अधिकारी प्रो. अमित जोशी ने सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने चुनाव प्रक्रिया में सहयोग देने वाले सभी छात्रों, शिक्षकगण, कर्मचारीगण एवं विश्वविद्यालय परिवार को धन्यवाद दिया साथ ही उन्होंने जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन का भी सहयोग के लिए विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया।

# गुरुजनों, छात्रों ने किया रक्तदान

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** नगर के प्रतिष्ठित भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय की एनएसए इकाई द्वारा विद्यालय के प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता, कार्यक्रम प्रभारी मीनाक्षी बिष्ट व डा. प्रियांशु श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के अनेक स्वयंसेवकों और शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और रक्तदान किया। स्वयंसेवकों ने अस्पताल आए लोगों को रक्तदान के महत्व के बारे में जानकारी दी तथा यह संदेश दिया कि रक्तदान से न केवल जीवन बचता है बल्कि यह मानवीय कर्तव्य भी है,साथ ही विद्यालय के शिक्षकों में उत्कर्ष बोरा तथा हिमांशु सहित स्वयंसेवकों ने भी रक्तदान कर समाजसेवा की प्रेरणादायक मिसाल पेश की। विद्यालय के प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता ने रक्तदाताओं और आयोजकों को बधाई दी। यह आयोजन केवल एक रक्तदान शिविर नहीं बल्कि मानवीय संवे. दनाओं एकजुटता और सामाजिक जिम्मेदारी का जीवंत उदाहरण बना।

# बोट हाउस क्लब में सदस्यता शुल्क बढ़ाने पर मंथन




शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** बोट हाउस क्लब नैनीताल की शनिवार को हुई साधारण सभा में विगत वर्ष की बेलेंस सीट को मंजूरी दी गई। साथ ही वोट हाउस कलब में मरममत कार्य किये जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में बताया गया कि क्लब की कारपोरेट सदस्यता 10 लाख से बढ़ाकर 15 लाख करने व सदस्यता शुल्क 3 लाख से बढ़ाकर 6 लाख करने का प्रस्ताव किया गया है। इन प्रस्तावों पर 24 से लेकर 26 सितंबर को कलब के देश विदेश में मौजूद सदस्यों ने ऑन लाइन मतदान किया जबकि कुछ लोग शनिवार को सभा में उपस्थित रहे जो शनिवार को मतदान में हिस्सा ले रहे हैं। इन प्रस्तावों के पक्ष व विपक्ष में पड़े मतों की गिनती देर रात को जाएगी। यदि उक्त प्रस्ताव के पक्ष में मतदान हुआ तो ये प्रस्ताव स्वीकृत हो जाएंगे। बैठक की अध्यक्षता वोट हाउस कलब के सचिव मुकुंद प्रसाद ने की। बैठक में संयुक्त सचिव शोएब अहमद, शैलेन्द्र चौहान तथा चौधरी धीर सिंह, दिनेश साह तथा वीर श्रीवास्तव, टीआर भट्ट, एसएस फर्त्याल, कविता पांडे, जे के वर्मा, गोपाल वर्मा, जेके शर्मा तथा ए के शर्मा सहित कई अन्य सदस्य मौजूद थे।

# जिला जज हरीश कुमार गोयल को पितृशोक

शाह टाइम्स संवाददाता



**नैनीताल।** जिला जज हरीश कुमार गोयल के पिता वरिष्ठ अधिवक्ता फतेह चंद गोयल का शनिवार सुबह गाजियाबाद में 85 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। बता दें फतेह चंद गोयल लंबे समय तक गाजियाबाद में अधिवक्ता रहे और लगभग 54 वर्षों तक सक्रिय रूप से वकालत करते रहे। शनिवार सुबह गाजियाबाद में उनका अंतिम संस्कार किया गया। वे अपने पीछे पुत्र हरीश कुमार गोयल, पवन गोयल तथा संदीप गोयल को शोकाकुल छोड़ गए। उनके निधन पर जिला बार एसोसिएशन नैनीताल के अध्यक्ष भगवत प्रसाद, सचिव दीपक रुवाली, उपाध्यक्ष शंकर सिंह चौहान, वरिष्ठ अधिवक्ता बहादुर पाल, हरिशंकर कंसल, मोहन जोशी, नीरज साह, भुवन जोशी, राजेंद्र कुमार पाठक, ज्योति प्रकाश, ओंकार गोस्वामी, शरद साह, अखिल साह, डीजीसी राजेश चंदोला, पंकज बिष्ट, सुशील कुमार शर्मा, अरुण बिष्ट, गिरीश चंद्र खोलिया, राम सिंह रौतेला, संजय सुयाल, भरत भट्ट, पुलक अग्रवाल, भानुप्रताप मौनी, संजय बिष्ट, पंकज कुमार, अनिल बिष्ट, कैलाश बल्यूटिया, फैजल साह, शरत चंद साह, दिनेश चंद्र, अनिल हर्नवाल, दीपक दानू, मुकेश कुमार, शिवांशु जोशी, मोहमद खुर्शीद, मोहम्मद दानिश, मंजू कोटलिया, पूजा साह, हेमा शर्मा तथा प्रीति साह ने गहरा शोक व्यक्त किया।

# एसकेएम व एमएल साह ने बाज़ी मारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के भीमताल विकास खंड के ज्योलीकोट स्थित प्रतिष्ठित नैंसी कॉन्वेंट स्कूल में श्रीराम सिंह मेमोरियल जिला स्तरीय अंतरविद्यालयी बास्केटबॉल टूर्नामेंट का भव्य समापन शनिवार को बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ हुआ। बता दें इस टूर्नामेंट में नैनीताल जनपद के 15 विद्यालयों की टीमों ने भाग लिया और खेल मैदान पर अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से दर्शकों का मन मोह लिया। समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सैनिक स्कूल घोड़ाखाल की प्राचार्य ग्रुप कैप्टन विजय सिंह डंगवाल, विशिष्ट अतिथि नैंसी ग्रुप ऑफ स्कूल्स की चेयरपर्सन मंजु सिंह, सिगनेट ग्रुप ऑफ होटल्स के जीएम शशांक पॉल तथा श्वेता डंगवाल रहीं। अतिथियों




का स्वागत विद्यालय के डायरेक्टर डा. संजय कुमार सिंह और प्रिंसिपल श्रीमती हीना मुजद्दादी ने पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट कर किया। समारोह में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने अतिथियों के स्वागत हेतु सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं। प्रतियोगिता के परिणामों में बालिका वर्ग में मोहन लाल साह बालिका विद्या मंदिर नैनीताल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि हरमन माइनर स्कूल भीमताल ने द्वितीय तथा एसकेएम पबलिक स्कूल हल्द्वानी ने तृतीय स्थान हासिल किया। बालक वर्ग में कड़े संघर्ष के बाद एसकेएम पब्लिक स्कूल हल्द्वानी ने खिताब अपने नाम किया जबकि सैनिक स्कूल घोड़ाखाल को द्वितीय और म्नेमोनिक पब्लिक स्कूल हल्द्वानी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। विजेता और उपविजेता टीमों को अतिथियों द्वारा ट्राफी, पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। टूर्नामेंट का सफल आयोजन डीन ऑफ एक्टिविटी देवेंद्र सिंह भण्डारी के नेतृत्व में हुआ जिसमें विद्यालय के सभी अध्यापकों, कोचों और खेल अधिकारियों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर मैनेजिंग डायरेटर इंजीनियर आईपी सिंह ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल केवल जीत और हार का माध्यम नहीं बल्कि यह जीवन में अनुशासन तथा समर्पण व आत्मविश्वास और चरित्र निर्माण का आधार हैं।

## एक नजर

### वाल्मीकि प्रकट दिवस पर चर्चा

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में 7 अक्टूबर मंगलवार को आयोजित होने जा रहे भगवान वाल्मीकि प्रकट दिवस बनाने के संबंध में वाल्मीकि सभा के पदाधिकारियों व सभी चौधरी समाज के प्रतिनिधियों की बैठक पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल तथा पालिका के ईओ रोहिताश शर्मा के साथ हुई। बैठक में सभी ने प्रकट दिवस की कामयाबी के लिए विस्तार से चर्चा कर पालिका प्रशासन से सहयोग की गुजारिश की। इस मौके पर प्रतिनिधियों ने पालिका प्रशासन के अधिकारियों व पालिक. ाध्यक्ष से गुजारिश की कि वह प्रकट दिवस को भव्य व दिव्य तरीके से मनाने के लिए एक लाख रुपए से लेकर पांच लाख रुपए की तक अनुदान राशि प्रदान करें। बैठक में वाल्मीकि सभा अध्यक्ष गिरीश भैया, उपाध्यक्ष राजू सरदार, महासचिव दिनेश कटियार, उपसचिव रोहित केसले, सचिव प्रदीप सहदेव, सरदार सुशील जॉन, राजू चौधरी, धर्मेंद्र पवार समेत वाल्मीकि मंदिर समिति से अध्यक्ष धीरज कटियार, उपाध्यक्ष सतीश पवार, सचिन संजय सिरोही, उपसचिव मोहित बेनीवाल, कोषाध्यक्ष सुनील पवार तथा विनोद पवार आदि शामिल रहे।

### वेंडर्स की समस्याओं का निस्तारण

**नैनीताल।** नगर पालिका परिषद नैनीताल में शनिवार को पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत रेहड़ी, पटरी, हाकर्स के लिए लोक कल्याण मेले का आयोजन किया गया। इस मौके पर अधिसाशी अधिकारी रोहिताश शर्मा द्वारा वेंडर्स व बैंक प्रतिनिधियों के बीच सामंजस्य स्थापित कर वेंडर्स की समस्यायों का समाधान कराया व वेंडर्स की अन्य समस्याओं का भी मौके पर निस्तारण किया। अध्यक्ष नगर पालिका परिषद डा. सरस्वती खेतवाल द्वारा वेंडर्स से सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। मास्टर ट्रेनर चन्दन सिंह भंडारी द्वारा भारत सरकार द्वारा संचालित अन्य कल्याणकारी योजनाओं के विषय में वेंडर्स को जानकारी प्रदान की व वेंडर्स से अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विभिन्न बैंको के प्रतिनिधि, सुडा कार्यालय के सोनू तिवारी तथा सीमा कुंवर उपस्थित रहे। अंत में सीएमएम सीमा पाण्डेय द्वारा उपस्थित सभी अधिकारियों को कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

### सीएम धामी आज वीरभट्टी में

**नैनीताल।** सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एक दिवसीय दौरे पर रविवार (आज) नैनीताल के भ्रमण पर आ रहे हैं। अपर जिलाधिकारी नैनीताल शैलेंद्र सिंह नेगी ने अवगत कराया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रातः 9.40 बजे जीटीसी हेलीपैड देहरादून से हेलीकॉप्टर द्वारा प्रस्थान कर पूर्वाह्न 10.40 बजे अस्थाई हेलीपैड पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार मैदान बीरभट्टी नैनीताल पहुंचेंगे, जहां वह पूर्वाह्न 11 बजे प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। इसके उपरांत वह पूर्वाह्न 11.45 से अपराहन 1 बजे तक विद्यालय के नव प्रभात सम्मान समारोह में प्रतिभाग करने के उपरांत वह अपराह्न पौने दो बजे पार्वती प्रेमा जगाती बीरभट्टी नैनीताल हेलीपैड से हेलीकॉप्टर द्वारा देहरादून को प्रस्थान करेंगे।

### नैनीताल में गांधी जयंती पर होंगे कई कार्यक्रम

**नैनीताल।** जिलाधिकारी कार्यालय सभागार नैनीताल में शनिवार को अपर जिलाधिकारी विवेक राय की अध्यक्षता शनिवार को 2 अक्टूबर (गांधी जयंती) समारोह के कार्यक्रमों की रुपरेखा तैयार किए जाने के संबंध बैठक आयोजित की गयी। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि गांधी जयंती के अवसर पर जिले के समस्त विद्यालय के छात्र-छात्राओं, राजनैतिक व धार्मिक व समाजिक संस्थाओं आदि द्वारा सुबह प्रभात फेरी का आयोजन किया जाएगा उसके बाद राजकीय भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फरहाना साथ ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी और लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर अनावरण एवं माल्यापर्ण किया जाएगा। साथ ही विद्यालयों में गीत नाट्य व सफाई अभियान, वाद विवाद प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, सादा जीवन उच्च विचार, पंथ निरपेक्षता, गांधी जी सिद्धांत, साक्षरता को बढ़ावा आदि पर गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने जिले भर में कार्यक्रमों को देखते हुए गांधी जयंती के दिन पुलिस प्रशासन से कार्यक्रम स्थलों में सुरक्षा व्यवस्था देखते हुए पर्याप्त पुलिस व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। बताया कि नैनीताल में प्रभातफेरी मल्लीताल पंत पार्क से तल्लीताल गांधी चौक पर समाप्त होगी।

### सामाजिक कार्यकर्ता हरीश चंद्र पंत नहीं रहे



**नैनीताल।** नैनीताल के सूखाताल निवासी एवं वन विभाग से सेवानिवृत कर्मी तथा सामाजिक कार्यकर्ता हरीश चन्द्र पन्त (मुन्ना दा) शनिवार को प्रातः काल निधन हो गया। वह पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे और उपचार के दौरान उन्होंने हल्द्वानी स्थित सुशीला तिवारी चिकित्सालय में अंतिम सांस ली। बता दें हरीश चन्द्र पन्त अपने सौमय स्वभाव एवं सामाजिक कार्यों में सक्रिय योगदान के लिए जाने जाते थे। उन्होंने सूखाताल आदर्श रामलीला समिति, श्री राम सेवक सभा नैनीताल के सक्रिय कार्यकर्ता सहित नगर की अनेक सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से समाज सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हरीश पंत लोक पारंपरिक कलाकारों के रूप में श्री नंदा देवी मूर्ति निर्माण में कई वर्षों तक योगदान किया तथा इस वर्ष राम बारात भी शामिल हुए। उनकी अंतिम यात्रा सूखाताल स्थित आवास से निकलने के बाद उनका पाइंस श्मशान घाट में अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# कूर्मांचल बैंक नैनीताल का कुल व्यवसाय पहुंचा 4129.53 करोड़

## बैंक की सामान्य निकाय की 43वीं साधारण वार्षिक सभा आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता



**नैनीताल।** दि कूर्मांचल नगर सहकारी बैंक लिमिटेड नैनीताल की सामान्य निकाय की 43वीं साधारण वार्षिक सभा शुक्रवार को नैनीताल क्लब में आयोजित हुई। सभा में बैंक के संच. ालक मंडल के सदस्य समेत प्रति. निधि एवं बैंक कर्मी उपस्थित रहे। इस अवसर पर बैंक के अध्यक्ष विनय साह, उपाध्यक्ष सुरेश कुमार जैन, संगीता साह, ऊर्मी शाह, डा. केदार पलड़िया, केशर सिंह मेहरा, सुभाष चन्द्रा, शैलेन्द्र पंत, गिरीश पाठक, पीतांबर पंत, प्रभात चौधरी, ललित साह, अमित गर्ग, राजीव चन्द्र गुप्ता, रघुराज सिंह के अतिरिक्त किरण जोशी, लीला जोशी, महावीर सिंह बिष्ट, अरुण वर्मा, कन्हैया लाल साह, राजीव लोचन साह, सुषमा डन्डरियाल, रमेश चंद्र पलड़िया तथा मोहन सिंह बोरा आदि उपस्थित रहे। आम सभा में बैंक के समाप्त हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 का संपरीक्षित संतुलन पत्र एवं लाभ-हानि खाता उपस्थित प्रतिनिधियों के समक्ष रखा गया। इसमें बताया गया कि आयकर भुगतान के उपरांत बैंक का शुद्ध लाभ पिछले वर्ष के रुपये 23.01 करोड़ से रुपये 4.53 करोड़ बढ़कर रुपये 27. 54 करोड़ हो गया है। बैंक की अंश पूंजी पिछले वर्ष के रुपये 49.84 करोड़ से रुपये 3.32 करोड़ बढ़कर रुपये 53.16 करोड़ हो गई, जबकि बैंक का कुल व्यवसाय पिछले वर्ष रुपये 3866.67 करोड़ से रुपये 262. 86 करोड़ बढ़कर रुपये 4129.53 करोड़ हो गया है। वहीं बैंक की कुल जमाएं रुपये 2482.05 करोड़ से रुपये 160.34 करोड़ बढ़कर रुपये 2642. 39 करोड़ हो गईं। बैंक के कुल ;ण व अग्रिम रुपये 1384.62 करोड़ से रुपये 102.52 करोड़ बढ़कर रुपये 1487.14 करोड़ हो गए। बैंक का पूंजी पर्याप्तता अनुपात 12 प्रतिशत की अनिवार्य मांग के सापेक्ष 20.16 प्रतिशत रहा, जबकि ऋण-जमा अनुपात 56.28 प्रतिशत रहा। बैंक द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में अनर्जक आस्तियों का संतोषजनक प्रबंधन किया गया, जिसके फलस्वरूप सकल एनपीए 2.08 प्रतिशत जबकि शुद्ध एनपीए शून्य रहा, जो बैंक की वित्तीय सुदृढ़ता एवं परिचालन दक्षता का परिचायक है। बैंक द्वारा 4 नई शाखाएं खोली गईं, जिससे कुल शाखाओं की संख्या 49 हो गई है। इस अवसर पर प्रतिनिधियों को बैंक के नवनियुक्त सचिव संजय साह का परिचय कराया गया, जिनके द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक के अनुमोदन पश्चात 1 जून 2025 से बैंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी का दायित्व ग्रहण कर लिया गया है। उपस्थित प्रतिनिधियों द्वारा बैंक के संचालक मंडल द्वारा संस्तुत लाभ के वितरण को अनुमोदित किया गया तथा लाभांश 10 प्रतिशत की दर से अंशधारकों को वितरित करने की अनुमति प्रदान की गई। प्रतिनिधियों द्वारा बैंक के संचालक मंडल द्वारा संस्तुत वर्ष 2025-26 के लिए अधि. कतम दायित्व रुपये 4184.40 करोड़ स्वीकृत किया गया। प्रतिनिधि सभा द्वारा बैंक के नाम में देवनागरी लिपि में वर्तनी अंतर को संशोधित करने के प्रस्ताव एवं बैंक की उपविधियों में प्रस्तावित संशोधनों को ध्वनिमत से पारित किया गया। अंत में बैंक के उपाध्यक्ष सुरेश कुमार जैन द्वारा सभी उपस्थित प्रतिनिधियों, संच. ालक मंडल के सदस्यों, कर्मचारियों एवं विनियामकों का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त कर सभा का समापन किया गया।

### अल्मोड़ा मुख्य शाखा रही सर्वश्रेष्ठ बड़ी शाखा

**नैनीताल।** बैंक की परंपरा के अनुसार बैंक की सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाली बड़ी और छोटी शाखाओं को सममानित किया गया जिसमें श्रेष्ठ बड़ी शाखा शाखा अल्मोड़ा (मुख्य शाखा) रही एवं श्रेष्ठ छोटी शाखा शाखा धरमपुर देहारादून रही। शाखा प्रबन्धक अल्मोड़ा हिमांशु साह एवं शाखा प्रबन्धक धरमपुर देहरादून दिव्या लांबा द्वारा शाखाओं की ओर से चल वैज्यन्ती ग्रहण की गईं। आम सभा के दौरान बैंक कर्मियों के मेधावी पाल्यों को भी सममानित किया गया एवं उनके सुनहरे भविष्य की कामना की गई।

### बचत खातों में सर्वाधिक 3 फीसदी प्रतिमाह ब्याज देने वाला उत्तर भारत का एकमात्र बैंक: चौयरमैन

**नैनीताल।** आम सभा में बैंक के अध्यक्ष विनय साह द्वारा सूचित किया कि बैंक डिजिटल क्षेत्र में निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। बैंक द्वारा विनियामक दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए अपनी वेबसाइट को बैंक डाट इन में सफलतापूर्वक स्थानांतरित कर दिया गया है जिससे अब बैंक की वैबसाईट में अधिक सुरक्षित व सुगमता से पहुँचा जा सकता है। ऐसा करने वाला बैंक संभवतः उत्तराखंड का प्रथम नगरीय सहकारी बैंक है और भारत में प्रथम 10 बैंकों में से एक है। बैंक अपने लघु बचत खातेदारों को वास्तविक समय में जमा की सुविधा प्रदान कर रहा है जो डिजिटल बैंकिंग की सुविधा का एक और उदाहरण है। बैंक द्वारा लेन-देन युक्त इंटरनेट बैंकिंग में अब ग्राहकों को बिल डेस्क की सुविधा दी जा रही है, जिससे ग्राहक इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से सभी प्रकार के बिलों का भुगतान करने में सक्षम हैं। बैंक अपने ग्राहकों की सुविधा के लिए यूपीआई आधारित मोबाइल बैंकिंग मुहैया करने के लिए प्रयासरत है। बैंक बचत खातों में सर्वाधिक 3 फीसदी की दर से प्रतिमाह ब्याज देने वाला उत्तर भारत का एकमात्र बैंक है।

### सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी पर रोष

**नैनीताल।** लद्दाख के पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत गिरफ्तारी और जोधपुर जेल भेजे जाने के खिलाफ शनिवार को विभिन्न राजनीतिक दलों, जन संगठन और बुद्धिजीवियों ने विरोध प्रदर्शन किया। तल्लीताल गांधी चौक पर मोमबत्तियां जलाकर और तख्तियां लेकर लोग सोनम के समर्थन में नारेबाजी करते दिखे। उन्होंने उत्तराखंड में पेपर लीक मामले में विरोध कर रहे युवाओं के प्रति भी एकजुटता जताई और मुख्यमंत्री द्वारा घटना को 'नकल जिहाद' बताने की निंदा की। वक्ताओं ने वांगचुक के आंदोलन को हिमालय क्षेत्र की समान समस्या बताया और उनकी तत्काल रिहाई की मांग की। प्रदर्शन पशुपति राघव राजा राम गीत के साथ समाप्त हुआ।

# ग्राम पंचायत के जनप्रनिधियों की बैठक

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** जिले के भीमताल विकास खंड के तहत न्याय पंचायत खुर्पाताल तथा न्याय पंचायत ज्योलीकोट के सभी ग्राम प्रधानों एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों तथा पूर्व जन प्रतिनिधियों की बैठक ग्राम प्रधान खुर्पाताल हंसी नेगी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष देवकी बिष्ट मौजूद रहीं। बैठक में बिष्ट ने कहा कि दोनों न्याय पंचायतों की समस्याओं के साथ साथ पूरे जिले की जो भी प्रमुख समस्याएं होंगी, उन्हें आगामी जिला पंचायत की बोर्ड बैठक में वह प्राथमिकता से उठाएंगी ताकि उनका हर संभव समाधान हो सके। इससे पूर्व बैठक में राज्य आंदोलनकारी डा. सुरेश डालाकोटी ने सभी जन प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए बैठक के बारे में बताया। डा. डालाकोटी ने कहा कि पंचायत एक्ट में ग्राम प्रधान को जो अधिकार मिले हैं उनका पूर्ण रूप से पालन होना चाहिए। बैठक में बोलते हुए सरिताताल के ग्राम प्रधान हरगोविन्द सिंह रावत ने कहा कि नए ग्राम प्रधान जो भी बने हैं उन्हें कहीं पर भी हमारी सहायता की जरूरत पड़े तो हम पुराने ग्राम प्रधान हमेशा उनकी सहायता करने को तैयार रहेंगे। बैठक में ज्योली के ग्राम प्रधान शेखर भट्ट ने कहा कि हमें अपने क्षेत्र में मौन पालन का प्रोग्राम भी स्वरोजगार के लिए शुरू करना चाहिए जिसमें सरकार द्वारा 80 प्रतिशत छूट मिलती है तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण को भी अपनी योजनाओं में शामिल करना चाहिए। बैठक में सामाजिक कार्यकर्ता जीवन नेगी ने ग्रामसभा खुर्पाताल की तरफ से जिला पंचायत उपाध्यक्ष देवकी बिष्ट को शॉल ओढ़ाकर सममानित किया। बैठक में देवीधुरा के क्षेत्र पंचायत सदस्य हिमांशु पाण्डेय ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए सबको मिलकर कार्य करना पड़ेगा। बैठक के आयोजक पूर्व प्रधान गणेश बिष्ट ने सभी का धन्यवाद किया। बैठक में गोविंद सिंह अधिकारी, सूरज अधिकारी, प्रेमा मेहरा, दीपा कोटलिया, कीर्ति आर्या, हिमांशु बिष्ट, प्रेमा बर्गली, बीना जीना, बालम जीना व देवेंद्र नेगी ने अपने क्षेत्र की समस्याओं को रखते हुए कहा कि हमें एकता बनाए रखनी पड़ेगी। बैठक में शिब सिंह, बच्चे सिंह, गोबिंद सिंह, मुकेश महरा, गणेश महरा, हरीश धामी, हीरा सिंह, धर्मेंद्र रावत तथा विनोद कुमार मौजूद रहे।

# मिसाल: 43 साल से सौहार्द का रंग भर रहे सईब अहमद

अफ़ज़ल हुसैन फौजी

**नैनीताल।** शारदीय नवरात्र और दशहरे के मौके पर देशभर में होने वाली रामलीलाएं सिर्फ धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि संस्कृति और परंपरा का जीवंत स्वरूप होती हैं। नैनीताल नगर की तल्लीताल रामल. ीला इसी का उदाहरण है, जहां बीते 43 सालों से सईब अहमद रामलीला के पात्रों को मंच पर उतारने से पहले उनके मेकअप की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। सईब अहमद बचपन से ही रंग. मंच से जुड़े रहे। शुरुआत अभिनय से हुई, लेकिन धीरे-धीरे उन्होंने मेकअप को अपनी पहचान बना लिया। वे अकेले ही सभी पात्रों को मंचन के लिए तैयार करते हैं। उनका कहना है कि यह केवल मेकअप नहीं, बल्कि



कला और संस्कृति को जीवित रखने का माध्यम है। सईब बताते हैं कि पिछले चार दशकों में रामलीला का रूप काफी बदल चुका है। पहले लोग इस आयोजन के दौरान सादगी अपनाते और कई तरह के त्याग करते थे। अब समय के साथ मंचन अधिक नाटकीय और आधुनिक हो गया है। इसके बावजूद श्रद्धा और उत्साह आज भी पहले जैसा ही है। सईब अहमद की पहचान केवल रामलीला तक सीमित नहीं है। समाज में अमन और भाईचारे का संद. ेश देने वाले सईब घर पर कुंडली भी बनाते हैं और जरूरतमंदों की मदद करते हैं। उनका मानना है कि ईश्वर एक है, बस उसे पूजने के रास्ते अलग-अलग हैं। सईब कहते हैं कि छोटा सा नैनीताल हमेशा अमन-शांति का पैगाम देता रहा है। यहां दशहरे पर रावण के पुतले हों या मुहर्रम के ताजिए, हर धर्म के लोग मिलकर तैयारी करते हैं। यही वजह है कि नैनीताल की रामलीला सां. प्रदायिक एकता की जीती-जागती मिसाल बन चुकी है। सईब अहमद की 43 साल के योगदान ने न सिर्फ रामलीला के रंगों को और जीवंत किया है, बल्कि आपसी सौहार्द की अमिट छाप भी छोड़ी है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### एमसीए नवम्बर में चुनाव कराएगा

**मुंबई, वार्ता।** मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) नवंबर में अपने चुनाव कराएगा। अभी तारीख तय नहीं हुई है, लेकिन शुक्रवार (26 सितम्बर) को हुई शीर्ष परिषद की बैठक में यह फैसला लिया गया। एमसीए ने एक बयान में कहा कि मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन की शीर्ष परिषद ने फैसला किया कि एसोसिएशन के चुनाव नवंबर 2025 में होंगे। यह समय-सीमा अक्टूबर में दिवाली की छुट्टियों को ध्यान में रखते हुए तय की गई है। एमसीए ने चुनाव कराने के लिए जेएस सहारिया को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया है।

### इगा ने चाइना ओपन में अपना अपराजित अभियान जारी रखा

**बीजिंग, वार्ता।** विश्व की दूसरे नंबर की खिलाड़ी पोलैंड की इगा स्वियाटेक ने शनिवार को चाइना ओपन में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। उन्होंने महिला एकल के दूसरे दौर में घरेलू खिलाड़ी युआन यू को 6-0, 6-3 से हराकर नेशनल टेनिस सेंटर में अपना अपराजित रिकॉर्ड कायम रखा। 24 वर्षीय स्वियाटेक पहले सेट में अजेय रहीं और उन्होंने तीन ब्रेक के साथ सभी छह गेम जीतकर बेसलाइन पर अपना दबदबा कायम रखा। यह बीलजग में उनके शानदार रिकॉर्ड का एक और उदाहरण है, क्योंकि उन्होंने 2023 में अपने पहले ही टूर्नामेंट में जीत हासिल की थी। 58वें नंबर की 25 वर्षीय युआन ने दूसरे सेट में कड़ी टक्कर दी। चीनी खिलाड़ी ने शुरुआती गेम में सर्विस ब्रेक करके 1-0 की बढ़त बना ली, लेकिन शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने तुरंत वापसी करते हुए लगातार तीन गेम जीतकर 3-1 की बढ़त बना ली।

### राहुल ने एक ही पारी में झटके सात विकेट

**लंदन।** हैम्पशायर काउंटी चैंपियनशिप के डिविजन 1 से बाहर होने की कगार पर पहुंच गया है। यूटिलिटा बाउल में सरे के लेग-स्पिनर चाहर की फरिकी ने हैम्पशायर को एक ऐसी स्थिति पर ला दिया है। चाहर ने स्पिन लेती पिच का पूरा फायदा उठाते हुए 45 रन देकर 7 विकेट लिए।

# विस्फोटक खिताबी मुकाबले को तैयार भारत-पाक

## एशिया कप-2025 फाइनल मुकाबला आज



● **भारत टूर्नामेंट में अजेय है और पाक पर दो जीत पहले ही हासिल कर चुका है**

**दुबई, वार्ता।** अपनी सीट बेल्ट बांध लीजिए! क्रिकेट की दुनिया की सबसे बड़ी जंग यहीं है। रविवार रात दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में एशिया कप टी-20 टूर्नामेंट के फाइनल में भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला होगा-इससे बड़ा मुक. ाबला और क्या हो सकता है। भारत इस मुकाबले में पूरी ताकत से उतरेगा, टूर्नामेंट में अजेय है और पाकिस्तान पर दो जीत पहले ही हासिल कर चुका है।

वे एक मिशन पर लगी टीम की तरह दिख रहे हैं। शीर्ष क्रम में, अभिषेक शर्मा का प्रदर्शन बेहद शानदार रहा है-309 रन, 200 से ज्यादा का स्ट्राइक रेट और लगातार तीन अर्द्धशतक। शुभमन गिल का धैर्य, सूर्यकुमार यादव की आतिशी बल्लेबाजी, और तिलक वर्मा व संजू सैमसन का आक्रामक अंदाज-यह बल्लेबाजी विकल्पों से भरी हुई है। और अगर आपको लगता है कि बात यहीं खत्म हो जाती है, तो शिवम दुबे, हार्दिक पांड्या और अक्षर पटेल का निचला क्रम डेथ ओवरों में धमाकेदार प्रदर्शन कर सकता है।

गेंदबाजी? कमाल की। जसप्रीत बुमराह नई गेंद से आग उगल रहे हैं, कुलदीप यादव और अक्षर पटेल बल्लेबाजों को बांधे हुए हैं, और वरुण चक्रवर्ती अपनी रहस्यमयी स्पिन से घातक साबित हुए हैं। भारत के पास विविधता, संतुलन और गहराई है - एक फाइनल में आपको जो कुछ भी चाहिए। हालांकि, पाकिस्तान यहां संयोग से नहीं है। वे लड़खड़ा भी चुके हैं - बांग्लादेश से पूछिए, जिसने 71 रन पर उनका स्कोर 6 विकेट कर दिया था, उसके बाद पाकिस्तान ने वापसी की। लेकिन फाइनल उनके अंदर की लड़ाई को उजागर करता है। फखर जमान एक ऐसे खिलाड़ी हैं जो अगर लय में आ जाएं तो बेकाबू हो सकते हैं। साहिबजादा फरहान एंकर हैं। कप्तान सलमान आगा, मोहम्मद हारिस और मोहम्मद नवाज के साथ मिलकर टीम को संभालने की कोशिश करेंगे। लेकिन असली ताकत उनकी गेंदबा. जी में है। **नई गेंद से शाहीन** अफरीदी बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रहे हैं, हारिस रऊफ किसी भी लाइन-अप को तहस-नहस कर सकते हैं, और युवा सैम अयूब ने अपने आठ विकेट लेकर कमाल कर दिया है। नवाज और अबरार अहमद के समर्थन से, यह एक ऐसा आक्रमण है जो भारत को नुकसान पहुंचा सकता है अगर वे अपनी लय हासिल कर लें।

**यहां एक दिलचस्प मोड़ है:** भारत अभी ऊंचाइयों पर है, लेकिन फाइनल में इतिहास पाक के पक्ष में झुकता दिख रहा है। इन दोनों के बीच हुए 12 फाइनल मुकाबलों में से पाकिस्तान ने आठ जीते हैं। यही वह आंकघ है जो इस प्रतिद्वंद्विता को जीवंत और जीवंत बनाए रखता है। दुबई की पिच? शुरुआत में तेज गेंदबाजों के लिए थोड़ी मदद की उम्मीद करें, बीच में स्पिनर खेल में आएंगे, और फिर ओस लक्ष्य का पीछा करने वालों के लिए काम आसान कर देगी। 180-190 के आसपास का स्कोर जादुई संख्या होगी। मौसम साफ, नम है, और दूधिया रोशनी में धमाकेदार मैच के लिए एकदम सही है। संभावनाएं भारत की ओर इशारा करती हैं। फॉर्म भारत की ओर इशारा करता है। लेकिन भारत-पाक फाइनल में, आप इन सब बातों को नजरअंदाज कर देते हैं। एक बड़ा ओवर, एक तेज स्पेल, और पल भर में कहानी पलट सकती है।

### भारत की संभावित एकादश

**अभिषेक शर्मा**, शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), तिलक वर्मा, संजू सैमसन (विकेट कीपर), शिवम दुबे, हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुम. राह, वरुण चक्रवर्ती

### पाक की संभावित एकादश

**सैम अयूब**, साहिबजादा फरहान, फखर जमान, सलमान आगा (कप्तान), हुसैन तलत, मोहम्मद हारिस (विकेट कीपर), मोहम्मद नवाज, फहीम अशरफ, शाहीन अफरीदी, हारिस रऊफ, अबरार

# शीतल बनीं पैरा विश्व तीरंदाजी चैंपियन

● **तोमन कुमार ने भी जीता खिताब, शीतल ने तुर्की की ओजनुर को 146-143 से हराया**



**नई दिल्ली, वार्ता।** 18 साल की भारतीय तीरंदाज शीतल देवी ने इतिहास रच दिया। बिना हाथों के खेलने वाली इस भारतीय खिलाड़ी ने पैरावर्ल्ड आर्चरी चैंपियनशिप में महिलाओं की कंपाउंड व्यक्तिगत स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीत लिया। शीतल ने तुर्की की विश्व नंबर 1 ओजनुर क्योर गिरदी को 146-143 से हराकर यह उपलब्धि हासिल की। शीतल देवी इस प्रतियोगिता में एकमात्र ऐसी खिलाड़ी थीं जो अपने पैरों और ठुड्डी का इस्तेमाल कर तीर चलाती हैं। यह इस चैंपियनशिप में उनका तीसरा पदक था। इसके अलावा तोमन कुमार ने कंपाउंड पुरुष वर्ग का खिताब अपने नाम किया। एक अन्य भारतीय राकेश कुमार को तकनीकी दिक्कत के कारण हटने के लिए बाध्य होना पड़ा जिससे वह फाइनल में 20-40 से हार गए। पेरिस पैरालंपिक के कांस्य पदक विजेता राकेश को धनुष में 'पुली' की समस्या के कारण चार शॉट के बाद हटना पड़ा। इससे विश्व चैंपियनशिप में डेब्यू कर रहे तोमन ने चार सटीक तीर के साथ खिताब अपने नाम कर लिया। शीतल ने इससे पहले कंपाउंड मिक्स्ड टीम स्पर्धा में तोमन कुमार के साथ मिलकर कांस्य पदक जीता था। भारतीय जोड़ी ने ग्रेट ब्रिटेन की जोड़ी जोडी ग्रिनहैम और नाथन को 152-149 से हराया। महिला कंपाउंड ओपन टीम स्पर्धा में शीतल और सरिता की जोड़ी को फाइनल में तुर्की से हार का सामना करना पड़ा और उन्हें रजत से संतोष करना पड़ा।

# अभिषेक ने तोड़ा कोहली-रिजवान का रिकॉर्ड



● **एक टी-20 एशिया कप में सबसे ज्यादा रन, भारतीय टीम बनी सुपर ओवर की चैंपियन**

**दुबई, वार्ता।** टीम इंडिया ने एशिया कप में जीत का सिल. सिला कायम रखा। भारत ने शुक्रवार को श्रीलंका के खिलाफ सुपर ओवर में जीत हासिल की। दुबई स्टेडियम में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट खोकर 202 रन बनाए। जवाब में श्रीलंकाई टीम ने भी इतने ही रन बनाए और मैच टाई हो गया। सुपर ओवर में श्रीलंका ने भारत को 3 रन का टारगेट दिया। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पहली ही बाल पर तीन रन बनाकर भारत को जीत दिला दी। भारतीय टीम अब लगातार 6 सुपर ओवर जीत चुकी है। टीम इंडिया दुनिया की इकलौती ऐसी टीम है जो कभी टी-20 का टाईब्रेकर नहीं हारी है। इसके अलावा अभिषेक शर्मा किसी एक टी-20 एशिया कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर बन गए हैं। उन्होंने मोहम्मद रिजवान और विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ा है। सुपर ओवर में भारत की लगातार छठी जीत भारतीय टीम ने अब तक का अपना सातवां टाई मैच खेला। इन सभी मैचों के टाईब्रेकर में भारतीय टीम ने जीत हासिल की। एक मैच में बालआउट के जरिए विजेता का फैसला हुआ था। बाकी के 6 मैचों में सुपर ओवर के जरिए। भारत ने अपना पहला टाई मैच 14 सितम्बर 2007 को डरबन में पाकिस्तान के खिलाफ खेला था। तब बाल आउट के जरिए विजेता का फैसला हुआ। भारत ने बाल आउट में जीत हासिल की। इसके बाद भारत ने 6 और मैच टाई खेले और हर बार सुपर ओवर में जीत हासिल की है।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरे ड्राईविंग लाईसेंस में मेरा पता बाजार वार्ड तल्लीताल नैनीताल लिखा गया है, जबकि मैं स्थाई रूप से हरीनगर तल्लीताल पी0ओ0 तल्लीताल नैनीताल में निवास करता हूँ। मेरे डी0एल0 में मेरा पता हरीनगर तल्लीताल पी0ओ0 तल्लीताल नैनीताल दर्ज कर डी0एल0 शुद्ध कर दिया जाय।

**नासिर हुसैन पुत्र श्री वजीर हुसैन,**
निवासी: हरीनगर तल्लीताल,
तहसील व जिला नैनीताल।

**विद्युत वितरण खण्ड, उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0, अल्मोड़ा।**

पत्रांक : 2585 वि0वि0ख0(अ0)/ विज्ञापन प्रकाशन — दिनांक: 27/09/2025

**विद्युत बाधित होने की सूचना**

विद्युत वितरण खण्ड अल्मोड़ा के सभी सम्बन्धित सम्मानित विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित करना है कि दीपावली पर्व से पूर्व निम्न 33 तथा 11 केवी लाईनों के ऊपर/निकट आ रहे वृक्षों की टहनियों की लौपिंग कार्य करवाये जाने के कारण उनके क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति निम्न विवरणानुसार आंशिक/पूर्णतया बाधित रहेगी, ताकि दीपावली पर्व के दौरान उनको निर्बाध विद्युत आपूर्ति प्रदान की जा सके।

| दिनांक | 33 केवी विद्युत उपसंस्थान का नाम | 11 के0वी0 फीडर का नाम | समायावधि | क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 01.10.2025 | सोमेश्वर | सोमेश्वर | प्रातः 10:00 बजे से सायं 17:00 बजे तक | 11 के0वी0 फीडरों से जुड़े समस्त क्षेत्र। |
| 02.10.2025 | सोमेश्वर | सोमेश्वर | | 11 के0वी0 फीडरों से जुड़े समस्त क्षेत्र। |
| 03.10.2025 | सोमेश्वर | लोध | | 11 के0वी0 फीडरों से जुड़े समस्त क्षेत्र। |
| 04.10.2025 | सोमेश्वर | कौसानी | | 11 के0वी0 फीडरों से जुड़े समस्त क्षेत्र। |
| | लमगड़ा | – | | 33 के0वी0 स्यालीधार से लमगड़ा क्षेत्र। |
| | सत्यो | पलना एवं पौधार | | 11 के0वी0 फीडरों से जुड़े समस्त क्षेत्र। |
| | जैंती | संगरोली | | 11 के0वी0 फीडरों से जुड़े समस्त क्षेत्र। |
| 05.10.2025 | सोमेश्वर | – | | 33 के0वी0 अल्मोड़ा से सोमेश्वर समस्त क्षेत्र। |
| | खत्याड़ी तथा बख | – | | 33 के0वी0 खत्याड़ी तथा बख से जुड़े समस्त क्षेत्र। |
| | लमगड़ा | – | | 33 के0वी0 स्यालीधार से लमगड़ा। |
| | सत्यो | पलना एवं पौधार | | 11 के0वी0 फीडरों से जुड़े समस्त क्षेत्र। |
| | जैंती | संगरोली | | 11 के0वी0 फीडरों से जुड़े समस्त क्षेत्र। |
| 06.10.2025 | सोमेश्वर | – | | 33 के0वी0 अल्मोड़ा से सोमेश्वर समस्त क्षेत्र। |
| | तोली | – | | 33 के0वी0 तोली से जुड़े समस्त क्षेत्र। |
| | लमगड़ा | लमगड़ा | | 11 के0वी0 फीडरों से जुड़े समस्त क्षेत्र। |
| | सत्यो | पलना एवं पौधार | | 11 के0वी0 फीडरों से जुड़े समस्त क्षेत्र। |
| | जैंती | संगरोली | | 11 के0वी0 फीडरों से जुड़े समस्त क्षेत्र। |
| | जैंती | – | | 33 के0वी0 लमगड़ा से जैंती समस्त क्षेत्र। |
| 07.10.2025 | सोमेश्वर | – | | 33 के0वी0 बागेश्वर से सोमेश्वर समस्त क्षेत्र। |
| | खत्याड़ी | शीतलाखेत | | 11 के0वी0 फीडरों से जुड़े समस्त क्षेत्र। |
| | लक्षमेश्वर | पपरशैली | | 11 के0वी0 फीडरों से जुड़े समस्त क्षेत्र। |
| | तोली | बाड़ैछीना | | 11 के0वी0 फीडरों से जुड़े समस्त क्षेत्र। |
| | दन्या | धेयारी | | 11 के0वी0 फीडरों से जुड़े समस्त क्षेत्र। |
| | लमगड़ा | लमगड़ा | | 11 के0वी0 फीडरों से जुड़े समस्त क्षेत्र। |
| | सत्यो | पम्पिंग फीडर | | पम्पिंग फीडर। |
| | जैंती | – | | 33 के0वी0 लमगड़ा से जैंती समस्त क्षेत्र। |
| 08.10.2025 | सोमेश्वर | – | | 33 के0वी0 बागेश्वर से सोमेश्वर समस्त क्षेत्र। |
| | कोसी | शीतलाखेत | | 11 के0वी0 फीडरों से जुड़े समस्त क्षेत्र। |
| | दन्या | धेयारी | | 11 के0वी0 फीडरों से जुड़े समस्त क्षेत्र। |
| | लक्षमेश्वर | पतालदेवी | | 11 के0वी0 फीडरों से जुड़े समस्त क्षेत्र। |
| | बख | राजपूरा | | 11 के0वी0 फीडरों से जुड़े समस्त क्षेत्र। |
| | तोली | नगरखान | | 11 के0वी0 फीडरों से जुड़े समस्त क्षेत्र। |
| | लमगड़ा | शहरफाटक | | 11 के0वी0 फीडरों से जुड़े समस्त क्षेत्र। |
| | सत्यो | पम्पिंग फीडर | | पम्पिंग फीडर। |
| | जैंती | – | | 33 के0वी0 लमगड़ा से जैंती समस्त क्षेत्र। |
| 09.10.2025 | सोमेश्वर | शान्ती बाजार | | 11 के0वी0 फीडरों से जुड़े समस्त क्षेत्र। |
| | कोसी | दौलाघाट | | 11 के0वी0 फीडरों से जुड़े समस्त क्षेत्र। |
| | दन्या | खेती | | 11 के0वी0 फीडरों से जुड़े समस्त क्षेत्र। |
| | लक्षमेश्वर | ऐडम्स | | 11 के0वी0 फीडरों से जुड़े समस्त क्षेत्र। |
| | तोली | बीना | | 11 के0वी0 फीडरों से जुड़े समस्त क्षेत्र। |
| | लमगड़ा | शहरफाटक | | 11 के0वी0 फीडरों से जुड़े समस्त क्षेत्र। |
| | लमगड़ा | बसन्तपुर | | 11 के0वी0 फीडरों से जुड़े समस्त क्षेत्र। |
| | जैंती | जामर | | 11 के0वी0 फीडरों से जुड़े समस्त क्षेत्र। |
| 10.10.2025 | खत्याड़ी | शीतलाखेत | | 11 के0वी0 फीडरों से जुड़े समस्त क्षेत्र। |
| | दन्या | भनोली | | 11 के0वी0 फीडरों से जुड़े समस्त क्षेत्र। |
| | लक्षमेश्वर | तिलकपुर | | 11 के0वी0 फीडरों से जुड़े समस्त क्षेत्र। |
| | खत्याड़ी | ब्राइटन कार्नर | | 11 के0वी0 फीडरों से जुड़े समस्त क्षेत्र। |
| | तोली | बाड़ैछीना | | 11 के0वी0 फीडरों से जुड़े समस्त क्षेत्र। |
| | लमगड़ा | शहरफाटक | | 11 के0वी0 फीडरों से जुड़े समस्त क्षेत्र। |
| | लमगड़ा | बसन्तपुर | | 11 के0वी0 फीडरों से जुड़े समस्त क्षेत्र। |
| | जैंती | जामर | | 11 के0वी0 फीडरों से जुड़े समस्त क्षेत्र। |
| 11.10.2025 | कोसी | दौलाघाट | | 11 के0वी0 फीडरों से जुड़े समस्त क्षेत्र। |
| | दन्या | भनोली | | 11 के0वी0 फीडरों से जुड़े समस्त क्षेत्र। |
| | बख | धारानौला | | 11 के0वी0 फीडरों से जुड़े समस्त क्षेत्र। |
| | खत्याड़ी | आकाशवाणी | | 11 के0वी0 फीडरों से जुड़े समस्त क्षेत्र। |
| | तोली | सेराघाट | | 11 के0वी0 फीडरों से जुड़े समस्त क्षेत्र। |
| | जैंती | जामर | | 11 के0वी0 फीडरों से जुड़े समस्त क्षेत्र। |
| 12.10.2025 | कोसी | मनान | | 11 के0वी0 फीडरों से जुड़े समस्त क्षेत्र। |
| | तोली | जगेश्वर | | 11 के0वी0 फीडरों से जुड़े समस्त क्षेत्र। |
| | बख | चितई | | 11 के0वी0 फीडरों से जुड़े समस्त क्षेत्र। |
| | तोली | बीना | | 11 के0वी0 फीडरों से जुड़े समस्त क्षेत्र। |
| | लमगड़ा | जैंती | | 11 के0वी0 फीडरों से जुड़े समस्त क्षेत्र। |
| | जैंती | पीपली | | 11 के0वी0 फीडरों से जुड़े समस्त क्षेत्र। |
| 13.10.2025 | कोसी | दौलाघाट | | 11 के0वी0 फीडरों से जुड़े समस्त क्षेत्र। |
| | तोली | धौलादेवी | | 11 के0वी0 फीडरों से जुड़े समस्त क्षेत्र। |
| | खत्याड़ी | केन्ट | | 11 के0वी0 फीडरों से जुड़े समस्त क्षेत्र। |
| | तोली | खाखरी | | 11 के0वी0 फीडरों से जुड़े समस्त क्षेत्र। |
| | लमगड़ा | जैंती | | 11 के0वी0 फीडरों से जुड़े समस्त क्षेत्र। |
| | जैंती | पीपली | | 11 के0वी0 फीडरों से जुड़े समस्त क्षेत्र। |
| 14.10.2025 | कोसी | मनान | | 11 के0वी0 फीडरों से जुड़े समस्त क्षेत्र। |
| | तोली | धौलादेवी | | 11 के0वी0 फीडरों से जुड़े समस्त क्षेत्र। |
| | तोली | बाड़ैछीना | | 11 के0वी0 फीडरों से जुड़े समस्त क्षेत्र। |
| 15.10.2025 | खत्याड़ी | शीतलाखेत | | 11 के0वी0 फीडरों से जुड़े समस्त क्षेत्र। |
| | दन्या | – | | 33 के0वी0 दन्या समस्त क्षेत्र। |
| | बख | पलना | | 11 के0वी0 फीडरों से जुड़े समस्त क्षेत्र। |
| | खत्याड़ी | एम0ई0एस | | एम0ई0एस फीडर। |
| 16.10.2025 | खत्याड़ी | चौसली | | 11 के0वी0 फीडरों से जुड़े समस्त क्षेत्र। |
| | कोसी | मनान | | 11 के0वी0 फीडरों से जुड़े समस्त क्षेत्र। |
| | दन्या | दन्या | | 11 के0वी0 फीडरों से जुड़े समस्त क्षेत्र। |
| 17.10.2025 | लक्षमेश्वर | विकास भवन | | 11 के0वी0 फीडरों से जुड़े समस्त क्षेत्र। |
| | खत्याड़ी | चौसली | | 11 के0वी0 फीडरों से जुड़े समस्त क्षेत्र। |
| | खत्याड़ी | मेडीकल कॉलेज | | मेडीकल कॉलेज फीडर। |

अतः अनुरोध है कि उक्त अवधि में विद्युत की वैकल्पिक व्यवस्था बनाये रखें तथा इस कार्य में विभाग को अपना सहयोग प्रदान करने की कृपा करें।

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें"
"उपभोक्ता टौल फ्री नम्बर 1912 में अपनी शिकायत दर्ज करायें।"
"विद्युत बिलों के 24×7 ऑन लाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें।"
"उपभोक्ता टौल फ्री नम्बर 18004190405"

अधिशासी अभियन्ता
विद्युत वितरण खण्ड, अल्मोड़ा।

**विद्युत वितरण खण्ड, उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0, अल्मोड़ा।**

पत्रांक : 2583 वि0वि0ख0(अ0)/ विज्ञापन प्रकाशन — दिनांक: 27/09/2025

**विद्युत बाधित होने की सूचना**

विद्युत वितरण खण्ड अल्मोड़ा के सम्मानित विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित करना है कि 132/33 के0वी0 उपसंस्थान स्यालीधार से पिटकुल में दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में आवश्यक अनुरक्षण कार्य के प्रस्तावित होने के चलते निम्न स्थानों पर विद्युत आपूर्ति निम्नानुसार बाधित रहेगी।

| दिनांक | प्रभावित क्षेत्र | विद्युत आपूर्ति बाधित रहने का समय |
|---|---|---|
| 06/10/2025 | अल्मोड़ा शहरी क्षेत्र से जुड़े सभी विद्युत उपभोक्ता तथा ग्रामीण क्षेत्र जैसे लमगड़ा, दन्या, जैंती, हवलबाग, कोसी एवं कोसी बाजार, जागेश्वर, सोमेश्वर, ताकुला, कौसानी, धौलादेवी, भैसियाछाना,सेराघाट,बाड़ेछीना, धौलछीना क्षेत्र से जुड़े सभी विद्युत उपभोक्ता । | प्रातः 10:00 बजे से सायं 17:00 बजे तक |

अतः अनुरोध है कि उक्त अवधि में विद्युत की वैकल्पिक व्यवस्था बनाये रखें तथा इस कार्य में विभाग को अपना सहयोग प्रदान करने की कृपा करें।

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें"
"उपभोक्ता टौल फ्री नम्बर 1912 में अपनी शिकायत दर्ज करायें।"
"विद्युत बिलों के 24×7 ऑन लाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें।"
"उपभोक्ता टौल फ्री नम्बर 18004190405"

अधिशासी अभियन्ता
विद्युत वितरण खण्ड, अल्मोड़ा।

### हरिद्वार यूनिवर्सिटी के दो छात्र हादसे का शिकार

# एक की मौत, दूसरा गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** पिरान कलियर कांवड़ मार्ग पर शनिवार को हुए एक भीषण सड़क हादसे ने क्षेत्र को गमगीन कर दिया। हरिद्वार यूनिवर्सिटी आरसीबी कॉलेज के बीटेक के दो छात्र स्कूटी से रुड़की की ओर आ रहे थे। इसी दौरान सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र में उनकी स्कूटी सामने से आ रही एक अल्टो कार से टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि स्कूटी पर सवार एक छात्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया।

मृतक छात्र की पहचान सौरभ सिंह पुत्र सुनील कुमार निवासी नेपाल के रूप में हुई है। वहीं गंभीर रूप से घायल छात्र आयुष निवासी बिहार को तत्काल विनय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। पुलिस ने मृतक छात्र के शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेज दिया है।

बताया जा रहा है कि दोनों छात्र हरिद्वार यूनिवर्सिटी आरसीबी कॉलेज में बीटेक की पढ़ाई कर रहे थे। इस दर्दनाक घटना की खबर मिलते ही कॉलेज परिसर में शोक की लहर दौड़ गई। छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने गहरा शोक व्यक्त



किया। यह हादसा एक बार फिर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के खतरों की ओर इशारा करता है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि कांवड़ मार्ग पर यातायात व्यवस्था को और सख्त किया जाए, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके।

### लक्सर अस्पताल में दिव्यांग शिविर का आयोजन

# शिविर के जरिये जरूरतमंदों को मिलता है लाभ : शहजाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर के सरकारी अस्पताल में आज एक महत्त्वपूर्ण दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में लक्सर विधायक मोहम्मद शहजाद, नगर पालिका अध्यक्ष संजीव उर्फ नीटू, और एसीएमओ (अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी) अनिल वर्मा सहित कई अधिकारी और जन प्रतिनिधि मौजूद रहे। एसीएमओ अनिल वर्मा ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य दिव्यांगजनों के प्रमाण पत्र एक ही स्थान पर, यानी एक छत के नीचे, बनाना है ताकि उन्हें बार-बार भटकना न पड़े। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे सरकार की तमाम योजनाओं के बारे में जानकारी लें और इन शिविरों का अधिकतम लाभ उठाएँ ताकि भविष्य में उन्हें कोई परेशानी न हो। विधायक हाजी शहजाद ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर लगातार आयोजित किए जाने चाहिए क्योंकि इनसे सीधे तौर पर जरूरतमंदों को लाभ मिलता है। विधायक ने महिलाओं के महत्त्व को रेखांकित करते हुए कहा कि ष्औरत का अधिकार बहुत बड़ा होता है, औरत ही घर को चलाती है समाज व देश की तरक्की में भी औरत का



एक मजबूत किरदार है सहजाद विधायक ने कहा किऐसे शिव लगाकर सीधे तौर पर दिव्यांग जनों की मददकरना है जो जनहित के लिए जरूरी है। नगर पालिका अध्यक्ष संजीव उर्फ नीटू ने भी सरकारी शिविरों को जनहित में बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों का लाभ सबको मिलता है। उन्होंने इच्छा जताई कि उनकी नगर पालिका परिषद क्षेत्र में भी इस तरह के शिविर नियमित रूप से आयोजित होते रहने चाहिए। यह शिविर दिव्यांगजनों को सुविधाएँ प्रदान करने और उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है।

## उकिमो का धरना लाया रंग, शुगर मिल ने सौंपा करोड़ों के भुगतान का चेक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** 34 दिन से चल रहे उत्तराखंड किसान मोर्चे के धरने का बड़ा असर हुआ है। इकबालपुर शुगर मिल ने किसानों की बकाए राशि में करीब साढ़े चार करोड़ का भुगतान कर दिया है। इसके साथ ही किसान मोर्चा ने मुख्यमंत्री आवास पर किए जाने वाले आत्मदाह कार्यक्रम को भी स्थगित कर दिया है।

उत्तराखंड किसान मोर्चा द्वारा पिछले 34 दिनों से गन्ना के बकाया भुगतान,स्मार्ट मीटर एवं किसानों की अन्य मांगों को लेकर तहसील स्थित ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कार्यालय के बाहर धरना दिया जा रहा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष गुलशन रोड ने बताया कि तीन दिन पूर्व मोर्चा के पदाधिकारियो ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देकर चेतावनी दी थी कि शुगर मिल का बकाया न मिलने के कारण अब 27 सितंबर को मोर्चे से जुड़े दस किसान मुख्यमंत्री आवास पर जाकर आत्मदाह करेंगे। वही उन्होंने बताया कि इस चेतावनी के बाद उनकी जिला प्रशासन के साथ बैठक हुई और उन्हें आश्वासन दिया गया था कि 27 तक कुछ गन्ना भुगतान करवाएंगे। कहा कि आज धरनारत किसानों की मौजूदगी में डीजीएम कैन शिव कुमार सिसोदिया ने जिला गन्ना अधिकारी कपिल मोहन मिश्रा को चार करोड़ 54 लाख का चेक सौंपा है। रोड ने बताया कि चेक मिलने के बाद अब आत्मदाह वाला कार्यक्रम स्थगित किया है। धरना अभी जारी रहेगा और बकाया गन्ना भुगतान की लड़ाई लड़ी जाएगी।

जिला गन्ना अधिकारी कपिल मोहन मिश्रा ने कहा जिलाधिकारी द्वारा आयोजित बैठक में मिल प्रबंधन को निर्देश दिए थे कि भुगतान किया जाए। इसी कड़ी में 20 से 31 दिसंबर 2024 तक 4 करोड़ 54 लाख रुपए का गन्ना भुगतान का चेक मिल से प्राप्त हुआ है जल्द ही पैसा किसानों के खाते में पहुंच जायेगा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष महकार सिंह,पवन त्यागी, सुरेंद्र नंबरदार, दीपक पुंडीर, राव आकिल, समीर आदि मौजूद रहे।

## कुएं को बंद गोशाला बनाने के मामले में टीम ने की पैमाइश

**रुड़की।** जिला अधिकारी हरिद्वार के आदेश के अनुपालन में ग्राम वहाबपुर चंगा माजरी छंगामजरी तहसील भगवानपुर में शिकायतकर्ता अनूप सिंह बनाम सुशील कुमार के संबंध में स्थलीय जांच एवं पैमाइश की गई। जिसमें शिकायतकर्ता के द्वारा ग्राम में सरकारी कुआं के संबंध में सुशील कुमार पर आरोप लगाया गया कि इनके द्वारा कुएं को बंद करके अपने टीन शेड एवं गौशाला बना ली है जिसके संबंध में स्थलीय जांच एवं आवश्यक जानकारी तथा अभिलेखीय जांच की गई साथ में मौके पर शिकायतकर्ता अनूप सिंह विपक्षी सुशील कुमार तथा ग्राम के अन्य ग्रामवासी एवं नायब तहसीलदार अनिल गुप्ता राजस्व निरीक्षक सुभाष चौहान क्षेत्रीय पटवारी सुलक्षणा नेगी मौके पर उपस्थित रहे जांच रिपोर्ट प्रेषित कर दी है।

### रामलीला में सूर्पनखा की नाक कटी, सीता का हरण

## एसपी देहात ने नशा व सोशल मीडिया को बताया आज के युग का रावण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** बीटी गंज रामलीला में शुक्रवार रात सूर्पनखा अंग भंग,खर दूषण वध,सीता हरण की लीला दर्शाई गई। लक्षण सूर्पनखा संवाद पर कलाकारों ने दर्शकों की तालियां बटोरी तो सीता हरण के लिए विशेष रूप से तैयार पुष्पक विमान आकर्षण का केंद्र रहा।

श्री रामलीला समिति बीटी रुड़की की ओर से आयोजित रामलीला में पहुंचे पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं हरिद्वार विधायक मदन कौशिक ने कहा कि बड़ी बात है कि रामलीला में इतनी बड़ी संख्या में लोग पहुंचकर धर्म लाभ कमा रहे हैं उन्होंने कहा कि इसके लिए समिति के प्रत्येक सदस्य बधाई के पात्र है। उन्होंने रामलीला के पात्रों का जिक्र करते हुए उनसे प्रेरणा लेने की बात कही। एसपी देहात शेखर चंद सुयाल ने रामलीला में उपस्थित युवाओं को जागरुक करते हुए कहा कि आज के सबसे बड़े रावण नशाखोरी और सोशल मीडिया है जिससे बचना जरूरी है। उन्होंने केवल जरूरी ऐप ही मोबाइल में इंस्टॉल करने की बात कही उन्होंने कहा कि फालतू के ऐप आपकी प्राइवेसी को भंग करते हैं और अक्सर स्कैम करके युवाओं को फसाते हैं वहीं उन्होंने नशाखोरी से भी बचाव की बात कही। उन्होंने कहा कि अपने बच्चों के अच्छे भविष्य के लिए माता-पिता को निरंतर बच्चों की मॉनिटरिंग करते रहना चाहिए। शुक्रवार शाम कलाकारों ने सूर्पनखा अंग भंग का मंचन किया। सूर्पनखा और लक्ष्मण के संवाद पर जमकर तालियां बजी। वही उसके बाद खरदूषण और राम के बीच युद्ध की लीला भी दिखाई गई। सीता हरण के साथ रामलीला ने विश्राम लिया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री सौरभ सिंघल ने किया। इस अवसर पर धीर सिंह रोड,मनोज अग्रवाल, नवनीत गर्ग,विशाल गुप्ता,वरुण गोयल,शिवम अग्रवाल, प्रदीप परुथी, निखिल तायल, अमन अग्रवाल, नितिन गोयल,विकास त्यागी, विजय अरोड़ा, देशबंधु गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

## नशीला पदार्थ पिलाकर ई-रिक्शा, मोबाइल व नकदी लूटी

**पिरान कलियर।** थाना क्षेत्र के मेंहवड़ कला गांव निवासी एक ई-रिक्शा चालक को तीन लोगों ने कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर ई-रिक्शा, मोबाइल फोन और नकदी लेकर फरार हो गए। मेंहवड़ कलां निवासी साकिब ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि ब्रस्पतिवार को तीन लोग उसकी ई-रिक्शा में सवार हुए। पहले वह दरगाहों पर जियारत करने गए और उसके बाद उसे घुमाने के बहाने बावनदर्रा ले गए। वहां आरोपियों ने उसे कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिला दिया। उसके बेहोश होते ही वह उसका ई-रिक्शा, मोबाइल और लगभग दो हजार रुपये की नगदी लेकर मौके से फरार हो गए। होश आने पर उसने आसपास तलाश की लेकिन उनका कुछ पता नही चल पाया।पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी रविन्द्र कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार जांच की जा रही है।

## डिजिटल फ्रॉड रोकने को बैंक अधिकारियों ने दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** मंगलौर विधानसभा के गदरजूड्डा गांव मे यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा मंगलौर एवं डंडेरा के द्वारा वित्तीय समावेश एवं सामाजिक सुरक्षा के प्रचार प्रसार के लिए जन सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया, जिस अवसर पर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया देहरादून से महाप्रबंधक नीता बहरामफ्राम ने विशेष रूप से उपस्थित होकर शिविर की शोभा बढ़ाई। नीता ने भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजनाए प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना आदि के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया आजकल डिजिटल पेमेंट में तेजी आई है। इससे फ्रॉड का खतरा भी बढ़ा है। इस बीच रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने डिजिटल पेमेंट्स को और अधिक सुरक्षित बनाने के लिए कुछ जरूरी बदलाव किए है। ये बदलाव 1 अप्रैल 2026 से लागू होंगे। इसमें ऑनलाइन पेमेंट्स में टू- फैक्टर ऑथेंटिकेशन की तैयारी की जा रही है। एसएमएस ओटीपी के अलावा पासवर्ड, फिंगरप्रिंट और बायोमेट्रिक्स जैसे कई नए तरीकों से ट्रांजैक्शन किए जा सकेंगे। आरबीआई इन तरीको से ऑनलाइन ट्रांजेक्शन को और अधिक सुरक्षित और सुविधाजनक बनाना चाहती है, ताकि लोगों को धोखाधड़ी और साइबर क्राइम से बचाया जा सके।




उन्होंने बताया रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने सख्त दिशा निर्देश दिए है कि इन ऑनलाइन पेमेंट्स के दौरान इन नियमों का पालन ना करने वाले ग्राहकों को यदि किसी प्रकार का नुकसान होता है, तो ग्राहक को अपने नुकसान की पूरी भरपाई खुद करनी होगी। इस मौके पर अग्रणी जिला प्रबन्धक हरिद्वार डी के गुप्ता पंजाब नेशनल बैंक एवं अग्रणी जिला अधिकारी रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया देहरादून रजनीश सैनी भी उपस्थित रहे। वहीं शिविर मे ग्रामीणों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया तथा शिविर के आयोजन को सफल बनाया, बैंक द्वारा मौके पर ही सभी योजनाओ मे पंजीकरण किया गया शिविर के अंत में उप क्षेत्र प्रमुख आशीष कुमार क्षेत्रीय कार्यालय यूनियन बैंक ऑफ इंडिया देहरादून ने ग्रामीणों को शिविर को सफल बनाने के लिए धन्यवाद किया तथा यूनियन बैंक द्वारा निरंतर उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने का आश्वासन दिया। शिविर मे प्रियम बाजपेई शाखा प्रमुख मंगलौर, किरीट मिश्रा शाखा प्रमुख ढंडेरा, अनन्या श्रेय विपणन अधिकारी, शक्ति सिंह प्रबन्धक, क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून तथा बैंक के बैंक मित्र आदि भी उपस्थित रहे।

## मोटरसाइकिल चोरी मामले मुकदमा दर्ज

**पिरान कलियर।** पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी करने के मामले मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। पिरान कलियर निवासीआबिद ने तहरीर देकर बताया कि 26 सितंबर को उसने अपनी मोटरसाईकिल अपने दोस्त मन्नान को दी थी।उसका दोस्त मोटरसाईकिल रैन बसेरे के अंदर खड़ी कर बाजार में सामान लेने के लिए चला गया था।जब वह वापस आया तो उसकी मोटरसाईकिल वहां नही थी।किसी अज्ञात चोर ने उसकी मोटरसाईकिल को चोरी कर लिया है। उसने अपनी मोटरसाईकिल को काफी तलाश किया लेकिन कुछ पता नही चल पाया है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की हैं।थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

## एक पीआरडी जवान के भरोसे रोडवेज बस स्टैंड की सुरक्षा व्यवस्था

**शाह टाइम संवाददाता**

**मंगलौर।** मंगलौर को रोडवेज बस स्टैंड केवल एक पीआरडी जवान के भरोसे चल रहा है। स्टैंड पर बसें न रुकने के कारण यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बताया गया है कि पिछले दिनों एक कर्मचारी की सेवानिवृति के बाद यहां विभाग ने किसी की नियुक्ति नहीं की है। हालांकि अधिकारी से बात करने का प्रयास किया तो उनसे संपर्क नहीं हो पाया। मंगलौर में करोड़ो रूपये की लागत से बना बस स्टैंड फिलहाल लावारिस हालत में पड़ा हुआ है,इस बस स्टैंड पर पिछले कई महीनों से उत्तराखंड परिवहन विभाग की गाड़ियों का स्टॉपेज नही है। जिसको लेकर मंगलौर क्षेत्र के लोगों में भारी रोष है। जबकि यहां विभाग का आदेश है कि यहां से गुजरने वाली उत्तराखंड परिवहन निगम की बस 5 से 10 मिनट तक मंगलौर बस स्टैंड पर रुकेगी। बताया गया है कि उक्त बस स्टैंड पर पिछले कुछ दिनों तक तैनात एक कर्मचारी यहां आने वाली गाड़ियों का नम्बर नोट कर स्लिप पर मोहर लगाकर उनकी रवानगी करते थे। कुछ दिनों पहले वह कर्मचारी रिटायर्ड हो गए। उसके बाद किसी और कर्मचारी की तैनाती यहां नहीं हुई। तबसे यहाँ मात्र एक पीआरडी के जवान की तैनाती रहती है और उत्तराखंड परिवहन निगम की कोई भी गाड़ी रोडवेज में प्रवेश नही करती। बल्कि पीआरडी का जवान परिचालक को बस में ही स्लिप पकड़ा कर मोहर लगाकर दे देता है। जिस कारण मंगलौर से यात्रा शुरू करने वाले यात्रीयों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है कई बार हाईवे उतरने चढ़ने से कई यात्री चोटिल भी हो चुके हैं। इस मामले में जब रूडकी रोडवेज एजीएम अमिता सैनी से जानकारी लेनी चाही तो उन्होंने कुछ भी बताने से इनकार कर दिया

## खालिद को साथ लेकर उसके घर सुल्तानपुर पहुंची एसआईटी की टीम

**शाह टाइम संवाददाता**

**लक्सर।** यूकेएसएसएससी पेपर वायरल मामले में एसआईटी की कार्रवाई तेज हो गई है। शनिवार को एसआईटी टीम आरोपी खालिद के सुल्तानपुर स्थित घर पहुंची। टीम ने घर के अंदर जाकर बारीकी से पूछताछ और जांच-पड़ताल की। यूकेएसएसएससी पेपर लीक मामले में आरोपित खालिद मलिक के घर शनिवार सुबह एसआईटी टीम पहुंची और जांच पड़ताल की। इस दौरान खालिद के घर के बाहर पुलिस बल मौजूद रहे।एसआइटी टीम की एसपी देहात जया बलूनी, सीओ अंकित कंडारी, एसआइ राजेश ध्यानी, पुलिस क्षेत्राधिकारी लक्सर नताशा सिंह और कोतवाली प्रभारी राजीव रोथान पुलिस बल के साथ सुल्तानपुर कस्बे स्थित खालिद मलिक के घर पहुंचे। इस दौरान टीम ने सुबह करीब दो घंटे तक मामले की जांच-पड़ताल की।

## विद्युत पोल से टकराई कार, चार लोग घायल

**शाह टाइम संवाददाता**

**झबरेड़ा।** झबरेड़ा-सहारनपुर मार्ग ग्राम भक्तों वाली के पास शनिवार तड़के सामने से आ रहे ट्रक से बचने के प्रयास में एक कार सड़क किनारे खड़े विद्युत पोल से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई तथा कार मैं सवार चार लोग घायल हो गए। घायलों में 8 वर्ष के बच्चे की हालत गंभीर बताई गई है।।

झबरेड़ा सहारनपुर मार्ग ग्राम भक्तों वाली के पास शनिवार तड़के एक कार जो सहारनपुर की ओर से आ रही थी सड़क किनारे खड़े विद्युत पोल से टकरा गई ।कार विद्युत पोल से टकराने पर उसमें सवार चार व्यक्ति घायल हो गए।वहां से कुछ ही दूरी पर गन्ना कोल्हू में काम कर रहे लोगों द्वारा कार को विद्युत पोल से टकराते देख वह घटनास्थल पर पहुंचे तथा कार में सवार घायलों को कस्बे में स्थित डॉक्टर के यहां भर्ती कराया गया। प्राथमिक इलाज के बाद घायलों को छुट्टी दे दी गई तथा 8 वर्षीय बच्चे की हालत गंभीर देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया । कार सवार उत्तर प्रदेश बिजनौर के निवासी बताए गए हैं।

**संबंध विच्छेद-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र जुग्नू उर्फ शादाब व उसकी पत्नी शायरा का आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक न होने के कारण मैंने शादाब व शायरा को अपनी तमाम चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिया है आज के बाद उक्त दोनों के किसी भी अनैतिक कृत्य व लेनदेन की मेरे व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**राजा अहमद पुत्र मुनफैत नि. बडेढी राजपुतान, जिला हरिद्वार।**

## धूमधाम से मनाया ग्रैंड पैरेंट्स डे

**झबरेड़ा।** कस्बे में स्थित एंबीशन पब्लिक स्कूल में ग्रैंड पैरेंट्स डे धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर दादा-दादियों द्वारा अपने छात्र पोते पोतियो के साथ विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। छात्र छात्राओं द्वारा दादा दादियों के सम्मान में नृत्य गीत तथा नाटक प्रस्तुत कार्यक्रम आयोजित किए गए।। एंबीशन पब्लिक स्कूल झबरेड़ा में ग्रैंड पैरेंट्स डे प्रेम पूर्वक धूमधाम से मनाया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा स्कूल में आए दादा दादियों के सम्मान में नाटक गीत तथा नृत्य आदि प्रस्तुति पेश की गई। स्कूल डायरेक्टर विश्वास सिंह पवार ने इस अवसर पर कहा कि वह स्कूल में प्रतिवर्ष दादा दादियों को बुलाकर उनसे मार्गदर्शन प्राप्त करते हैं। सभी बच्चे दादा दादियों का स्नेह प्राप्त कर सके।

### रुड़की ब्लाक में बीडीसी की बैठक का आयोजन

# फर्जी राशन कार्ड पर सख्ती, पेयजल व विकास कार्यों पर जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रुड़की खंड विकास कार्यालय में क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे, लेकिन क्षेत्र पंचायत सदस्यों और ग्राम प्रधानों की संख्या कम दिखाई दी।

बैठक में सबसे अधिक समस्याएँ पेयजल से जुड़ी रहीं। पेयजल विभाग और जल जीवन मिशन से जुड़े अधिकारियों ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना। मेहवार कला और अकबरपुर फाजिलपुर में पानी की टंकी में दूषित पानी की शिकायत आई जिसके लिए विभाग को मौके पर भेजा गया और पुराना क्षेत्र में पशुओं की बीमारी को लेकर पशुपालन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि कोई खतरनाक बीमारी नहीं है और पशुओं का उपचार किया जा रहा है। अधिकारियों ने फर्जी बनाए गए राशन कार्ड की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उनके सत्यापन में तेजी लाने और अवैध कार्ड धारकों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख राव लुबना ने कहा कि बीडीसी सदस्यों और ग्राम प्रधानों द्वारा उठाई गई समस्याओं को गंभीरता से लेकर



उनका समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि गांव-गांव का विकास कराना ही सरकार की पहली प्राथमिकता है। भारी बरसात में टूटे नाले और सड़कों को तुरंत दुरुस्त किया जाएगा। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख सुमन दत्ताल, खंड विकास अधिकारी दिलीप कुमार, जिला विकास अधिकारी वेद प्रकाश, लोक निर्माण विभाग, ऊर्जा निगम, पशुपालन, पेयजल, जल संस्थान आदि सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# फसल से पहले नश्ल बचाओ अभियान शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

लक्सर।लक्सर क्षेत्र की शुगर फैक्ट्री के ग्राउंड में आज फसल से पहले नसल बचाओ की थीम पर एक विशाल मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों व्यक्तियों ने हिस्सा लिया।

इस दौरान आचार्य चंद्र मोहन ने लोगों को नशे के गंभीर परिणामों के प्रति आगाह किया और इस दलदल से अपनी युवा पीढ़ी को बचाने का आह्वान किया। आचार्य चंद्र मोहन ने अपने संबोधन में कहा कि हम सभी को सबसे पहले फसल से पहले नसल (पीढ़ी) बचाने के लिए काम करना चाहिए। उन्होंने चिंता व्यक्त की कि राजनीति के लोग चुनाव के दौरान नशे का वितरण करते हैं, जिससे यह बुराई हर घर में घुस रही है। उन्होंने कहा, ष्अगर हमने अपने घर को सुधार लिया तो हम अपनी जमीन-जायदाद को बचा सकते हैं। उन्होंने पंजाब का उदाहरण देते हुए कहा कि जिस तरह से पंजाब नशे की दलदल में फँस गया है, उसी तरह उत्तराखंड भी नशे की गिरफ्त में आता जा रहा है। उन्होंने आगाह किया कि अगर इस पर तुरंत काम नहीं किया गया, तो सभी को बर्बादी का सामना करना पड़ेगा और हमारे बच्चे नशे से बर्बाद हो जाएंगे। आचार्य ने नशे के साथ-साथ चाय से भी परहेज करने की सलाह दी।

आचार्य चंद्र मोहन ने किसानों की एक और बड़ी समस्या आवारा पशुओं को लेकर सरकार से मांग की। उन्होंने कहा कि अगर सरकार



राजाजी पार्क में तरबाड़ (बाड़) और पशुओं के लिए सवारी (ट्रक) मुहैया करा दे, तो वह और किसान संगठन के लोग इन आवारा पशुओं को ट्रकों में भरकर वहीं पहुँचा देंगे, जिससे किसानों की फसल को बचाया जा सकेगा।उन्होंने अपने मुख्य विषय पर जोर देते हुए अंत में कहा कि ष्अगर हमने अपनी नस्ल को बचा लिया, तो फसल तो हमारी खुद-ब-खुद बच जाएगी।ष इस महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम में लगभग 1000 आदमी मौजूद रहे, जिन्होंने इस नसल बचाओ अभियान का समर्थन किया।

# पाक पीएम के यूएन में बयान बेतुके: भारत

## भारतीय राजनयिक पेटल गहलोत ने संयुक्त राष्ट्र में कहा: जले हुए एयरबेस जीत हैं, तो जश्न मनाएं

**वाशिंगटन।** भारत ने पाकिस्तान पर आतंकवाद को बढ़ावा देने और झूठ बोलने का आरोप लगाया है। भारतीय राजनयिक पेटल गहलोत ने शनिवार को संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में कहा कि पाकिस्तान के पीएम ने बेतुके नाटक किए। वे आतंकवाद को बढ़ावा देते हैं, जो उनकी विदेश नीति का हिस्सा है। कोई भी ड्रामा या झूठ सच को नहीं छिपा सकता। गहलोत ने शरीफ के मई संघर्ष के दावों को खारिज किया। उन्होंने कहा कि 9 मई तक पाकिस्तान भारत पर हमले की धमकी दे रहा था।

10 मई को भारतीय सेना ने पाकिस्तान के कई एयरबेस को नष्ट कर दिया। इसके बाद पाकिस्तान ने जंग रोकने की गुहार लगाई। अगर जले हुए हवाई अड्डे जीत हैं, तो पाकिस्तान इसका जश्न मनाए। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने शुक्रवार को यूएन में भारत को दुश्मन बताया। साथ ही दावा किया कि भारत के साथ हुए संघर्ष में पाकिस्तान की जीत हुई थी और भारत के 7 विमान गिराए थे। गहलोत ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच सभी मुद्दे द्विपक्षीय बातचीत से हल होंगे। इसमें किसी तीसरे पक्ष की जरूरत नहीं है। उन्होंने पाकिस्तान के शांति के दावों पर सवाल उठाते हुए कहा कि उनका देश नफरत में डूबा है। भारत ने साफ किया कि वह आतंकवाद के खिलाफ जीरो टालरेंस की नीति अपनाएगा। गहलोत ने ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के बहावलपुर और मुरीदके में मारे गए आतंकियों का जिक्र किया और कुख्यात आतंकवादियों को श्रद्धांजलि और सम्मान देने का भी आरोप लगाया। गहलोत ने आगे कहा कि एक तस्वीर हजार शब्द बयां करती है और हमने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बहावलपुर और मुरीदके के आतंकी परिसरों में मारे गए आतंकवादियों की कई तस्वीरें देखीं। जब पाकिस्तानी सैन्य और अधिकारी खुलकर आतंकवादियों को श्रद्धांजलि देते हैं, तो क्या इससे शासन पर संदेह नहीं होगा? लश्कर के आतंकी ठिकाने मुरीदके में पाकिस्तानी सैनिकों के लोग आतंकियों के नमाज-ए-जनाजा में शामिल हुए थे। तस्वीर ऑपरेशन सिंदूर के दौरान की है। कोर कमांडरों को जनाजे में शामिल होने और वर्दी में उसकी सुरक्षा करने के लिए कहा गया था।

गहलोत ने जोर देकर कहा कि सच्चाई यह है कि पहले की ही तरह, पाकिस्तान भारत में बेगुनाहों पर आतंकवादी हमले के लिए जिम्मेदार है। हमने अपने लोगों की रक्षा करने और जवाब देने के अधिकार का प्रयोग किया है, साथ ही अपराधियों को न्याय के कटघरे में खड़ा किया है। उन्होंने पाकिस्तान से तुरंत सभी आतंकवादी शिविरों को बंद करने और सभी आतंकवादियों को सौंपने की मांग की। गहलोत ने चेतावनी दी कि भारत 'परमाणु ब्लैकमेल' के आगे झुके बिना आतंकवादियों और उनके प्रायोजकों दोनों को जवाबदेह ठहराएगा। गहलोत ने बताया कि इस साल अप्रैल में पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में एक आतंकी संगठन को बचाया था।




■ पीएम शरीफ ने कहा था भारत से हुए संघर्ष में पाक की जीत हुई थी, भारत के सात विमान गिराए थे

### पाकिस्तान में सुरक्षा बलों का एक्शन, 17 टीटीपी आतंकवादी ढेर, हथियार भी जब्त

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के करक जिले में सुरक्षा बलों ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) से जुड़े 17 आतंकवादियों को मार गिराया है। पुलिस अधिकारी शहबाज इलाही के अनुसार, यह कार्रवाई शुक्रवार को फ्रंटियर कॉर्प्स (एफसी) और पुलिस की संयुक्त खुफिया जानकारी पर आधारित ऑपरेशन थी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार करक जिले में मिली विश्वसनीय सूचना के आधार पर यह अभियान चलाया गया था। इलाके में टीटीपी और नजीर ग्रुप से जुड़े आतंकवादी मौजूद थे। ऐसे में जब सुरक्षा बल आतंकवादियों के करीब पहुंचे, तो आतंकवादियों ने उन पर गोलीबारी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में 17 आतंकवादी मारे गए और उनके कब्जे से बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद हुआ।



हैदराबाद। भारी बारिश के बाद उफनती मुसी नदी पर बना पुल पानी में डूबा हुआ

### अमेरिका की चीन का मुकाबला करने के लिए ड्रोन तैनात करने की योजना लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाई

**वाशिंगटन।** अमेरिका की चीन का मुकाबला करने के लिए हजारों अत्याधुनिक ड्रोन तैनात करने की योजना अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाई है। द वॉल स्ट्रीट जर्नल अखबार ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है। अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक इस पहल में चीन का मुकाबला करने के लिए हिंद-प्रशांत क्षेत्र में हज़ारों ड्रोन खरीदना और तैनात करना शामिल था। दो साल पहले शुरू किया गया रेप्लिकेटर कार्यक्रम फरवरी-अगस्त 2025 में लागू होना था। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी सैन्य कर्मियों को यह समझने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा कि इस कार्यक्रम की कुछ प्रणालियों का ज़मीनी स्तर पर कैसे उपयोग किया जाए।

# इजरायली हमलों में 38 लोगों की मौत

## युद्धविराम की मांगों को नेतन्याहू ने किया नजरअंदाज

**गाजा।** इजरायल द्वारा गाजा में बीती रात किए गए हवाई हमलों में कम से कम 38 लोगों की मौत हो गई। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि भले ही इजरायल पर युद्धविराम को लेकर अंतर्राष्ट्रीय दबाव बढ़ रहा है, लेकिन प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू हमले जारी रखने पर अड़े हुए हैं। शनिवार तड़के मध्य और उत्तरी गाजा में हुए हमलों में कई लोग अपने घरों में मारे गए।

इनमें नुसेरात शरणार्थी शिविर में एक ही परिवार के नौ सदस्य शामिल थे। उनके शव अल-अवदा अस्पताल लाए गए हैं। शनिवार सुबह गाजा सिटी के तुफाह इलाके में एक घर पर किए गए हमले में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई। जिनमें आधे से अधिक महिलाएं और बच्चे थे। शरणार्थी शिविर में हुए एक और हवाई हमले में चार और लोगों की मौत हुई। गाजा सिटी के अस्पताल और स्वास्थ्य केंद्र ढहने की कगार पर हैं। लगभग दो हफ्ते से जारी हमलों में दो क्लिनिक पूरी तरह नष्ट हो चुके हैं। दो अस्पताल क्षतिग्रस्त होकर बंद हो गए और बाकी अस्पताल दवाओं, उपकरणों, भोजन और ईंधन की कमी से जूझ रहे हैं। कई डॉक्टरों और नर्सों को अस्पताल छोड़ना पड़ा है। जिससे केवल कुछ ही लोग गंभीर मरीजों और बच्चों की देखभाल कर पा रहे हैं। शुक्रवार को 'डॉक्टर्स विदआउट बॉर्डर्स' ने गाजा सिटी में अपनी सेवाएं निलंबित कर दीं। संगठन ने बताया कि इजरायली टैंक उनके स्वास्थ्य केंद्रों से आधा मील दूर तक पहुंच गए हैं और उनके कर्मचारियों की सुरक्षा पर बड़ा खतरा मंडरा रहा है। उत्तरी गाजा में खाद्य संकट की स्थिति और बिगड़ गया है। इजरायल ने 12 सितम्बर से यहां राहत सामग्री की आपूर्ति रोक दी थी और संयुक्त राष्ट्र की बार-बार की गई अपीलों को भी खारिज कर दिया था।



# यूएन में नेतन्याहू के भाषण का बायकॉट

**वाशिंगटन।** इजरायली पीएम नेतन्याहू के भाषण का संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में बायकाट किया गया। नेतन्याहू ने शुक्रवार को जैसे ही यूएन महासभा में स्पीच देना शुरू किया, 50 देशों के सौ डिप्लोमैट्स हाल से बाहर चले गए। वाकआउट करने वाले देशों में ब्रिटेन, फ्रांस, कनाडा, आस्ट्रेलिया सहित वे देश शामिल थे जिन्होंने हाल ही में फलस्तीन को मान्यता दी है। अमेरिका और ब्रिटेन के प्रतिनिधि कक्ष में मौजूद रहे, लेकिन वरिष्ठ अधिकारियों की जगह जूनियर राजनयिक बैठे थे। हालांकि, नेतन्याहू ने भाषण जारी रखा। नेतन्याहू ने कहा कि पिछले एक साल में हालात बदल गए हैं।

इजरायल ने अपने सभी दुश्मनों को खत्म कर दिया है। उन्होंने दावा किया कि इजरायल ने यमन में हूती, गाजा में हमास, लेबनान में हिजबुल्लाह, सीरिया में असद और सबसे अहम ईरान के न्यूक्लियर प्रोग्राम को तबाह कर दिया। नेतन्याहू के खिलाफ इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट का वारंट जारी है, ऐसे में वे आज यूएन में बैठक में शामिल होने के लिए रास्ता बदलकर न्यूयार्क पहुंचे। नेतन्याहू 5 यूरोपीय देशों के एयरस्पेस से बचते हुए 600 किमी एक्स्ट्रा ट्रैवल करके अमेरिका पहुंचे। नेतन्याहू ने कहा कि ईरान का बैलिस्टिक मिसाइल और परमाणु प्रोग्राम सिर्फ इजरायल को खत्म करने के लिए नहीं है, बल्कि उसका मकसद अमेरिका को धमकाना और दुनियाभर के देशों पर दबाव बनाना भी है। नेतन्याहू ने कहा कि जब वे पिछली बार यूएन में खड़े हुए थे, तब ईरान अपने परमाणु और मिसाइल कार्यक्रम को तेजी से आगे बढ़ा रहा था और उसके समर्थक हमास और हिजबुल्लाह, इजरायल को लगातार निशाना बना रहे थे। लेकिन अब इजरायल इन खतरों को मिटा चुका है। नेतन्याहू ने बताया कि ईरान के साथ-साथ अल कायदा, हमास और हिजबुल्लाह जैसे संगठन अमेरिकी और यूरोपीय लोगों की हत्या में शामिल थे। नेतन्याहू ने मिडिल ईस्ट की फोटो दिखाकर बताया कि इजरायल ने किन-किन दुश्मनों को खत्म कर दिया है।

नेतन्याहू ने भाषण के दौरान क्यूआर कोड वाला बैज पहना था। यह क्यूआर कोड 7 अक्टूबर, 2023 के हमास हमले से जुड़ी एक वेबसाइट से लिंक करता है। नेतन्याहू ने कहा कि गाजा युद्ध मिडिल ईस्ट में शांति लाएगा और इससे अब्राहम अकार्ड मजबूत होगा। इसके साथ ही उन्होंने कई पश्चिमी देशों की तरफ से फलस्तीन को देश की मान्यता देने का विरोध किया। उन्होंने इसे गलत बताते हुए कहा कि इससे हमास जैसे समूहों को बढ़ावा मिलेगा और यहूदी व अन्य लोगों पर हमले बढ़ेंगे। उन्होंने 7 अक्टूबर, 2023 के हमले की तुलना अमेरिका के 11 सितम्बर, 2001 के हमले से की।

## इजरायली पीएम बोले: सभी दुश्मनों को खत्म किया



■ गिरफ्तारी से बचने को पांच देशों का एयरस्पेस छोड़कर नेतन्याहू अमेरिका पहुंचे
■ नेतन्याहू ने फलस्तीन को देश की मान्यता देने का विरोध किया

# नाइजीरिया में सोने की खदान धंसी, 100 की मौत

## एक स्थानीय निवासी ने बताया: अब तक 13 शव निकाले गए, जिसमें उनका चचेरा भाई भी शामिल है

**मईडुगुरी।** नाइजीरिया के जाम्फारा राज्य में सोने की खदान धंसने से कम से कम 100 मजदूरों के मारे जाने की आशंका है। घटना कदौरी खदान स्थल, मरू स्थानीय प्रशासन क्षेत्र में बृहस्पतिवार को हुई, जब दर्जनों खनिक भूमिगत होकर काम कर रहे थे।

स्थानीय निवासी सानुसी आउवाल ने बताया कि अब तक 13 शव निकाल लिए गए हैं, जिनमें उनका चचेरा भाई भी शामिल है। बचने वाले मजदूर इस हादसे से गंभीर रूप से घायल हैं, जिनका इलाज चल रहा है। बता दें कि जाम्फारा खनिक संघ के मुहम्मदू ईसा ने बताया कि बचावकर्मी भी दम घुटने से प्रभावित हुए। अवैध खनन इस क्षेत्र में आम है और अक्सर सशस्त्र गिरोह खानों पर नियंत्रण रखते हैं, जिससे दुर्घटनाओं और हिंसा का खतरा बढ़ जाता है। पुलिस प्रवक्ता याजिद अबुबाकर ने अभी तक घटना पर कोई टिप्पणी नहीं की। पिछले सप्ताह नाइजीरिया के एक संवेदनशील इलाके में हथियारबंद लोगों ने घात लगाकर हमला किया था। इसमें 14 नाइजरियाई सैनिक मारे गए। यह जानकारी देश के रक्षा मंत्री ने एक बयान में दी। इस पश्चिमी अफ्रीका देश में बढ़ते बढ़ते चरमपंथी हमलों में यह ताजा हमला है। यह हमला बुधवार को तिल्लाबेरी क्षेत्र में हुआ, जो पहले से ही हिंसा और उग्रवाद के लिए कुख्यात है। सरकारी टेलीविजन आरटीएन पर शनिवार रात प्रसारित एक बयान में बताया गया कि यह हमला उस समय हुआ जब सेना की एक इकाई को तिल्लाबेरी के बाहरी इलाके में तैनात किया गया था। उन्हें खुफिया जानकारी मिली थी कि कुछ हथियारबंद लोग मोटरसाइकिलों पर सवार होकर डकैती कर रहे हैं। रक्षा मंत्री सालिफू मोदी ने कहा, यह डकैती की कोशिश वास्तव में एक जाल था, जिससे सैनिकों को घात में फंसाया गया। उन्होंने यह नहीं बताया कि हमले के पीछे किस समूह का हाथ है। नाइजीरिया में कई उग्रवादी समूह सक्रिय हैं, जो आम नागरिकों और सेना दोनों को निशाना बनाते हैं। इनमें इस्लामिक स्टेट से जुड़े संगठन भी शामिल हैं।



### पाकिस्तान के पंजाब में बाढ़ से 42 लाख लोग प्रभावित

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में मानसूनी बाढ़ से 42 लाख से जयादा लोग प्रभावित हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय (यूएनओसीएचए) ने अपने आकलन में यह जानकारी दी। आकलन रिपोर्ट के मुताबिक प्रांतीय सरकार के साथ आठ से 18 सितम्बर तक संयुक्त रूप से किए गए इस सर्वेक्षण में 18 बाढ़ प्रभावित ज़िलों के लगभग 2,000 गांव शामिल थे।लगभग 28 लाख लोग विस्थापित एवं लगभग 161700 घर क्षतिग्रस्त हुए और स्वास्थ्य एवं शिक्षा के बुनियादी ढांचे को भी भारी नुकसान पहुंचा। पाकिस्तान के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार 26 जून से 19 सितम्बर के बीच देश भर में लगभग 30 लाख लोगों को बचाया गया।

### बांग्लादेशी प्रवासी बोले: यूनुस पाकिस्तानी हैं, पाकिस्तान वापस जाओ

**वाशिंगटन।** बांग्लादेशी प्रवासियों ने शुक्रवार को न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र हेडक्वार्टर के बाहर मुख्य सलाहाकार मोहम्मद यूनुस के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने यूनुस को पाकिस्तानी करार देते हुए 'यूनुस इज पाकिस्तानी' और 'गो बैक टु पाकिस्तान' जैसे नारे लगाए। प्रदर्शनकारी बोले यूनुस बांग्लादेश को 'तालिबान जैसा देश' बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि यूनुस इस्लाम-वादी ताकतों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने यूनुस पर अगस्त 5, 2024 में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के पद से हटने के बाद अल्पसंख्यकों, खासकर हिंदुओं पर अत्याचार बढ़ाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यूनुस के सत्ता में आने के बाद से मानवाधिकारों की स्थिति बेहद खराब हो चुकी है। कई लोग देश छोड़ने पर मजबूर हुए हैं। एक प्रदर्शनकारी ने एएनआई से कहा कि हम हिंदू, बौद्ध, ईसाई और अन्य अल्पसंख्यकों पर अत्याचार के खिलाफ हैं। हम हिंदू नेता चिन्मय कृष्ण दास की रिहाई की मांग करते हैं, जिन्हें यूनुस ने गैरकानूनी ढंग से जेल में कैद कर रखा है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि शेख हसीना की सरकार को गैरकानूनी ढंग से हटाया गया। उनकी सरकार लोकतांत्रिक थी। यूनुस ने सत्ता हड़प ली और अल्पसंख्यकों पर हमले बढ़ गए। प्रदर्शनकारी बोले: यूनुस के सत्ता में से कई लोग देश छोड़ने पर मजबूर हुए हैं।

■ बांग्लादेश को तालिबान जैसा देश बना रहे, हिंदू अल्पसंख्यकों पर अत्याचार का आरोप लगाया

# यमन में कबायली नेता की गोली मारकर हत्या

**अदन।** यमन के दक्षिणी बंदरगाह शहर अदन में शुक्रवार को अज्ञात बंदूकधारियों ने एक प्रमुख आदिवासी नेता की गोली मारकर हत्या कर दी। एक सुरक्षा अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

स्थानीय सुरक्षा अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि प्रसिद्ध कबायली और सामुदायिक व्यक्ति शेख मेहदी अकरबी पर बेर अहमद क्षेत्र में गोलीबारी की गई, जब वे शुक्रवार की नमाज के लिए पास की मस्जिद जा रहे थे। अधिकारी के अनुसार, अकरबी बिना किसी सुरक्षाकर्मी के अकेले घूम रहे थे तभी हमलावरों ने उन पर गोलियां चला दीं, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अदन के एक अस्पताल ले जाया गया लेकिन बाद में उनकी मौत हो गई। सुरक्षा बलों ने तुरंत इलाके की घेराबंदी कर दी और हमलावरों की तलाश शुरू कर दी। किसी भी समूह ने घटना की ज़िम्मेदारी नहीं ली है। निवासियों ने बताया कि हत्या के बाद, अकरबी के प्रति वफादार दर्जनों सशस्त्र कबायली लोग अदन के विभिन्न हिस्सों में तैनात हो गए, उन्होंने चौकियां स्थापित कर दीं और शहर में तनाव बढ़ गया।

■ सुरक्षा बलों ने तुरंत इलाके की घेराबंदी कर दी हमलावरों की तलाश जारी

### यूक्रेन आतंकियों को कामिकेज ड्रोन का आपूर्तिकर्ता बना: माली

**कीव।** माली के प्रधानमंत्री अब्दुलाये माइगा ने कहा है कि यूक्रेन पूरी दुनिया के आतंकवादी समूहों को कामिकेज ड्रोन का मुख्य आपूर्तिकर्ता बन चुका है। माइगा ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा में कहा कि यूक्रेनी शासन पूरी दुनिया के आतंकवादी समूहों को कामिकेज़ ड्रोन की आपूर्ति करने वाले प्रमुख देशों में से एक बन गया है। इसके मद्देनजर पश्चिमी देशों को यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति बंद कर देनी चाहिए क्योंकि इससे अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद के प्रसार का खतरा है। प्रधानमंत्री ने याद दिलाया कि यूक्रेन ने जुलाई 2024 में तिनजाउटेन में माली के सुरक्षा बलों पर हुए हमले में अपनी संलिप्तता की बात खुले तौर पर स्वीकार की थी।

# UNSC ईरान परमाणु समझौते को बढ़ाने में विफल

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद शुक्रवार को 2015 के ईरान परमाणु समझौते (जेसीपीओए) को छह महीने तक बढ़ाने वाला प्रस्ताव पारित करने में असफल रही जिससे ईरान को कूटनीति के लिए कुछ समय मिल जाता।

यदि यह मसौदा प्रस्ताव पारित हो जाता है तो यह ईरान और छह शक्तिशाली देशों ब्रिटेन, चीन, फ्रांस, जर्मनी, रूस और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच हुए परमाणु समझौते को छह महीने के लिए और बढ़ा देता। साथ ही इसे समर्थन देने वाली सुरक्षा परिषद के संकल्प 2231 को भी विस्तार दे देता। यह ईरान के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधों की 'स्नैपबैक' प्रक्रिया को भी रोक देता। चीन और रूस द्वारा प्रस्तुत मसौदा प्रस्ताव को चार वोट पक्ष में (अल्जीरिया, चीन, पाकिस्तान, रूस), नौ वोट विरोध में और दो तटस्थ मत (गुयाना, दक्षिण कोरिया) प्राप्त हुए। इसे पारित होने के लिए नौ सकारात्मक वोटों की आवश्यकता थी। ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी (ई3) ने 28 अगस्त को ईरान के 'महत्वपूर्ण गैर-प्रदर्शन' का हवाला देकर स्नैपबैक तंत्र को सक्रिय करने का दावा किया था। हालांकि, ई3 की कार्रवाई की वैधता पर सवाल उठे हैं, क्योंकि उन्होंने विवाद समाधान तंत्र (डीआरएम) का पालन नहीं किया, जो जेसीपीओए और संकल्प 2231 के तहत विवाद सुलझाने के लिए 35 दिन का समय देता है। यह परिणाम 19 सितम्बर को दक्षिण कोरिया द्वारा प्रस्तुत एक समान प्रस्ताव की विफलता के अनुरूप है, जो प्रतिबंधों में राहत को जारी रखता। संकल्प 2231, जो जेसीपीओए को समर्थन देता है, 18 अक्टूबर, 2025 को समाप्त हो जाएगा। इसके बाद ईरान के परमाणु कार्यक्रम से संबंधित संयुक्त राष्ट्र प्रतिबंध के लिए अप्रासंगिक हो जाएंगे। चीन के उप स्थाई प्रतिनिधि गेंग शुआंग ने मतदान के परिणाम पर निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि संवाद और कूटनीति ही ईरान परमाणु मुद्दे का एकमात्र समाधान है। उन्होंने सभी पक्षों से शांति और संयम बरतने का आग्रह किया। रूस के प्रथम उप स्थाई प्रतिनिधि दिमित्री पोल्यांस्की ने कहा कि स्नैपबैक तंत्र लागू नहीं हुआ है और न ही होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि 2015 से पहले के प्रतिबंधों को फिर से शुरू करने की कोई कोशिश शून्य और अमान्य होगी। ईरानी विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने स्नैपबैक को अस्वीकार करते हुए कहा कि ई3 ने जेसीपीओए और संकल्प 2231 का उल्लंघन किया है, जिसके कारण वे 'गैर-प्रदर्शन' का दावा करने का अधिकार खो चुके हैं। उन्होंने कहा कि 18 अक्टूबर, 2025 के बाद प्रतिबंधों का कोई भी विस्तार मान्य नहीं होगा।

■ यह प्रस्ताव ईरान के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधों की 'स्नैपबैक' प्रक्रिया को भी रोक देता

## संक्षिप्त समाचार

### डेटा केंद्र में आग लगने के बाद रोकी ऑनलाइन सेवाएं

**सोल।** दक्षिण कोरिया की सरकार ने राष्ट्रीय डेटा केंद्र में आग लगने के बाद ऑनलाइन सेवा पर रोक लगा दी है। योनहप समाचार एजेंसी ने शनिवार को यह जानकारी दी। मध्य शहर डेजॉन स्थित राष्ट्रीय सूचना संसाधन सेवा में शुक्रवार को स्थानीय समयानुसार रात 08:20 बजे (11:20 जीएमटी) आग लग गई। आग इमारत की पांचवीं मंजिल पर स्थित कंप्यूटर कक्ष में लिथियम-आयन बैटरी में विस्फोट के कारण लगी थी। आग लगने के कारण 647 सरकारी ऑनलाइन सेवाओं और प्रणालियों का संचालन स्थगित कर दी गई।

### दक्षिण कोरिया में हुए गैस विस्फोट दुर्घटना में 28 लोग घायल

**सियोल।** दक्षिण कोरिया में शनिवार को हुई गैस विस्फोट दुर्घटना में 28 लोग घायल हो गए। यह जानकारी योनहाप समाचार एजेंसी ने दी। यह विस्फोट स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 10:17 बजे (0117 जीएमटी) ग्योंगगी प्रांत के यांगजू में एक सूखे वाष्पकक्ष में हुआ। घायलों में ग्राहक और कर्मचारी दोनों शामिल हैं, जिनमें से तीन की हालत गंभीर है। विस्फोट के कारण आग तो नहीं लगी लेकिन दर्जनों ग्राहकों को बाहर निकलना पड़ा। अग्निशमन अधिकारियों ने बचाव कार्य के लिए 42 कर्मियों और 17 उपकरणों को भेजा। अधिकारी दुर्घटना के वास्तविक कारण की जांच कर रहे हैं।

### उत्तर-पश्चिमी चीन के गांसु में 5.6 तीव्रता का भूकंप

**लान्चो।** चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र (सीईएनसी) ने शनिवार को कहा कि उत्तर-पश्चिम चीन के गांसु प्रांत के डिग्शी शहर के लोंगक्सी काउंटी में आज सुबह 5:49 बजे 5.6 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप का केंद्र 10 किलोमीटर की गहराई में 34.91 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 104.58 डिग्री पूर्वी देशांतर में था। भूकंप का झटका डिग्शी शहर के लोंग्शी काउंटी, झांग्शियन काउंटी, वेइयुआन काउंटी और लिटाओ काउंटी तथा तियानशुई शहर के वुशान काउंटी में महसूस किया गया। स्थानीय सरकार के अनुसार, किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

### फ्रांस साहेल में आतंकियों का समर्थन जारी रखे हुए: माइगा

**पेरिस/बामाको।** माली के प्रधानमंत्री अब्दुलाये माइगा ने कहा है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) से मदद मांगने की उनकी कोशिशों के बावजूद फ्रांस साहेल क्षेत्र में आतंकवादियों का समर्थन जारी रखे हुए है। माइगा ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा को बताया संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों के प्रति निष्ठावान, माली ने 15 अगस्त, 2022 को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से परिषद की एक बैठक बुलाने का अनुरोध किया।


# अरशद की भागवत जल्द होगी रिलीज

**मुंबई।** फिल्म भागवत में अरशद वारसी और जितेंद्र कुमार काम करते नजर आएंगे। जी 5 ने अपनी आने वाली ऑरिजिनल फिल्म, भागवत की घोषणा की। फिल्म भागवत को बावेजा स्टूडियोज और डॉग एन बोन पिक्चर्स के सहयोग से जियो स्टूडियोज़ ने प्रोड्यूस किया है। सच्चाई और धोखे के बीच जबरदस्त जंग को दिखाने वाली यह क्राइम थ्रिलर जज्बातों से भरी और सच्ची घटनाओं पर आधारित है, जिसका प्रीमियर सिर्फ इसी प्लेटफॉर्म पर किया जाएगा।

अरशद वारसी और जितेंद्र कुमार की मुख्य भूमिका वाली फिल्म भागवत की कहानी, इंस्पेक्टर विश्वास भागवत (अरशद वारसी का किरदार) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक महिला के गुमशुदा होने के मामूली से दिखने वाले मामले में उलझ जाता है।

लेकिन मामले की तहकीक. ात जल्द ही घ्रेब, छिपे हुए राज़ और संदिग्ध तस्करी के काले साए वाले भयावह जाल में फंस जाती है। इस उथल-पुथल के बीच, मीरा और प्रोफेसर समीर जितेंद्र कुमार का किरदार के बीच प्यार का बेहद नाजुक रिश्ता विकसित होने लगता है। दोनों के बीच की बढ़ती नजदीकियां इस कहानी में सोच से परे रोमांस और जज़्बातों का रंग घोलती है, जो इस कहानी में लगातार बढ़ रहे तनाव भरे माहौल से एकदम जुदा है।

अक्षय शेरे के निर्देशन में बनी फिल्म, भागवत में दो दमदार कलाकारों के बीच जबरदस्त मुकाबला देखने को मिलेगा, जो यकीनन दर्शकों को अपनी सीट से बांधे रखने वाला है। उत्तर प्रदेश के रॉबर्ट्सगंज के भयावह माहौल पर आधारित, यह फिल्म अनसुलझे रहस्यों, जज्बातों और ड्रामा का शानदार मेल है, जो दर्शकों को स्ट्रीमिंग का यादगार अनुभव प्रदान करने वाला है। फिल्म भागवत की स्ट्रीमिंग जल्द ही जी 5 पर होगी।



**सच्चाई और धोखे के बीच जबरदस्त जंग को दिखाने वाली यह क्राइम थ्रिलर जज्बातों से भरी और सच्ची घटनाओं पर आधारित है, जिसका प्रीमियर सिर्फ इसी प्लेटफॉर्म पर किया जाएगा। अरशद वारसी और जितेंद्र कुमार की मुख्य भूमिका वाली फिल्म भागवत की कहानी, इंस्पेक्टर विश्वास भागवत (अरशद वारसी का किरदार) के इर्द-गिर्द घूमती है।**



# फराह ने दीपिका की कथित शिफ्ट डिमांड का मजाक उड़ाया



**मुंबई।** फराह खान अपने लेटेस्ट व्लाग के लिए कुक दिलीप के साथ एक्टर रोहित सराफ के घर पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने इंडस्ट्री में दीपिका पादुक. ोण की कथित आठ घंटे की शिफ्ट की मांग को लेकर मजाक उड़ाया। व्लाग में जब दिलीप ने पूछा कि दीपिका कब उनके शो में आएंगी, तो फराह ने मजाक में कहा, जिस दिन तू गांव चला जाएगा, उस दिन शो में आएंगी। उन्होंने आगे कहा, दीपिका अब सिर्फ आठ घंटे शूट करती हैं, इसलिए उनके पास शो में आने का समय नहीं है। दिलीप ने तुरंत जवाब दिया, अब से मैं भी शो के लिए दिन में आठ घंटे शूट करूंगा। फराह ने कहा, तुम अभी केवल दो घंटे शूट करते हो, अब से तुम भी आठ घंटे शूट करोगे। रोहित सराफ जल्द फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में दिखाई देंगे। बता दें कि एक्ट्रेस दीपिका संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म स्पिरिट से बाहर हुई थीं। कथित तौर से दीपिका की तरफ से आठ घंटे की शिफ्ट, मोटी फीस, प्राफिट में हिस्सा और तेलुगु में डायलाग न बोलने जैसी डिमांड शामिल थी। दीपिका 2024 के सितम्बर में मां बनी हैं इसलिए वो कथित तौर से हफ्ते में बस 5 दिन आठ घंटे की शिफ्ट चाहती थीं। एक्ट्रेस की इन सारी मांगों से संदीप खुश नहीं थे। जिसके बाद उनको फिल्म से बाहर किया गया था। हाल ही में फराह खान ने उस वायरल वीडियो को लेकर रिएक्ट किया था, जिसमें सोशल मीडिया पर उन्हें और करण जौहर को आयुष शर्मा को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया गया था। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। एक्टर आयुष शर्मा, सलमान खान की बहन अर्पिता के पति हैं। इसमें दिख रहा था कि फराह और करण आयुष के पास से गुजर रहे थे। कुछ यूजर्स का कहना था कि फराह ने आयुष को नजरअंदाज किया। जिस पर फराह खान ने कहा, ष्कृपया बकवास लिखना बंद करें। मैं कभी किसी को नजरअंदाज नहीं कर सकती, खासकर आयुष को नहीं। मैंने उनके और अर्पिता के साथ व्लाग शूट किया है। बस जल्दी में उन्हें नहीं देखा। इसे खराब दिखाने के लिए इसे द्धवीडियोऋ स्लो मोशन में बनाया गया।

## बिग बॉस के घर में मना तान्या का जन्मदिन

**मुंबई।** टीवी शो शबिग बासश के इस हफ्ते के वीकेंड का वार के प्रोमो में सलमान खान तान्या को सरप्राइज देते हुए नजर आ रहे हैं। वह कहते हैं, ओह! ओह! ओह! बॉस का जन्मदिन है। तान्या, बिग बास की टीम ने आपके लिए कुछ भेजा है। अभिषेक बजाज और शाहबाज तान्या के लिए एक तोहफा लेकर आते हैं। अभिषेक कहते हैं कि यह दुबई का बकलवा है। तान्या कहती हैं, मुझे उम्मीद है कि यह दुबई से होगा। सलमान कहते हैं, हां, यह दुबई से है, डांडा से थोड़ा पहले। जिस पर सभी घरवाले हंसने लगते हैं। वहीं, नेहल ने तान्या, जीशान और बशीर पर निशाना साधा। नेहल ने तान्या को लेकर कहा कि तान्या ने एक नहीं, दो नहीं, बल्कि 100 मुखौटे पहन रखे हैं। वहीं, जीशान कादरी के बारे में कहा कि वह अपने ग्रुप के लोगों पर बहुत नेगेटिव कमेंट करते हैं। इसके अलावा, उन्होंने बशीर के बारे में कहा कि उनकी इमोशनल मैच्योरिटी जीरो है। शो में एक्ट्रेस गौहर खान आएंगी।

# महेश भट्ट ने फिल्म तू मेरी पूरी कहानी से अरहान को किया लॉन्च



**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्मकार महेश भट्ट और निर्देशक सुहृता दास ने अरहान पटेल को फिल्म तू मेरी पूरी कहानी से लॉन्च किया है। मध्य प्रदेश के सीहोर की खेतों से लेकर बॉलीवुड की चमचमाती दुनिया तक, अरहान पटेल का सफर सपनों की ताकत का असली सबूत है। किसान पिता के बेटे अरहान ने संघर्ष और धैर्य के वर्षों बाद महेश भट्ट की फिल्म तू मेरी पूरी कहानी से अब बड़े पर्दे पर बतौर लीडिंग मैन डेब्यू किया है। अरहान ने कहा, सुहृता मैम की हमारी अधूरी कहानी एक बेहद काव्यात्मक और आत्मा को छू लेने वाली फिल्म है। उसी फिल्म के बाद उन्होंने मुझमें वह क्षमता और चिगारी देखी, जिसकी वजह से मुझे यह ब्रेक मिला। उन्होंने ही सोचा कि मैं रोहन के किरदार में फिट बैठ सकता हूं। वे एक कमाल की स्टोरीटेलर हैं और मैं खुद को भाग्यशाली मानता हूं कि मुझे अपनी पहली फिल्म में उनके मार्गदर्शन और महेश भट्ट जैसे निर्माता के साथ काम करने का मौका मिला। अरहान के करियर के इस बड़े मौके को गढ़ने में महेश भट्ट और निर्देशक सुहृता दास की अहम भूमिका रही है। भट्ट कैंप का नया टैलेंट खोजने का लंबा इतिहास रहा है। सीहोर के छोटे-से कस्बे से निकलकर बॉलीवुड का हीरो बनने का अरहान पटेल का सफर, देशभर के सपने देखने वालों के लिए एक प्रेरणा है: मेहनत, जज्बे और सही मार्गदर्शन से कोई भी सपना हकीकत में बदला जा सकता है। फिल्म तू मेरी पूरी कहानी 26 सितम्बर को सिनेमाघरों में रिलीज़ हो चुकी है।

# एमी अवाड्र्स नॉमिनेशन पर गर्व है: इम्तियाज



**मुंबई।** हाल ही में फिल्ममेकर इम्तियाज अली की फिल्म अमर सिंह चमकीला को इंटरनेशनल एमी अवार्ड के दो कैटेगरी को लिए नामिनेशन मिला है। दिवंगत पंजाबी संगीतकार अमर सिंह चमकीला के जीवन पर आधारित इस फिल्म को बेस्ट मिनी-सीरीज और फिल्म के लीड हीरो दिलजीत दोसांझ को बेस्ट एक्टर कैटेगरी में नामिनेट किया गया है। इस पर अब इम्तियाज ने अपना रिएक्शन दिया है। न्यूज एजेंसी पीटीआई से बात करते हुए अली ने कहा कि उन्हें गर्व है कि साल 2024 में नेटफ्लिक्स पर आई इस फिल्म को क्रिटिक्स की प्रशंसा मिली और उसने भारत को अंतर्राष्ट्रीय दिग्गजों के साथ खड़ा कर दिया है। इम्तियाज ने कहा- हम अभी डिनर से वापस आए ही थे कि हमें यह खबर मिली। यह एक आशीर्वाद की तरह है, जो चमकीला की कहानी के माध्यम से हमारे पास आई है। मुझे बहुत खुशी है कि इस फिल्म को आवाज मिल रही है और इसे देखा जा रहा है। हमें बहुत गर्व है कि हम भारत को उस मंच पर ला पाए, जहां इतने सारे अंतर्राष्ट्रीय दिग्गज खड़े हैं।

## सोनी टीवी पर वापसी कर रहा इंडियन आइडल


**मुंबई।** भारत का सबसे पॉपुलर सिंगिंग रियलिटी शो इंडियन आइडल एक बार फिर सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न पर नए सीज़न के साथ आ रहा है।

इस बार शो यादों और संगीत की खास धुन अपने दिल को छू लेने वाले थीम यादों की प्लेलिस्ट: जहां आवाज़ें आज वाली और गाने आप वाले के साथ लाया है। आज के टैलेंट को पुराने गानों के साथ मिलाने का वादा करते हुए, यह सीज़न इंडियन म्यूजिक के पुराने गानों का एक संगीतपूर्ण जश्न होने वाला है। इस तरह से यह सीज़न इमोशंस, यादों और शानदार टैलेंट्स का एक जबरदस्त सफर होने वाला है।

# गरबा सीखने के लिए खूब मेहनत करती हैं आशी सिंह



**मुंबई।** सोनी सब के शो उफ्फ यह लव है मुश्किल में काम कर रही आशी सिंह का कहना है कि गरबा उन्हें बहुत आकर्षित करता है और वह इसे सीखने के लिए खूब मेहनत करती हैं। सोनी सब के उफ्फ यह लव है मुश्किल में आशी सिंह, कैरी शर्मा का किरदार निभा रही हैं। कैरी एक जीवंत, संवेदनशील और सहज युवती है, जिसकी यात्रा प्यार की जटिलताओं को दर्शाते हुए रोज़मर्रा की जिंदगी की मास. ूमियत और खूबसूरती को सामने लाती है। आशी अपनी बारीक अदाकारी से कैरी के किरदार को जीवंत बना देती हैं, जिससे दर्शक तुरंत उससे जुड़ जाते हैं। नवरात्रि के माहौल में डूबी हुई पूरी देशभर की रौनक के बीच, आशी सिंह ने इस त्योहार के महत्व और अपने अनोखे जुड़ाव के बारे में बात की। उनके लिए नवरात्रि का उत्सव उनकी जड़ों और रंगीन परंपराओं का खूबसूरत संगम है। आशी सिंह ने कहा, मैं उत्तर भारत से हूं और वहां नवरात्रि का मतलब हमेशा माता का जागरण, पूजा और सारे रीति-रिवाज होते थे। लेकिन मुझे हमेशा गरबा और डांडिया ने आकर्षित किया।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108